CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 20°C

देहरादून, गुरुवार 23 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 255 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 | 4 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

UPES UNIVERSITY OF TOMORROW
India's AI-FIRST University
Transdisciplinary and Experiential Pedagogy
Eminent faculty from IITs, IIMs, and Ivy League
Economists, CEOs, Diplomats, and Thought Leaders in the Classroom
B.SC. (HONS.) ADMISSIONS 2026
B.Sc. (Hons.) Psychology and Behaviour
B.Sc. (Hons.) Economics and Finance
B.Sc. (Hons.) Economics with Data Science
Upto 25% FEE WAIVER for Uttarakhand Domicile Students*
Upto 30% SCHOLARSHIP for Girl Students*
SCAN TO APPLY
LAST DATE TO APPLY - APRIL 29, 2026
*T&C Apply. For more details visit upes.ac.in or call toll free 080 68660685 (10 am to 7 pm)

## दिल्ली में IRS अफसर की बेटी की रेप के बाद हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैलाश हिल्स इलाके में बुधवार सुबह एक सीनियर आईआरएस अफसर के घर में उनकी 22 साल की बेटी की रेप के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब 6 बजे उस समय हुई जब युवती घर में अकेली थी।

आईआरएस अफसर और उनकी पत्नी रोज की तरह जिम गए हुए थे। वापस लौटे तो बेटी का शव कमरे में मिला। वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसके साथ पहले रेप किया गया। फिर मोबाइल फोन के चार्जिंग केबल से गला घोंटकर हत्या की गई। पुलिस के मुताबिक,

**■ घर में शव मिला, माता-पिता जिम गए थे, नौकर पर शक**

मामले में 19 साल का राहुल मीणा मुख्य संदिग्ध है। वह आईआरएस अफसर के घर में करीब आठ महीने तक नौकर था। उसे करीब एक महीने पहले रोजमर्रा के खर्चों में गड़बड़ी के आरोप में नौकरी से हटा दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, मीणा को घर की बनावट और परिवार की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी। उसे यह भी पता था कि युवती के माता-पिता कब वॉक या जिम के लिए घर से निकलते हैं।

# हिंदू एकजुट रहें, संप्रदायों में बंटे नहीं: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए। दो संप्रदायों में बंटना नहीं चाहिए। वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते।

यह सोच सही नहीं है। अगर कोई संप्रदाय अपने मंदिर को दूसरों के लिए नहीं खोलता, तो वह कमजोर हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात ट्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के वकील राकेश द्विवेदी की उस बात पर कही, जिसमें कहा गया था कि जहां एक संप्रदाय को दूसरे संप्रदाय के मंदिर में पूजा करने से रोका जा रहा है, जबकि वे वहां जाते भी नहीं। यदि वे जाना चाहें, तो क्या

**■ जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा: वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते, यह सोच सही नहीं**

इसे सामाजिक सुधार के तहत सही ठहराया जा सकता है। अगर राज्य चाहे कि अन्य संप्रदायों के लोगों को भी अनुमति दी जाए, तो वह सुधार के रूप में कानून बना सकता है। सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और जुड़े हैं। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिस पर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है। सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।



## जांच में ममता का दखल लोकतंत्र को खतरा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इस साल की शुरुआत में कोलकाता में आई-पैक के परिसरों पर ईडी की छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कथित हस्तक्षेप पर कड़ी आपत्ति जताई है।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें ईडी ने सुश्री बनर्जी और राज्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई के समक्ष प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। एजेंसी का आरोप है कि सत्तारूढ़

**■ कोई सीएम ऐसा करेगा, सोचा नहीं था, ईडी जांच के दौरान फाइल लेकर चली गई थीं बंगाल की सीएम**

तृणमूल कांग्रेस के राजनीतिक सलाहकार आई-पैक पर छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री और पुलिस ने बाधा डाली थी। इसके साथ ही, ईडी अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी को भी चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह राज्य और केंद्र के बीच का विवाद नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के स्कूलों में हर घंटे पानी पीने की घंटी, ताजमहल देखने पहुंचे पर्यटक बेहोश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पारा इस हफ्ते 45 डिग्री सेल्सियस पार जा सकता है। इसके चलते दिल्ली के स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे हर 45-60 मिनट में घंटी बजाकर छात्रों को पानी पीने की याद दिलाएं, ताकि उन्हें डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके। इधर, यूपी के 30 जिलों में लू का अलर्ट है। आगरा में ताजमहल देखने पहुंचे 6 पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई। प्रयागराज में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के ऊपर है। राजस्थान के उदयपुर, जयपुर में पर्यटकों की संख्या घट गई है। मध्य प्रदेश के भोपाल समेत 9 जिलों में पहली बार 'वार्म नाइट' की चेतावनी दी है। यहां रात का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहेगा और रात में भी लू चलेगी।

### यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज होगा घोषित

**प्रयागराज।** एशिया का सबसे बड़ा बोर्ड उत्तर प्रदेश (यूपी) बोर्ड का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम गुरुवार को शाम 4 बजे यूपी बोर्ड के प्रयागराज मुख्यालय से जारी किया जाएगा। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक कराई गई थी। यूपी बोर्ड की 2026 की परीक्षा में हाईस्कूल में 27 लाख 61 हजार 696 और इंटरमीडिएट में 25 लाख 76 हजार 82 को मिलाकर 53 लाख 37 हजार 778 परीक्षार्थी परीक्षा दिए थे। यूपी बोर्ड ने नकल विहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से परीक्षा के लिए व्यापक तौर पर इंतजाम किए थे। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 15 कार्य दिवसों में संपन्न कराई गई थी। जबकि यूपी बोर्ड की 2025 की परीक्षा में 54 लाख 38 हजार 597 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

### पीएफआई मामले के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** एनआईए की एक विशेष अदालत ने यहां पीएफआई साजिश मामले के आरोपी इकबाल इब्राहिम खान की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने एनआईए की ओर से रिकॉर्ड पर रखे गए डिजिटल साक्ष्यों का हवाला देते हुए यह फैसला सुनाया। अदालत ने पाया कि यह मानने के उचित आधार हैं कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप प्रथम दृष्ट्या सच हैं और आरोपों की प्रकृति गंभीर है।

# ट्रम्प ने युद्धविराम बढ़ाया ईरान ने धोखा बताया

## अमेरिका ने पाक आर्मी चीफ मुनीर व पीएम शहबाज की अपील पर लिया फैसला

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार देर रात को घोषणा की कि अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध में युद्धविराम की अवधि बढ़ा दी है और प्रस्तावित सैन्य हमले को फिलहाल टाल दिया गया है। ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्धविराम को एकतरफा बढ़ाने की घोषणा पर शक जाहिर करते हुए कहा है कि यह एक 'चाल' है और उसने कभी इसके लिए दरख्वास्त नहीं की थी।

व्हाइट हाउस द्वारा भारतीय समयानुसार देर रात के बाद जारी बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान के नेतृत्व की अपील पर ईरान पर नियोजित सैन्य हमले को स्थगित करने और युद्धविराम को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि ईरान के भीतर गंभीर रूप से विभाजित स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, जिससे ईरान की ओर से एकजुट बातचीत की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। बयान के अनुसार, युद्धविराम बढ़ाने का अनुरोध पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने किया था। अमेरिका ने कहा है कि जब तक



**■ ईरान के भीतर गंभीर रूप से विभाजित स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया**



**■ ट्रम्प का एकतरफा युद्धविराम विस्तार एक 'चाल' : अब्बास अराघची**

ईरानी नेतृत्व बातचीत के लिए एक एकीकृत प्रस्ताव पेश नहीं करता, तब तक कोई आक्रामक कार्रवाई नहीं की जाएगी। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि मैंने अपनी सेना को निर्देश दिया है कि वे नाकेबंदी जारी रखें और पूरी तरह तैयार रहें। इसका मतलब है कि सक्रिय सैन्य कार्रवाई भले ही टाल दी गई हो, लेकिन ईरान पर दबाव बना रहेगा। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि युद्धविराम तब तक प्रभावी रहेगा जब तक ईरान अपना प्रस्ताव पेश नहीं करता और वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती चाहे जो भी परिणाम हो। इससे यह संकेत मिलता है कि कूटनीति विफल होने पर सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू हो सकती है। यह कदम क्षेत्रीय संकट के बीच कूटनीति के लिए एक अस्थायी अवसर के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें पाकिस्तान मध्यस्थ के रूप में एक अहम भूमिका निभाने के तौर पर उभर रहा है। अमेरिका के हालांकि नाकेबंदी जारी रहने से यह भी स्पष्ट है कि -शेष पृष्ठ दो पर

### होर्मुज स्ट्रेट से भारत आ रहे जहाज को ईरान ने रोका

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने होर्मुज स्ट्रेट में भारत आ रहे एक जहाज को रोककर कब्जे में ले लिया है। ईरान ने आरोप लगाया है कि जहाज बिना इजाजत होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश कर रहा था। लाइबेरिया के फ्लैग वाला एपामिनोडेस नाम का यह कंटेनर शिप गुजरात के मुंद्रा पोर्ट की ओर जा रहा था। ईरानी नौसेना के मुताबिक जहाज के नेविगेशन सिस्टम में छेड़छाड़ की गई थी, जिससे समुद्री सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ। कार्रवाई के दौरान आईआरजीसी ने जहाज को इंटरसेप्ट कर अपने कब्जे में लिया और उसे तट की ओर ले गई। इसके अलावा इजराइल से जुड़े फ्रांसेस्का नाम के दूसरे जहाज को भी जब्त किया गया है। इसके अलावा यूफोरिया नाम के जहाज पर हमला भी किया गया है। इससे पहले खबरें आई थीं कि एक जहाज पर ईरान के पास फायरिंग हुई, जबकि दूसरा ओमान के तट के पास हमले में क्षतिग्रस्त हुआ था।

# श्रद्धालुओं के लिए खुले केदारनाथ धाम के कपाट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रुद्रप्रयाग।** श्रद्धा, आस्था और दिव्यता की अद्भुत त्रिवेणी, ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। प्रात: 8 बजे शुभ मुहूर्त में कपाट खुलते ही पूरा धाम हर-हर महादेव और जय श्री केदार के उद्घोष से गूंज उठा। धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई।

इस पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे और उन्होंने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर प्रदेश एवं देश की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। सिख रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच कपाट उद्घाटन का यह दिव्य क्षण और भी अलौकिक बन गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केदारनाथ धाम न केवल सनातन धर्मावलंबियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि यह भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और इस वर्ष भी बाबा केदार के आशीर्वाद से यात्रा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम



**■ सीएम पुष्कर धामी बने साक्षी, पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि व कल्याण की कामना की, पीएम मोदी के नाम से प्रथम पूजा की अर्पित**
**■ मंदिर को 51 कुंतल से अधिक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया**

बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने सभी उत्तराखंडवासियों से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति सेवा और आतिथ्य भाव बनाए रखने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बाबा केदारनाथ का अनन्य भक्त बताते हुए कहा कि वर्ष 2013 की आपदा के बाद उनके मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम का भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण हुआ है, जो आज विश्वभर के श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ से गुप्तकाशी, फाटा और गौरीकुंड होते हुए कल शाम ही धाम पहुंच -शेष पृष्ठ दो पर

# वैश्विक संकट के बावजूद भारत की स्थिति मजबूत

## संयुक्त राष्ट्र ने जताया भरोसा, इस साल 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी आर्थिक वृद्धि दर

नई दिल्ली, वार्ता

**पश्चिम एशिया** संकट से उपजी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था इस साल 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। अगले साल यानी 2027 में वृद्धि की यह रफ्तार और बढ़कर 6.6 फीसदी पहुंच सकती है।

संयुक्त राष्ट्र ने भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद पर भरोसा जताते हुए कहा कि आर्थिक वृद्धि के ये आंकड़े एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में देश की निरंतर मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया-प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 फीसदी की



**■ मिडिल ईस्ट संघर्ष के बीच भारत ने सभी को चौंकाया**

दर से बढ़ीं। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 2024 में इन अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर 5.2 फीसदी रही थी। इकनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक-2026 शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में भारतीय जीडीपी 7.4 फीसदी की मजबूत रफ्तार से बढ़ी। इसे मजबूत खपत (विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग), जीएसटी दरों में कटौती और अमेरिकी टैरिफ लागू होने से पहले निर्यात में तेजी से समर्थन मिला। हालांकि, भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं, क्योंकि अगस्त, 2025 में 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 फीसदी गिरावट आई। सेवा क्षेत्र वृद्धि का प्रमुख चालक बना रहा। महंगाई के मोर्चे पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा, भारत में मुद्रास्फीती इस साल 4.4 फीसदी और 2027 में 4.3 फीसदी रहेगी। व्यापार तनाव और अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) घटा है। 2024 में 0.6 फीसदी वृद्धि के बाद 2025 में क्षेत्र में एफडीआई दो फीसदी घट गया, जबकि वैश्विक स्तर पर 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सबसे अधिक आकर्षित किए...वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं। इन देशों में क्रमश: 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर की निवेश घोषणाएं हुईं। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के श्रमिकों की ओर से भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है।

## मोदी को आतंकी कहने पर चुनाव आयोग का खड़गे को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकी कहे जाने वाले बयान पर कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग ने इस टिप्पणी को गंभीरता से लेते हुए हुए कांग्रेस अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

इससे पहले अमित शाह, नितिन नवीन समेत शीर्ष भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पर जोरदार निशाना साधा और उनके बयान की आलोचना की है। मामले में चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पीएम मोदी को आतंकी कहे जाने का गंभीर रूप से संज्ञान लिया है

**■ आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी पर कड़ा संज्ञान लिया**

और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इससे पहले मंगलवार को भाजपा ने चुनाव आयोग से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। भाजपा ने आयोग को सौंपे ज्ञापन में खड़गे के बयान को गंभीर रूप से अपमानजनक बताते हुए इसे आदर्श आचार संहिता का प्रथम दृष्ट्या उल्लंघन बताया था। पार्टी ने आयोग से खड़गे से सार्वजनिक माफी मंगवाने और उनके खिलाफ उचित दंडात्मक व नियामक कार्रवाई शुरू करने की मांग की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपीः 69000 शिक्षक भर्ती मामले में फिर प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में बुधवार को लखनऊ में अभ्यर्थियों ने फिर से प्रदर्शन किया है। इस बीच सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी विधानसभा का घेराव करने के लिए पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी गले में झाड़ू और मटकी लटका कर पहुंचे हैं। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का आरोप है कि सरकार दलित और पिछड़ों को आगे नहीं बढ़ाना चाहती। सुप्रीम कोर्ट में लंबित केस में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की तरफ से वकील नहीं खड़ा हो रहा है, जिसकी वजह से मामले की पैरवी नहीं हो रही है। यूपी पुलिस द्वारा विधानसभा का घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया गया है। जिसके बाद उन्हें इको गार्डन भेजा गया है।

### आरक्षण की मांग पर मोदी को भेजेंगे 10 लाख पोस्ट कार्ड

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यदि उसमें इस मामले में जरा भी ईमानदारी है, तो उसे तत्काल संसद की मौजूदा सीटों से ही 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देना चाहिए। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अत्यंत संवेदनशील है और अगले दो महीने में 10 लाख पोस्टकार्ड पीएम को भेजेंगी। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेंद्र पाल गौतम तथा अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष डा. अनिल जयहिंद ने कहा कि भाजपा की मानसिकता कभी महिलाओं को आरक्षण देने की नहीं रही है। यदि महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है तो उसे 543 लोस सीटों के आधार पर महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू करनी चाहिए।

# भीषण गर्मी की चपेट में यूपी, राहत के आसार नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ समेत कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और मेरठ मंडलों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है और विभिन्न जिलों में तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग द्वारा बुधवार को जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने तथा तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है, जबकि कई जिलों में लू की स्थिति बनी रहेगी।

राजधानी लखनऊ समेत कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और मेरठ मंडलों के जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। बुंदेलखंड और पूर्वांचल के जिलों बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ और बलिया में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 22 से 25 अप्रैल के बीच पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा, जबकि दिन के समय तेज गर्म हवाएं (30-40 किमी/घंटा) चल सकती हैं। पूर्वानुमान में कहा गया है कि हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, गाजीपुर, गोरखपुर मंडल के कुछ हिस्सों सहित मध्य और पूर्वी यूपी के बड़े हिस्से लू की चपेट में रहेंगे। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, अलीगढ़ और मथुरा में भी तापमान में तेजी से वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 26 अप्रैल के आसपास कुछ स्थानों पर आंशिक बदलाव के संकेत हैं, जहां कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ सकती हैं, लेकिन उससे पहले गर्मी से राहत की संभावना कम है। उष्ण लहर के प्रभाव को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ लेने तथा बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। कुल मिलाकर, प्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले चार से पांच दिनों तक तापमान ऊंचा बना रहने और लू के प्रकोप के चलते जनजीवन पर असर जारी रहने की संभावना है।

# संगठन को मजबूत कर बढ़ाएं जनाधार

## बसपा प्रमुख मायावती ने दिए पदाधिकारियों को निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने, जनाधार बढ़ाने और आगामी चुनावों की तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि वह वर्तमान में पार्टी कार्यों के सिलसिले में दिल्ली में हैं और कार्य पूर्ण होते ही शीघ्र ही लौटेंगी। मायावती ने 31 मार्च 2026 को लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें संगठन विस्तार, कैडर मजबूती, आर्थिक संसाधनों को सुदृढ़ करने और विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर जो दिशा-निर्देश दिए गए थे, उन पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अमल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेशभर में आयोजित बैठकों के दौरान बसपा सरकार में कराए गए विकास कार्यों और जनहित योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बने कई एक्सप्रेस-वे और नोएडा में विकसित हो रहा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा जैसी परियोजनाओं की परिकल्पना बसपा शासनकाल में ही की गई थी।

बसपा प्रमुख ने कानून द्वारा कानून का राज तथा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति को प्रदेश के समुचित विकास और बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए आवश्यक बताया और कार्यकर्ताओं से इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने 22 फरवरी 2026 को लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया बैठक का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें पार्टी और मूवमेंट के हित में दिए गए दिशा-निर्देशों को भी समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। मायावती ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर पार्टी का रुख दोहराते हुए कहा कि 15 अप्रैल 2026 को मीडिया में जो आधिकारिक स्टैंड रखा गया था, उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि इस विषय पर भ्रम की स्थिति न बनने दें और सही जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण के समर्थन में पार्टी अनुशासन के तहत किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन या विरोध कार्यक्रम आयोजित न किए जाएं।

# पाक को मिल रही वैश्विक स्वीकार्यता चिंताजनक

नई दिल्ली, वार्ता

**■ कांग्रेस ने पहलगाम में मारे गए निर्दोष नागरिकों को किया याद**

कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में जान गवांने वाले निर्दोष नागरिकों को याद करते हुए नमन किया है और कहा है कि इस हमले के गुनाहगार आतंकवादियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान को आज वैश्विक स्वीकार्यता मिलना चिंताजनक है और यह स्पष्ट रूप से हमारी सरकार की कूटनीतिक विफलता है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ष्आज 22 अप्रैल का दिन हर भारतीय के लिए गहरे दुख और पीड़ा का दिन रहेगा। ठीक एक वर्ष पहले, पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमला हुआ था। हमारी संवेदनाएं उन शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। हम उस युवा घोड़ा-चालक की बहादुरी को भी याद करते हैं, जिसने एक पर्यटक को बचाने की कोशिश करते हुए अपनी जान गंवा दी। जन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने स्वीकार किया था कि यह एक खुफिया विफलता थी, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस स्वीकारोक्ति पर क्या कार्रवाई की गई, हालांकि कुछ महीनों बाद हमलावरों को न्याय के कटघरे में लाया गया। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि नवम्बर 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ गया था। उसकी अर्थव्यवस्था आज भी कमजोर स्थिति में है और बाहरी मदद पर निर्भर है।

## सीएम योगी की पश्चिम बंगाल में हुई जनसभा में दहाड़

# बंगाल की अस्मिता से कोई नहीं करेगा खिलवाड़

लखनऊ/कोलकाता, वार्ता



**■ वोट का सही प्रयोग करें बंगाल के निवासी, बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है**
**राज्य की आर्थिक स्थिति पर भी मुख्यमंत्री ने उठाए सवाल**

पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोलकाता के जोरासांको में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने दावा किया कि 4 मई को चुनाव परिणाम आने पर राज्य में भाजपा का भगवा ध्वज लहराएगा। सभा में बड़ी संख्या में समर्थक योगी जी बुलडोजर लाओ, हम तुम्हारे साथ हैं, लिखे पोस्टर लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान में भाजपा करीब 80 प्रतिशत सीटें जीतने जा रही है और राज्य में परिवर्तन की लहर साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कोई माई का लाल बंगाल की अस्मिता से खिलवाड़ नहीं कर सकता और जनता को अपने वोट का सही इस्तेमाल करने की अपील की। योगी ने आरोप लगाया कि टीएमसी के लोग बंगाली अस्मिता से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है। साथ ही इशारों में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन्हें 'बुआ-भतीजा' बताते हुए कहा कि वे राज्य के अस्तित्व को कमजोर कर रहे हैं। जोरासांको स्थित रवींद्र नाथ टैगोर की ठाकुरबाड़ी का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र बंगाल की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां जहां गुरुदेव और भारत माता की तस्वीरें होनी चाहिए थीं, वहां टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जबरन ममता बनर्जी की तस्वीर लगा दी, जो बंगाल की अस्मिता का अपमान है। श्री योगी ने राज्य की आर्थिक स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कभी रोजगार के लिए देशभर के लोग बंगाल आते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं।

### राहुल के साथ रहकर खड़गे की भाषा बिगड़ी



**दम दम उत्तर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दम दम उत्तर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और टीएमसी पर बड़ा हमला बोला है। अमित शाह ने कहा कि खड़गे पहले इस तरह के बयान नहीं देते थे, लेकिन राहुल बाबा के साथ रहकर उनकी भाषा भी बिगड़ने लगी है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल के साथ रहने का ही असर है जो कांग्रेस अध्यक्ष पीएम नरेंद्र मोदी जी को आतंकवादी कह रहे हैं। कांग्रेस और राहुल बाबा, मोदी जी को जितना गाली देकर कीचड़ उछालने की कोशिश करेंगे, उतना ही कमल शान से खिलेगा। शाह ने दावा किया कि इस बार चुनाव के बाद ममता दीदी की विदाई हो जाएगी। यह चुनाव बंगाल में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आने वाला है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78516.49
निफ्टी 24378.10



सोना 152250
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 249677
प्रति किलो



# बिकवाली से टूटे प्रमुख सूचकांक

## सेंसेक्स और निफ्टी दोनों गिरे, हिन्दुस्तान यूनीलिवर में तेजी रही

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को आईटी कंपनियों में बड़ी बिकवाली देखी गई जिससे प्रमुख सूचकांक करीब एक फीसदी टूट गए और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में तकरीबन 11 प्रतिशत की गिरावट रही।

कमजोर वित्तीय परिणाम के कारण एचसीएल टेक्नोलॉजीज को करीब 11 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। कंपनी को गत 31 मार्च को समाप्त तिमाही में 900 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। इसकी मुख्य वजह विदेश में एक पुराने कर मामले में 5,733 करोड़ रुपए का भुगतान रहा। इसी मामले में वह 703 करोड़ रुपए का भुगतान पहली तीन तिमाहियों में कर चुकी है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के साथ दूसरी आईटी कंपनियों और बैंकों में बिकवाली से बीएसई का संसेक्स 756.84 अंक (0.95 प्रतिशत) गिरकर 78,516.49 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 198.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत टूटकर 24,378.10 अंक पर आ गया। दिग्गज कंपनियों के विपरीत वृहत बाजार में लिवाली का जोर रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा में तीन प्रतिशत की गिरावट रही।

आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, भारती एयरटेल, आईटीसी, इंडिगो और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत तक गिर गए। बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक, बीईएल, मारुति सुजुकी, टाइटन, बजाज फाइनेंस और अडानी पोर्ट्स के शेयर भी लाल निशान में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर में पौने तीन फीसदी की तेजी रही। एनटीपीसी का शेयर भी सवा दो प्रतिशत से अधिक चढ़ा। इटरनल और अल्ट्राटेक सीमेंट में एक से डेढ़ प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और टाटा स्टील के शेयर भी ऊपर बंद हुए।

### सोना 105 गिरकर 1.52 लाख पर, चांदी 836 सस्ती

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 105 रुपए गिरकर 1,52,250 रुपए पर आ गया है। इससे पहले 21 अप्रैल को इसकी कीमत 1,52,355 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 836 रुपए गिरकर 2,49,677 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2,50,513 रुपए प्रति किलो थी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 19 हजार रुपए और चांदी 20 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.50 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। सरकार ने सोने-चांदी और प्लेटिनम के गहनों को 'फ्री' कैटेगरी से हटाकर 'रिस्ट्रिक्टेड' कैटेगरी में डाल दिया है। इसका सीधा असर बाजार की सप्लाई पर दिख रहा है।

# चावल, चीनी व खाद्य तेलों में रही तेजी, गेहूं नरम, दालों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुद्घावार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीन और खाद्य तेलों में भी तेजी देखी गई। गेहूं में नरमी का रुख रहा जबकि दालों के दामों में घट.बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 10 रुपये बढ़कर 3,843 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं नौ रुपये सस्ता हुआ और 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही। दाल.दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 22 रुपये और उड़द दाल की 17 रुपये बढ़ गई। चना दाल 13 रुपये और मसूर दाल छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 70 रुपये और वनस्पति की 58 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में 55 रुपये और पाम ऑयल में 52 रुपये की तेजी रही। सूरजमुखी तेल का भाव 29 रुपये और सरसों तेल का 19 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ा। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 23 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया।

चीनी भी पांच रुपये महंगी हुई। दाल-दलहनः दाल चना 7687.13 रुपये, मसूर काली 8086.17 रुपये, मूंग दाल 10182.40 रुपये, उड़द दाल 10810.95 रुपये, तुअर दाल 11247.35 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं दड़ा 2773.83 रुपये और चावल 3842.85 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3263.25 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4307.40 रुपये और गुड़ 5015.15 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17884.42 रुपये, मूंगफली तेल 18852.14 रुपये, सूरजमुखी तेल 17485.66 रुपये, सोया तेल 14902.14 रुपये, पाम ऑयल 13451.76 रुपये और वनस्पति 14920.50 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प ने...**

तनाव अभी कम नहीं हुआ है और बातचीत विफल होने पर स्थिति फिर से बिगड़ सकती है। इससे पहले ईरान ने संयुक्त राष्ट्र से अपील करते हुए अमेरिका द्वारा ईरानी जहाज टौस्का को जब्त करने की निंदा की थी और इसे समुद्री डकैती करार दिया था। अमेरिका-ईरान दोनों देशों के बीच युद्धविराम रुकने तक लगभग 4,000 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें अधिकतर मौतें मिसा. इल हमलों और ड्रोन हमलों के कारण हुई हैं। उधर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान ने 'धमकियों के साए' में युद्धविराम विस्तार या नई बातचीत की कोई गुजारिश नहीं की है। श्री अराघची ने ईरानी बंदरगाहों की जारी अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी की निंदा करते हुए इसे 'युद्ध की कार्रवाई' और मौजूदा युद्धविराम सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया।

उन्होंने कहा कि ईरान जानता है कि दबंगई का मुकाबला कैसे करना है। ईरानी संसद के अध्यक्ष गालिबाफ के वरिष्ठ सलाहकार महदी मोहम्मदी ने युद्धविराम विस्तार को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के नजरिए से इसका 'कोई मतलब नहीं' है और इसकी 'कोई वास्तविक अहमियत' नहीं है। उन्होंने इस कदम को 'अचानक हमले' के लिए वक्त हासिल करने की रणनीति बताया और दलील दी कि जो पक्ष इस तरह के दबाव का सामना कर रहा हो, वह शर्तें तय नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरावानी ने इस बात पर जोर दिया कि इस्लामाबाद में किसी भी औपचारिक शांति वार्ता में शामिल होने के लिए नौसैनिक नाकेबंदी को खत्म करना ईरान की अनिवार्य शर्त है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से जुड़ी ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर (एमएनए) ने कहा कि ईरान ने युद्धविराम बढ़ाने की मांग नहीं की है। एजेंसी ने ताकत के दम पर अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने की धमकियों को फिर दोहराया। युद्धविराम विस्तार की यह घोषणा युद्ध में हुए कई बड़े घटनाक्रमों के बाद हुई है। हमलों पर रोक के बावजूद ट्रम्प ने अमेरिकी सेना को नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखने का निर्देश दिया है, जो ईरान के लिए विवाद का मुख्य मुद्दा बना हुआ है।

**श्रद्धालुओं के...**

चुकी थी। इसी क्रम में कपाट खुलने की प्रक्रिया आज प्रातः 5 बजे से प्रारंभ हुई। इसके बाद प्रातः 8 बजे रावल भीमाशंकर लिंग, पुजारी टी गंगाधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती सहित धर्माचार्यों एवं वेदपाठियों ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर विधिवत पूजा-अर्चना की। देव आह्वन एवं लोककल्याण के संकल्प के साथ ठीक 8 बजे कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट उद्घाटन के अवसर पर श्री केदारनाथ मंदिर को 51 कुंतल से अधिक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कपाट खुलने के अवसर पर श्रीमती गीता धामी, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमित मैखंडी, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग/मुख्य कार्याधिकारी बीकेटीसी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर, सहित बड़ी संख्या में तीर्थ पुरोहितगण, हकहकूकधारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पहलगाम में मृत लोगों को भुलाया नहीं जा सकता

नई दिल्ली, वार्ता



**■ मोदी, शाह व उमर ने हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को किया याद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी पर उसमें प्राण गंवाने वाले लोगों को याद किया है और आतंकवाद के खिलाफ सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया है। श्री मोदी ने अपने संवेदना संदेश में मंगलवार को कहा,ष पिछले साल इसी दिन पहलगाम में हुए भयावह आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मोदी ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में, हम शोक की घड़ी में एकजुट हैं और दृढ़ संकल्प हैं। भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी पर इस हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अपने लोगों को खोने का दुख और पीड़ा आज भी हर भारतीय के दिल में है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज के दिन हम पिछले वर्ष पहलगाम के भयावह आतंकवादी हमले में खो चुके मासूम लोगों को श्रद्धापूर्वक याद करते हैं। अपने लोगों को खोने का दुख और पीड़ा आज भी हर भारतीय के दिल में है। गृहमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमें एकजुट होकर लड़ना और उसे परास्त करना होगा। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पुलवामा आतंकवादी हमले बरसी पर कहा कि हम आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ एकजुट हैं। जम्मू-कश्मीर को पीड़ा और निर्दोषों की मौत से मुक्त कराने की हमारी इच्छा दृढ़ है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करने को प्रतिबद्ध हैं कि ऐसा दोबारा कभी न हो। हम उन परिवारों के साथ भी अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं जिन्होंने एक साल पहले कायरतापूर्ण हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया।

### खड़गे-राहुल ने पहलगाम हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले वर्ष आज ही के दिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश ऐसी घटनाओं के खिलाफ ज्यादा ताकत के साथ खड़ा रहेगा। खड़गे ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि 2025 में आज ही के दिन पहलगाम आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले 26 नागरिकों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। राहुल गांधी ने कहा कि पहलगाम में पिछले वर्ष हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद हुए सभी वीरों को मैं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश उनका बलिदान और उनके परिवारों की पीड़ा को न कभी भूलेगा, और न ही इस कायराना कृत्य के दोषियों को कभी माफ करेगा। बेरहमी से छीने गए मासूम जिदगियों की याद आज भी हमारे दिलों को झकझोरती है। शहीदों के परिवारों का दुख हम सब का दुख्ख है। देश के उन बेटों की शहादत भारत की आत्मा में सदा अमिट रहेगी।

# जयश्री केदार के जयघोष से गूंजा वातावरण

■ हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा हिमालय
■ भव्यता और आस्था का अलौकिक संगम






शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** हिमालय की गोद में बसे विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार प्रातः 8 बजे शुभ मुहूर्त में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही संपूर्ण धाम "हर-हर महादेव" और "जय श्री केदार" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा, जिससे वातावरण भक्तिमय और ऊर्जा से भर गया।

कपाट उद्घाटन के पावन अवसर पर सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने बाबा केदार के दर्शन कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान सिख रेजीमेंट के बैंड की मधुर एवं भक्तिमय धुनों ने पूरे आयोजन को दिव्यता से भर दिया। इस अवसर पर गीता धामी, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, विधायक आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर सहित अनेक अधिकारी, तीर्थ पुरोहित एवं हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### उखीमठ से पहुंची पंचमुखी डोली, सुबह 5 बजे से शुरू हुई प्रक्रिया

बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ से गुप्तकाशी, फाटा और गौरीकुंड होते हुए मंगलवार शाम धाम पहुंची। कपाट खोलने की प्रक्रिया प्रातः 5 बजे से शुरू हुई, जिसके बाद रावल भीमाशंकर लिंग, पुजारी टी. गंगाधर सहित धर्माचार्यों ने गर्भगृह में विधिवत पूजा-अर्चना की।

### पहली पूजा पीएम के नाम, श्रद्धालुओं में उत्साह

परंपरा के अनुसार, धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से संपन्न हुई। कपाट खुलते ही हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सीएम ने की अपील: श्रद्धालुओं के स्वागत में दिखे उत्तराखंड की संस्कृति


सीएम धामी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति सेवा, सहयोग व आतिथ्य का भाव बनाए रखें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### 51 क्विंटल फूलों से सजा धाम, हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा

कपाट उद्घाटन के अवसर पर केदारनाथ मंदिर को 51 क्विंटल से अधिक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। जैसे ही कपाट खुले, हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और पूरे परिसर को दिव्य आभा से भर दिया।

**2013 आपदा के बाद पुनर्निर्माण का दिखा भव्य स्वरूप:** रुद्रप्रयाग। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वर्ष 2013 की आपदा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम का जो भव्य और दिव्य पुनर्निर्माण हुआ है, वह आज पूरी दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस वर्ष की चारधाम यात्रा नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

# प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना 140 करोड़ देशवासियों का अपमान: भट्ट



■ पीएम का अपमान कांग्रेस की नफरती राजनीति की पराकाष्ठा: भाजपा ■ कहा, विपक्ष जितना कीचड़ उछालेगा कमल उतना ही खिलेगा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध इस्तेमाल आतंकवादी जैसी अत्यंत आपत्तिजनक और अमर्यादित शब्दावली की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने आरोप लगाया कि पीएम के इस तरह अपमान पर देश कांग्रेस पार्टी को कभी माफ नहीं करने वाला है। विपक्ष जितना कीचड़ उछालेगा कमल उतना ही खिलेगा।

मीडिया में जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लो. कतंत्र की मर्यादा को तार तार कर दिया है। उनके नेता हार की हताशा में इस कदर डूब गए हैं कि राजनी. तिक विरोध से बहुत आगे निजी हमलों पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी देश के प्रधानमंत्री, जिन्हें 140 करोड़ भारतीयों का अटूट विश्वास प्राप्त है और एक बार नही लगातार तीसरी बार उन्हें जनादेश प्राप्त हुआ है। उन्हें आतंकवादी कहना न केवल उनका अपमान है, बल्कि भारत की जनता और लोकतांत्रिक व्यवस्था का भी घोर अपमान है।

उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार नहीं बल्कि पीएम को गाली देने का कांग्रेस नेताओं का इतिहास है। उन्होंने याद दिलाया कि श्मौत का सौदागरश से लेकर श्नीचश और अब श्आतंकवादीश तक, कांग्रेस ने हमेशा भाषाई मर्यादा को लांघा है। अफसोस है कि ऐसा करने वालों में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, खड़गे, दिग्विजय सिंह, अधीर रंजन जैसे बड़े बड़े नेता शामिल रहे हैं और इमरान मसूद जैसे छोटे नेता भी गाली देने के बाद पार्टी में बड़े बनाए गए। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज किया कि जो लोग श्मोहब्बत की दुकानश खोलने का दावा करते हैं, वे वास्तव में देश में नफरत और विभाजन का जहर घोल रहे हैं। खड़गे का बयान इसी नफरत की मानसिकता का परिचायक है।

उन्होंने कहा किआगामी चुनावों में अपनी निश्चित हार को देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व अपना मान. सिक संतुलन खो बैठा है। वे विकास के मुद्दों पर लड़ने के बजाय गाली-गलौज पर उतर आए हैं। इसी बौखलाहट का नतीजा है प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध इस प्रकार की गई यह ओछी टिप्पणी।

यहां स्पष्ट है कि कांग्रेस के पास न तो कोई नीति है और न ही कोई विजन। लिहाजा जनता अपने प्रिय नेता और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के इस अपमान का बदला चुनावों के माध्यम से देगी। साथ ही उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी से इस अभद्र टिप्पणी के लिए राष्ट्र से माफी की मांग की है।

# नैनीताल में सिल्क पार्क स्थापित के लिए जल्द करें स्थल का चयन: जोशी



■ रेशम विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को अपने कैम्प कार्यालय में रेशम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

बैठक में बताया गया कि आधुनिक चाकी केन्द्रों की स्थापना के लिए 2.0 करोड़ रुपये का बजट प्राप्त हुआ है। इसके तहत जनपद देहरादून के विकासनगर में आधुनिक चाकी केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है, जिससे रेशम उत्पादन से जुड़े कृषकों को उच्च गुणवत्ता वाले चाकीकृत कीट उपलब्ध हो सकेंगे।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने ऐसे आधुनिक केन्द्रों को अन्य जनपदों में भी स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। विभागीय अधिकारियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि आगामी सिल्क समग्र-3 योजना के अंतर्गत प्रदेश के मैदानी जनपदों में लगभग 100 बड़े किसानों का चयन कर वृहद स्तर पर रेशम उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गढ़वाल मंडल के देहरादून में स्थापित सिल्क पार्क की तर्ज पर कुमाऊँ मंडल के नैनीताल में भी सिल्क पार्क स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नैनीताल जनपद में उपयुक्त स्थल का चयन कर प्रस्ताव तैयार करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में निदेशक प्रदीप कुमार, सहायक निदेशक (रेशम) विनोद तिवारी भी उपस्थित रहे।

# तीर्थयात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री



■ सीएम धामी ने की ग्राउंड जीरो पर उतरकर बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान की गहन समीक्षा
■ विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा पर सख्त निर्देश, अधिकारियों को दी स्पष्ट जिम्मेदारी
■ पूर्ण हो चुके प्रोजेक्ट्स के शीघ्र हस्तांतरण के निर्देश, व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने पर जोर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बद्रीनाथ धाम पहुंचकर ग्राउंड जीरो पर उतरते हुए मास्टर प्लान के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों का व्यापक एवं गहन स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, समयबद्धता तथा व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थलों का भ्रमण करते हुए मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्यों की वर्तमान स्थिति पर संतोष व्यक्त करने के साथ-साथ उन्हें और अधिक प्रभावी एवं तीव्र गति से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि बद्रीनाथ धाम से जुड़े सभी विकास कार्य जिलाधिकारी की प्रत्यक्ष निगरानी में तय समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि आस्था, श्रद्धा और उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा कार्यों की प्रगति की समीक्षा समय-समय पर की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की देरी या बाधा को तुरंत दूर किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बीआरओ बाईपास रोड, लूप रोड, लेक, आईएसबीटी, सिविक एमिनिटी भवन, टीआईसीसी एवं अराइवल प्लाजा जैसे पूर्ण हो चुके महत्वपूर्ण कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने इन परियोजनाओं के शीघ्र हस्तांतरण हेतु अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन सुविधाओं का लाभ तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि हस्तांतरण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए, ताकि किसी प्रकार की प्रशासनिक देरी न हो। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से इन सभी परियोजनाओं के संच. ालन एवं रखरखाव की ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा, जिससे दीर्घकालिक रूप से इन परिसंपत्तियों की गुणवत्ता और उपयोगिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ धाम में किए जा रहे विकास कार्यों का उद्देश्य केवल आधारभूत ढांचे का निर्माण नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं को एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीर्थ अनुभव प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से यह भी जोर दिया कि सभी कार्यों में पर्यावरणीय संत. ुलन और स्थानीय पारिस्थितिकी का संरक्षण प्राथमिकता में रखा जाए।

# स्वास्थ्य विभाग की मुस्तैदी से चारधाम यात्रा बनी सुरक्षित व सुगम

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा अब विधिवत रूप से शुरू हो चुकी है। गंगोत्री मंदिर और यमुनोत्री मंदिर के कपाट खुलने के बाद आज केदारनाथ मंदिर के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में आस्था, उत्साह और श्रद्धा का विशाल प्रवाह देखने को मिल रहा है।

पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों, स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल के मार्गदर्शन और स्वास्थ्य सचिव सचिन कुर्वे के नेतृत्व में राज्य सरकार ने यात्रा को सुरक्षित,व्यवस्थित और स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। इस बार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को "प्रो-एक्टिव" रणनीति के तहत कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले ही यात्रा मार्गों पर तैनात की जा चुकी हैं। इन टीमों द्वारा स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन सेवाएं और जागरूकता अभियान लगातार संचालित किए जा रहे हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, क्विक रिस्पांस टीमें और अस्थायी स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

सरकार का फोकस केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि श्रद्धालुओं को पहले से जागरूक कर स्वास्थ्य जोखिमों को कम करना भी है।

### सुरक्षित और सुगम यात्रा सरकार की प्राथमिकता: सुबोध

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा है कि चारधाम यात्रा प्रदेश की आस्था और पहचान का केंद्र है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सुविधाओं को हर स्तर पर मजबूत रखा जाए और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जा रहा जागरूक

स्वास्थ्य सचिव सचिन कुर्वे ने कहा कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है। यात्रा मार्गों पर पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं, विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और क्विक रिस्पांस टीमें सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर श्रद्धालुओं को यात्रा से पहले ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। विभाग का लक्ष्य है कि हर श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में अपनी यात्रा पूरी करे और किसी भी आपात स्थिति में उसे त्वरित उपचार उपलब्ध हो सके।

**जागरूक श्रद्धालु, सुरक्षित यात्रा:** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में श्रद्धालुओं को यात्रा से पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण कराने, आवश्यक दवाइयां साथ रखने, पर्याप्त विश्राम करने और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में धीरे-धीरे अनुकूलन अपनाने की सलाह दी गई है।बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार व्यक्तियों के लिए विशेष सावधानियां भी सुझाई गई हैं, जिससे किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य जोखिम को कम किया जा सके।

### प्रधानमंत्री ने फिर व्यक्त की बाबा केदार में अटूट श्रद्धा

**देहरादून।** केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर बाबा केदार में अपनी गहन आस्था प्रकट की है। प्रधानमंत्री ने बुधवार देर शाम सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बाबा केदार की धरती पर पूर्व में बिताए पलों की भावुक तस्वीरों को जारी किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पूर्व के केदारनाथ प्रवास की स्मृतियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर तस्वीरों के माध्यम से साझा की हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा इन तस्वीरों को साझा करना उस आध्यात्मिक संबंध की अभिव्यक्ति है, जो भगवान शिव के इस ज्योतिर्लिंग और इस तपोभूमि से जुड़ा हुआ है।

# यात्री क्लाइमेटाइजेशन का रखें ध्यान: महाराज



■ केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर दी शुभकामनाएं

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने गंगोत्री, यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के बाद बुद्धवार को वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि को श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि

चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु क्लाइमेटाईजेशन का ध्यान अवश्य रखें। क्यों जल्दबाजी में यात्रा करना स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव डाल सकता है।

उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम बारह ज्योतिर्लिंग और पंच केदार में सबसे प्रमुख है। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद पांडव गोत्र हत्या के पाप से मुक्ति के लिए शिव को खोज रहे थे।

शिव बैल बनकर गुप्तकाशी में छुप गए। भीम ने पहचान लिया तो शिव जमीन में धंसने लगे। भीम ने पीठ पकड़ लीख्रवही हिस्सा केदारनाथ में प्रकट हुआ। जबकि तुंगनाथ में उनकी बाहें, रुद्रनाथ में मुख, मध्यमहेश्वर में नाभि, कल्पेश्वर में जटा निकली। इसीलिए भगवान केदारनाथ जी के कपाट खुलने के साथ ही पंच केदार यात्रा का भी शुभारंभ हो जाता है। महाराज ने कहा कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरह से रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की है।

ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए कुल 70 काउंटर बनाने गये हैं। इनमें 30 काउंटर ऋषिकेश में, 20 काउंटर हरिद्वार और 20 काउंटर विकासनगर में स्थापित किए गये हैं।

ये सभी काउंटर दिन-रात यानी पूरे 24 घंटे काम कर रहे हैं, ताकि किसी भी यात्री को परेशानी न हो। रजिस्ट्रेशन स्थलों पर श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए सरकार ने पर्याप्त इंतजाम किए हैं।

# संयुक्त निदेशक केएस चौहान ने सीएम को भेंट की अपनी पुस्तक



■ पहलगाम ... जब समय थम सा गया, पुस्तक चौहान के निजी अनुभव पर आधारित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** पहलगाम में पर्यटकों पर बर्बर हमले की पहली बरसी पर बुधवार को श्पहलगाम ... जब समय थम गयाश पुस्तक जनता के बीच आ गई । पुस्तक के लेखक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में संयुक्त निदेशक के एस चौहान हैं। जो घटना के दिन सपरिवार पहलगाम में मौजूद थे, चौहान ने अपने अनुभवों को पुस्तक की शक्ल दी है।

चौहान ने बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर पुस्तक की प्रति उन्हें भेंट की। उन्होंने बताया कि पुस्तक में पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को घटना वाले दिन के माहौल और तमाम सारी बातों को शामिल किया गया। इसके अंत में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पहलगाम में एक वर्ष पूर्व घटित आतंकी हमले ने देश को झकझोर दिया था। उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर जिस तरह दुनिया को अपना दम दिखाया, वो ऐतिहासिक है।

# पीएम मोदी ने चारधाम यात्रा के लिए भेजी शुभकामनाएं



■ डिजिटल उपवास पर रहते हुए उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लें तीर्थयात्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चारधाम यात्रा शुरु होने पर देशवासियों को शुभकामना संदेश देते हुए, उत्तराखंड आने वाले तीर्थयात्रियों से पांच संकल्पों का पालन करने का आग्रह किया है।

केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर प्रेषित अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि - देवभूमि उत्तराखंड की पावन धरती पर चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि बाबा केदार के दर्शन सहित चारों धामों की यह पावन यात्रा भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना का एक भव्य उत्सव है। जगद्गुरु आदि शंक. राचार्य ने बद्रीनाथ और केदारनाथ की यात्राओं से भारतीय संस्कृति को एक नई दिशा दी थी। जगद्गुरु रामानुजाचार्य और जगद्गुरु माध्वाचार्य ने भी अपने धर्मविचारों को समृद्ध करने के लिए बद्रीनाथ की यात्रा की थी।

आज भी हिमालय की गोद में विराजमान ये चारों धाम हमारी शाश्वत आस्था और विश्वास के दिव्य केंद्र हैं। हर वर्ष विविध भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों के लोग यहां पहुंचते हुए श्एक भारत, श्रेष्ठ भारतश के भाव को और अधिक सशक्त करते हैं। इस वर्ष की यात्रा भी इसी परंपरा का विस्तार है।

**विकसित भारत में विकसित उत्तराखंड की भूमिका:** प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि विकसित भारत के संकल्प में विकसित उत्तराखंड की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले, उन्होंने बाबा केदार के द्वार पर खुद ये कहा था कि ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा। पिछले कुछ वर्षों से उत्तराखंड में विकास का जो महायज्ञ चल रहा है, उसने चारधाम यात्रा को पहले से अधिक सुगम, सुरक्षित और दिव्य बनाया है। जिससे श्रद्धालुओं, संत. जनों और पर्यटकों को सुविधा हो रही है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड आने वाले अतिथियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी यात्रा के दौरान डिजिटल उपवास रखते हुए, उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता को जीने का प्रयास भी करें। इससे उन्हें एक अलग संतुष्टि भी मिलेगी।

### प्रधानमंत्री ने की तीर्थयात्रियों से पांच संकल्प अपनाने की अपील

- **पहला संकल्प-स्वच्छता सर्वोपरि:** धाम व उसके आसपास स्वच्छता बनाए रखें। नदियों को साफ रखने के लिए अपना योगदान दें। सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त यात्रा का संकल्प लें और इस पावन धरा की गरिमा को बनाए रखें।
- **दूसरा संकल्प-प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता:** हिमालय की इस दिव्य धरा के प्रति संवेदनशील रहें। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखते हुए, एक पेड़ मां के नाम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।
- **तीसरा संकल्प-सेवा, सहयोग और एकता पर बल:** पुरातन काल से तीर्थ यात्राएं सर्वजन की सेवा और सामा. जिक समरसता को स्थापित करने का माध्यम रही हैं। आज भी लोग इसी सेवा भाव से तीर्थयात्रियों की सेवा करते हैं। इसीलिए तीर्थयात्री अपनी यात्रा के प्रत्येक दिन, किसी ना किसी रूप में, लोगों की सेवा का एक काम अवश्य करें। सहयात्रियों की सहायता करें और देश की विभिन्न जगहों से आए लोगों से जुड़े। उनकी परंपराओं का सहभागी बनकर ष्एक भारत, श्रेष्ठ भारतश की भावना को इस यात्रा के माध्यम से सशक्त करें।
- **चौथा संकल्प-वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा:** अपने मूल स्थान से चलकर घर लौटने तक अपने कुल खर्च का पांच प्रतिशत हिस्सा लोकल उत्पादों को खरीदने पर जरूर खर्च करें। अगर किसी स्थानीय चीज की जरूरत इस मौसम में नहीं भी है, तो भी उसे भविष्य के इस्तेमाल के भाव से ही खरीदने का प्रयास करें।
- **पांचवां संकल्प-अनुशासन, सुरक्षा और मर्यादा का पालन:** यात्रा के नियमों और यातायात निर्देशों का पालन करें। एक जिम्मेदार और सजग नागरिक के रूप में इस तीर्थ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाएं। हम ये प्रयास करें कि हमारी यात्रा से, इस यात्रा के आयोजन और प्रबंधन में जितने भी लोग लगे हुए हैं, उन्हें कोई असुविधा ना हो। प्रधानमंत्री ने क्रिएटर्स, इंफ्लूएंसर्स से भी उत्तराखंड की स्थानीय कहानियों और यहां की छोटी-छोटी परंपराओं को भी जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है।

# जयकारों के साथ खुले तृतीय केदार के कपाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** पंच केदारों में तृतीय केदार के रूप में प्रतिष्ठित, विश्व के सबसे ऊंचे शिव मंदिर भगवान तुंगनाथ के कपाट बुधवार को ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए गए। वैदिक मंत्रोच्चारण और पारंपरिक विधि-विधान के बीच हुए इस कपाटोद्घाटन के अवसर पर देश के कोने-कोने से आए सैकडो श्रद्धालु मौजूद रहे। कपाट खुलने के साथ ही चंद्रशिला की तलहटी में स्थित यह पावन धाम 'बम-बम भोले' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

इस विशेष अवसर पर मुख्य मंदिर और सभी सहायक मंदिरों को लगभग आठ कुंतल फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। कपाट खुलने से पूर्व प्रातः ब्रह्म बेला में चोपता स्थित भूतनाथ मंदिर में विद्वान आचार्यों द्वारा पंचांग पूजन और विशेष अनुष्ठान संपन्न किए गए, जिसमें तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का आवाहन किया गया। प्रातः 8 बजे भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली का भव्य श्रृंगार कर आरती उतारी गई।




## जय तुंगनाथ के जयघोष से गूंजी चंद्रशिला की तलहटी

इसके बाद डोली ने सुरम्य बुग्यालों के बीच नृत्य करते हुए कैलाश (धाम) के लिए प्रस्थान किया। सुबह 11 बजे मंदिर पहुंचने पर डोली ने मुख्य मंदिर की तीन परिक्रमाएं कीं। ठीक 12 बजे के करीब मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर के द्वार खोल दिए गए। पहले दिन 692 से अधिक भक्तों ने स्वयंभू शिव. लिंग पर जलाभिषेक कर विश्व शांति की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज रावत, राज्य महिला आयोग की सदस्य दर्शनी पंवार, जिला पंचायत सदस्य प्रीति पुष्वाण, मठापति मुकेश मैठाणी और प्रबंधक प्रकाश पुरोहित सहित बड़ी संख्या में हक-हकूकधारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**भंडारों और सेवा का संगम:** यात्रा के स्वागत में चोपता और भुजगली में विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। दिल्ली के पंकज जिंदल और सामाजिक कार्यकर्ता नारायण दत्त जुयाल के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को प्रसाद वित. रित किया गया। मंदिर की फूलों से सजावट में देहरादून के सुरेंद्र असवाल और अगस्त्यमुनि के धीर सिंह नेगी का विशेष सहयोग रहा।

**व्यापारियों और भक्तों में भारी उत्साह:** तुंगनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही यात्रा पड़ावों पर रौनक लौट आई है। स्थानीय व्यापारियों में भी इस बार की यात्रा को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# ससुर पर पेट्रोल छिड़ककर बहू को जिंदा जलाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के ग्राम पंचायत कठुली स्थित सिलाण गांव में एक महिला के जिंदा जलाए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती है। जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि महिला खतरे से बाहर है, उसका उपचार चल रहा है।

वहीं श्रीनगर पुलिस ने लिखित शिकायत के बाद महिला के ससुर पर मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार महिला पुछताछ के दौरान लगातार अपने बयान बदल रही है, लेकिन लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर दिया है। पीड़िता के चाचा व भटोली गांव निवासी कृपाल सिंह ने बताया कि भतीजी उमा की शादी वर्ष 2020 में ग्राम पंचायत कठुली स्थित सिलाण गांव निवासी संतोष बिष्ट से हुई थी। बीते 19 अप्रैल को उमा की छोटी भाभी ने उसका हालचाल जानने के

## महिला का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार, पुलिस मामले की जांच में जुटी

"पुलिस प्रशासन के ओर लिए गये बयान पर पीडित महिला लगातार अपने बयान बदल रही है। हालांकि, उसके चाचा कृपाल सिंह की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने महिला के ससुर उम्मेद सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।"
**कुलदीप सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, श्रीनगर गढ़वाल।**

लिए फोन किया, तो उसके पति संतोष ने फोन उठाया और बताया कि वह जिला अस्पताल में भर्ती है। जिसके बाद मायके पक्ष को भतीजी को जिंदा जलाए जाने की घटना की जानकारी मिली।

आरोप है कि भतीजी उमा को उसके ससुर द्वारा बीते 16 अप्रैल की सुबह करीब सात बजे पेट्रोल छिड़कर जिंदा जलाने का प्रयास किया था। बताया कि पीड़ित भतीजी पर ससुराल पक्ष द्वारा लगातार बयान बदलने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने प्रकरण में पुलिस पर कार्रवाई में हीलाहवाली बरतने का आरोप लगाया।

दूसरी ओर पीड़िता के पति संतोष बिष्ट ने बताया कि बीते 16 अप्रैल की सुबह करीब 7 बजे किचन में उमा खाना बना रही थी। मैं घर के दो मंजिल स्थित कमरे में था। जब पत्नी का शोर सुना, तो देखा कि वह आग से लिपटी है। उन्होंने बताया कि जैसे-तैसे आग बुझाकर तत्काल उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। कहा कि घटना को लेकर पत्नी कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रही है।

# पृथ्वी को सुरक्षित व स्वच्छ रखना सभी का कर्तव्य: तिवारी

**शाह टाइम्स संवादाता**

**श्रीनगर।** राइंका मंजाकोट में पृथ्वी दिवस पर जन जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पृथ्वी को स्वच्छ, सुरक्षित और संतुलित बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है।

उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने का आह्वान किया।

## राइंका मंजाकोट में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अशोक कुमार बडोनी एवं भूपेंद्र बंगारी ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय कि संगीता भंडारी, पुष्पा चौहान, किरण घिल्डियाल, देवेंद्र रमोला, बसंती बुटोला, मनीष चमोली, सुभाष मलासी, योगेश बहुगुणा सहित आदि मौजूद थे।

# छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण व ऊर्जा बचत का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अवर पावर अवर प्लेनेट थीम के अंतर्गत गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रांगण में एक विशेष आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा बचत का संकल्प लिया। कार्यक्रम के संयोजक एवं भौतिकी विभाग के वैज्ञानिक तथा हिमालयन एटमॉस्फेरिक एंड स्पेस फिजिक्स



## ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक: डॉ. आलोक

रिसर्च लैबोरेटरी के मुख्य अन्वेषक डॉ. आलोक सागर गौतम ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुकुल पंत ने सतत विकास की आवश्यकता पर जोर दिया और विद्यार्थियों से समाज में पर्यावरण जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। वहीं डॉ. हीरा लाल यादव ने विभाग में चल रहे पर्यावरण संरक्षण के कार्यों की जानकारी देते हुए शोधार्थियों द्वारा लगाए गए पौधों के सफल संरक्षण और उनके वर्तमान हरे-भरे स्वरूप का उल्लेख किया। कार्यक्रम में डॉ. गुरदीप, डॉ. रोहित ममगाई, डॉ. अजहर हुसैन अंसारी सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर .......

### शिवांश का नेशनल स्कूल गेम्स के लिए चयन

**श्रीनगर।** राइंका धद्दी घंडियाल के कक्षा 9वीं के छात्र और शिवा अटेकर्स क्रिकेट एकेडमी के प्रशिक्षु शिवांश राज का चयन नेशनल स्कूल गेम्स में हुआ है। यह प्रतियोगिता तेलंगाना में आयोजित की जाएगी, जिसमें शिवांश अंडर-17 वर्ग में उत्तराखंड टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। अपने चयन का श्रेय शिवांश ने एकेडमी के हेड कोच एवं व्यायाम शिक्षक और अपने पिता कुलदीप कुमार, सहायक कोच कृष्णा उमरियाल और एकेडमी के सभी प्रशिक्षकों को दिया है। समाजसेवी मंगत मठियाल ने खुशी जताते हुए कहा कि शिवा अटेकर्स क्रिकेट एकेडमी के कोच कुलदीप कुमार और कृष्णा उमरियाल सीमित संसाधनों के बावजूद क्षेत्र के नवोदित खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी एकेडमी के कई खिलाड़ियों का चयन राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हो चुका है।

### दुष्कर्म व धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

**कोटद्वार।** विगत 20 मार्च 2026 को नगरनिगम कोटद्वार निवासी वादिनी, द्वारा कोतवाली कोटद्वार पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि राहुल कुमार,निवासी-आमपडाव कोटद्वार द्वारा मुझे शादी का झांसा देकर मेरे साथ शारिरीक सम्बन्ध बनाये तथा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी गयी। इस संबंध में तत्काल कोतवाली कोटद्वार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। प्रकरण संवेदनशील की संवेदनशीलता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी द्वारा महिला संबंधी अपराधों के प्रति अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु स्पष्ट निर्देश जारी किए गए। निर्गत निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोटद्वार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर मामले में त्वरित कार्यवाही कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान साक्ष्यों का संकलन करते हुए प्रकरण से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहनता से जांच की गई। साक्ष्यों एवं प्राप्त सूचनाओं के आधार पर उक्त प्रकरण में नामजद अभियुक्त राहुल कुमार पुत्र छुट्टन सिंह निवासी-आमपडाव कोटद्वार को पुलिस टीम द्वारा देहरादून से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### साइंस व आर्ट्स क्लब ने चलाया स्वच्छता अभियान

**श्रीनगर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर साइंस एवं आर्ट्स क्लब के सदस्यों द्वारा स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मौके पर अलकेश्वर महादेव घाट पर सफाई अभियान चलाकर कूड़ा कचरा एकत्रित किया गया। साथ ही, स्थानीय लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, नदी में कचरा न डालने तथारिड्यूस, रियूज और रिसाइकल के सिद्धांत अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

### गढ़वाल विवि के वैज्ञानिकों ने दो पेटेंट किए हासिल

**श्रीनगर।** शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में गढ़वाल विश्वविद्यालय ने नई उपलब्धि हासिल की है। गढ़वाल विश्वविद्यालय के पर्यावरणीय विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार मैखुरी के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की टीम ने 2 पेटेंट हासिल किए हैं। औषधीय पादप फरण से औषधीय चूर्ण बनाने की वैज्ञानिक विधि विकसित करने तथा दूसरा संकटग्रस्त प्रजाति नकदूण से आयुर्वेदिक टैबलेट्स तैयार करने की वैज्ञानिक की विधि विकसित करने के लिए दिया गया है। प्रो. मैखुरी की अगुवाई में इन पेटेंट को हासिल करने वाली टीम में गढ़वाल विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सरला सकलानी, पर्यावरणीय विज्ञान विभाग के रविन्द्र सिंह रावत, हरेंद्र रावत, वानिकी विभाग के लक्ष्मण कंडारी, इतिहास विभाग से पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. विनोद नौटियाल, प्रो. राजपाल सिंह नेगी, सुभाष चन्द्र, हैप्रेक के निदेशक डॉ. विजयकांत पुरोहित तथा डॉ. सुदीप चन्द्र आदि शामिल हैं। इस से पूर्व प्रो. मैखुरी अमेरिका के स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष जारी की जाने वाली विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में भी अब तक 7 बार अपना नाम दर्ज करा चुके है। इस उपलब्धि पर विवि के प्राध्यापकों और वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# अब ड्रोन और कैमरों की 'नजर' में होंगे वनाग्नि के दोषी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बढ़ते तापमान और सूखे के कारण धधकते जंगलों को बचाने के लिए रुद्रप्रयाग वन प्रभाग ने अब 'हाई-टेक' रणनीति अपना ली है। वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए विभाग ने जंगलों की निगरानी के लिए ड्रोन और कैमरा ट्रैप का जाल बिछा दिया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य न केवल आग पर काबू पाना है, बल्कि जंगलों में आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी शिकंजा कसना है।

उप प्रभागीय वनाधिकारी डीएस पुंडीर ने बताया कि जिले की सभी छह वन रेंजों के संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित

## वन विभाग ने कसी कमर



कर लिया गया है। इन इलाकों में आधुनिक उपकरणों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अक्सर कुछ लोग जानबूझकर जंगलों में आग लगा देते हैं, जिससे बेशकीमती वन संपदा और वन्यजीवों को भारी नुकसान होता है। अब ऐसे संदिग्धों की पहचान ड्रोन कैमरों से की जाएगी। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जानबूझकर आग लगाने की पुष्टि होने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने अपना निगरानी तंत्र इतना मजबूत कर दिया है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत मुख्यालय तक पहुँच जाएगी। वन विभाग ने ग्रामीणों और स्थानीय जनता से गर्मी के मौसम में जंगलों के आसपास आग न जलाने, जलनशील पदार्थ या बीड़ी-सिगरेट के टुकड़े जंगल में न फेंकने, कहीं भी धुँआ या आग दिखने पर तुरंत वन विभाग के नजदीकी अधिकारी को सूचित करने की अपील की।

## पर्यावरण और वन्यजीवों की सुरक्षा प्राथमिकता

भूगोलवेता प्रवीन रावत ने कहा कि ड्रोन तकनीक का उपयोग वनाग्नि नियंत्रण में एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। इससे दुर्गम पहाड़ियों पर लगी आग की सटीक लोकेशन का पता चलेगा, जिससे वन कर्मी कम समय में मौके पर पहुँच कर आग बुझा सकेंगे।

पर्यावरण और वन्यजीवों की सुरक्षा हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। हाई-टेक निगरानी से हम आग लगाने वालों तक आसानी से पहुँच सकेंगे और समय रहते बड़ी घटनाओं को रो. कने में मदद मिलेगी
**-डी.एस. पुंडीर, उप प्रभागीय वनाधिकारी**

# 25 अप्रैल को आयोजित होगा चिकित्सा शिविर

**कोटद्वार।** यमकेश्वर क्षेत्र के दिव्यांगजनों के लिए 25 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यमकेश्वर में विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे, जिससे लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने में सहूलियत मिलेगी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ शिव मोहन शुक्ला ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों का दल मौजूद रहेगा, जिसमें अस्थि रोग, नेत्र, ईएनटी एवं फिजिशियन शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस शि. विर से दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर समयबद्ध और सुगमता से प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविर के आयोजन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि शिविर में विभागीय स्टॉल लगाकर विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

# रेनबो स्कूल ने जीता फुटबाल प्रतियोगिता उद्घाटन मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** रोटरी क्लब अलक. नंदा वैली के ओर से स्व. आयुष नेगी की स्मृति में जूनियर वर्ग एवं स्व. नन्ददीप मल्ल स्मृति में सीनियर वर्ग स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। बुधवार को चौरास कैंपस स्टेडियम में शुरू हुई प्रतियोगिता का शुभारंभ गढ़वाल विवि के खेल निदेशक जेपी मेहता ने कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास और सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट के बीच खेला गया। जिसमें रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास ने 8-0 प्रतियोगिता को अपने नाम किया। मौके पर रोटरी क्लब अलकनंदा वैली के अध्यक्ष सुनील बिज्लवाण, सचिव नवल किशोर जोशी, धनेश उनियाल, अर्जुन सिंह गुसाई, चड्डी प्रसाद,कृपाल सिंह पटवाल, अजय जोशी, मनोज आदि मौजूद थे।

## स्व. नेगी एवं स्व. नन्ददीप मल्ल की स्मृति में शुरू हुई प्रतियोगिता

# पालिका ने व्यापारियों को बांटे जैविक-अजैविक कूड़ेदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को हाई-टेक और व्यवस्थित बनाने के लिए अपनी मुहिम तेज कर दी है। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संतोष सिंह रावत की अध्यक्षता में वार्ड संख्या-1 (तिलनी/सुमेरपुर) क्षेत्र के व्यापारिक प्रतिष्ठानों को कूड़ेदान वितरित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कूड़े का स्रोत पर ही पृथक्करण सुनिश्चित करना है।

इस दौरान पालिका अध्यक्ष संतोष सिंह रावत ने व्यापारियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण में



सहयोग दें और अपने प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को ''जैविक और अजैविक के रूप में अलग-अलग रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब कूड़ा अलग-अलग होगा, तभी उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण संभव हो सकेगा। वार्ड संख्या-1 की सभासद रवीना देवी की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से सुमेरपुर क्षेत्र के व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। पालिका का लक्ष्य है कि आने वाले समय में नगर के शत-प्रतिशत कूड़े का सही प्रबंधन किया जाए, जिससे रुद्रप्रयाग एक आदर्श 'स्वच्छ शहर' बन सके। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक शिवराज सिंह, कर संग्राहक चंद्रशेखर चौधरी, कनिष्ठ सहायक महेश चंद, सामाजिक कार्यकर्ता शेखर बहुगुणा सहित पर्यावरण मित्र आनंद सिंह, मनोज कुमार, सचिन, राजीव, सूरज और सपना देवी मौजूद रहे।

## टीम ने जगाई जागरूकता

**रुद्रप्रयाग।** अभियान में स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर जसपाल भारती और नगर पालिका की टीम ने घर-घर और दुकान-दुकान जाकर लोगों को कचरा प्रबंधन के लाभ बताए। स्थानीय व्यापारियों ने पालि. का की इस पहल का स्वागत किया और शहर को साफ रखने में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया।

# कीर्तिनगर के प्रभावितों को बंटेगी आवासीय भवनों की क्षतिपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के अंतर्गत बनाई गई रेलवे सुरंग निर्माण कार्य से मलेथा, लक्ष्मोली, देवली, घिल्डियाल गांव, रानीहाट, नैथाणा में आवासीय भवनों को हुई क्षति के मुआवजों का जल्द आवंटन किया जायेगा। जल्द ही तहसील प्रशासन मुआवजे के आवंटन की कार्यवाही शुरू करेंगा। इसकों लेकर कीर्तिनगर प्रशासन ने दास्तावेजीकरण का कार्य पूर्ण कर कर इसकी रिपोर्ट विशेष भूमि अध्याप्ति विभाग (एसएलएओ) को भेज दी गई है। रेल परियोजना के तहत मलेथा से रानीहाट तक करीब 4 किलोमीटर की लंबी सुरंग का

## उपजिलाधिकारी ने रिपोर्ट एसएलएओ कार्यालय भेजी

निर्माण किया गया है। जिसके लिए विस्फोट से पहाड़ी को काटकर सुरंग बनाई गई। रेलवे सुरंग निर्माण कार्य से लगभग 300 से अधिक आवसीय भवनों में दरारे पड़ने शुरू हुई। बताते चले कि ग्रामीणों के आक्रोश और आंदोलन के बाद रेलवे विकास निगम ने वर्ष 2021 में आवासीय भवनों की वीडियोग्राफी शुरू कि थी। लम्बे समय बाद मुआवजा न मिलने पर जनप्रति. निधियों ने इसकी मांग विधायक विनोद कंडारी से की। बीते वर्ष 30 अक्टूबर को डीएम टिहरी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में रेलवे सुरंग निर्माण कार्य से हुई ब्लासि्ंटग में आवासीय भवनों को पहुंची क्षति के लिए सर्वे करने लिए उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को निर्देशित किया गया था। जिसके अंतर्गत उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर ने कमेटी गठित कर सर्वे शुरू किया गया। सर्वे टीम में तहसीलदार कीर्तिनगर, लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर के अधिशासी अभियंता, उपनिदेशक, भू-वैज्ञानिक एवं खनिकर्म नई टिहरी को शामिल किया था। सर्वे और प्रभावितों के दास्तावेजीकरण पूर्ण होने के बाद इसकी रिपोर्ट उपजिलाधिकारी द्वारा विशेष भूमि अध्याप्ति विभाग (एसएलओ) नई टिहरी को भेजी दी गई है। इससे पूर्व स्वीत के रेलवे प्रभावितों को मुआवजा आवंटित किया जा चुका है।

"रेलवे परियोजना में सुरंग निर्माण कार्य से आवासीय भवनों को पहुंची क्षति का मुआवजा जल्द प्रभावितों को दिया जायेगा। इसको लेकर रेलवे प्रभावितों का दास्तावेजीकरण पूर्ण कर लिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार 303 रेलवे प्रभावितों के आवासीय भवनों को पहुंची क्षति का मुआवाजा दिया जायेगा। जबकि 54 प्रभावितों को रेलवे की आरएंडआर पॉलिसी के तहत मुआवजा आवंटित किया जायेगा।"
**डॉ. प्रदीप कंडारी, तहसीलदार, कीर्तिनगर।**

# गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली की जांच की मांग

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र में रसोई गैस वितरण में अनियमितताओं को लेकर रोष व्यक्त किया है। शिकायतकर्ता कुशलानाथ ने पूर्ति निरीक्षक विजय कुमार कैतुरा से मुलाकात कर गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होने पूर्ति निरीक्षक को सौंपे ज्ञापन कुशलानाथ ने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग के एक सप्ताह बाद भी उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी नहीं मिल रही है। कहा कि कई मामलों में कंज्यूमर नंबर आने के बावजूद गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही। उन्होने एजेंसी पर आरोप है कि उपभोक्ताओं से पैसे जमा कराए जा रहे हैं, लेकिन समय पर सिलेंडर नहीं दिए जा रहे।

# यमुनोत्री का कमजोर नेतृत्व, मास्टर प्लान नहीं उतरा धरातल पर: समिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़कोट / उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम में विकास कार्यों की धीमी गति को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। मंदिर समिति के पूर्व पदाधिकारियों और श्री पंच पंडा समिति ने धाम की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए सरकार से बद्रीनाथ धाम और केदारनाथ धाम की तर्ज पर एक व्यापक मास्टर प्लान लागू करने की मांग की है।

समिति का कहना है कि प्रशासन को यमुनोत्री के विकास को प्राथमिकता देते हुए लंबित परियोजनाओं और आपदा से प्रभावित कार्यों को शीघ्र शुरू करना

## विकास की रफ्तार सुस्त, मास्टर प्लान की मांग तेज

चाहिए। पूर्व में राज्य सरकार ने गंगोत्री धाम और यमुनोत्री के लिए मास्टर प्लान तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की थी, जिसमें यात्री सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, भीड़ व आपदा प्रबंधन, आवास, पार्किंग और वैकल्पिक मार्ग जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल थे। हालांकि, योजना की डीपीआर अभी तक तैयार नहीं हो पाई है।मंदिर समिति के संरक्षक ज्योति प्रसाद उनियाल और पूर्व अध्यक्ष मनमोहन उनियाल समेत अन्य प्रतिनिधियों ने जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर यमुनोत्री की अनदेखी पर नाराजगी जताई और केंद्र सरकार को विस्तृत मास्टर प्लान भेजने की मांग की।

वहीं, जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने कहा कि विभिन्न विभाग अपने स्तर पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि जानकी. चट्टी से यमुनोत्री धाम तक का क्षेत्र जिला पंचायत को सौंपा जाए, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके।मंदिर समिति के पूर्व उपाध्यक्ष पवन उनियाल ने क्षेत्र के कमजोर नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ है।

# सीएम ने की बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को चमोली स्थित बीआरओ गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत एवं गहन समीक्षा की। इस अवसर पर आयोजित बैठक में पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से धाम में चल रहे निर्माण कार्यों, उनकी वर्तमान प्रगति, तकनीकी पहलुओं तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी (पीआईयू) योगेश मनराल ने विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति, अब तक की उपलब्धियों तथा निर्धारित समयसीमा के सापेक्ष प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मास्टर प्लान के अंतर्गत अनेक महत्वपूर्ण कार्य तेजी से प्रगति पर हैं, जिनमें आधारभूत ढांचे का सुदृढ़ीकरण, यात्री सुविधाओं का विस्तार, आवागमन व्यवस्था में सुधार तथा आधुनिक सुविधाओं का विकास शामिल है। मुख्यमंत्री ने प्रस्तुतीकरण को देखते हुए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



■ बीआरओ गेस्ट हाउस में पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कार्यों की प्रगति का लिया विस्तृत जायजा ■ प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप धाम को भव्य और आधुनिक बनाने पर जोर ■ तीर्थयात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर अनुभव को सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान के अंतर्गत किए जा रहे सभी कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन के अनुरूप संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य बद्रीनाथ धाम को एक भव्य, दिव्य, सुरक्षित और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त तीर्थस्थल के रूप में विकसित करना है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और उन्हें एक सुव्यवस्थित एवं सुखद अनुभव प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं तथा प्रत्येक परियोजना की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और निर्माण कार्यों में उच्च मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए।

### मास्टर प्लान के तहत आने वाले सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मास्टर प्लान के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी प्रकार की बाधा या विलंब की स्थिति में त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण हो सकें और बद्रीनाथ धाम का समग्र विकास तेजी से आगे बढ़ सके। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार के सतत प्रयासों, अधिकारियों की प्रतिबद्धता और केंद्र सरकार के सहयोग से बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान के अंतर्गत सभी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होंगे और यह धाम भविष्य में एक आदर्श, भव्य और विश्वस्तरीय तीर्थस्थल के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखते हुए तकनीकी दक्षता का पूर्ण उपयोग किया जाए, ताकि कार्यों में तेजी और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने आगे निर्देश दिए कि बद्रीनाथ धाम में विकसित की जा रही सभी सुविधाओं में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यात्री आवागमन, आवास, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए और उसका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि धाम के विकास कार्यों के दौरान पारंपरिक स्वरूप, धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि विकास और विरासत के बीच संत. ुलन बना रहे।

# डीएसओ की अध्यक्ष बनी निर्दोशा और अंजली सचिव

■ डीएसओं का सातवां इकाई सम्मेलन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर इकाई का बुधवार सातवां इकाई सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में 13 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।

इस मौके पर वक्ताओं ने शिक्षा के निजीकरण, डिजिटल डिवाइड, बढ़ती बेरोजगारी और महिला सुरक्षा जैसे समसामयिक और महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

सम्मेलन के दूसरे सत्र में संगठन द्वारा कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिनमें प्रमुख रूप से स्कूलों के बंद होने के विरोध, गढ़वाल विश्व. विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की स्थापना, बेरोजगारी की समस्या और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषय शामिल रहे। मौके पर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य सचिव नितिन मलेथा ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर अपनी बात रखी।

कहा कि देश और राज्य में शिक्षा की स्थिति चुनौतीपूर्ण होती जा रही है और शिक्षा बजट में लगातार कटौती की जा रही है। उन्होंने डिजिटल डिवाइड के बढ़ने और शिक्षा के महंगे होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गरीब छात्रों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। कमेटी में निर्दोशा को अध्यक्ष और अंजली को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही योगेश और अक्षय को उपाध्यक्ष और अंकुर, गौरव को सह-सचिव चुना गया।

इस मौके पर सूरज, राजकुमार, विशाल, श्रीकांत, नितिन, आशुतोष, पंकज, अमृत आदि छात्र छात्राएं शामिल रहे।

# प्रदीप राणा को पांडुवा विधानसभा की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** भाजपा ने आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपनी सांगठनिक बिसात बिछाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में पार्टी आलाकमान ने जिले के कालीमठ निवासी युवा व ऊर्जावान नेता प्रदीप सिंह राणा पर भरोसा जताते हुए उन्हें पांडुवा विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और पूर्व के चुनावी अनुभवों को देखते हुए की गई है।

हुगली लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पांडुवा विधानसभा सीट को राजनीतिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रदीप सिंह राणा पहले भी पश्चिम बंगाल चुनावों में विधानसभा प्रभारी के रूप में सफल भूमिका निभा चुके हैं।

### युवा नेतृत्व पर भाजपा का दांव

रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ। पश्चिम बंगाल में अपनी पैठ मजबूत करने के लिए भाजपा इस बार युवा और अनुभवी चेहरों को आगे कर रही है। प्रदीप सिंह राणा जैसे युवा नेता को पांडुवा की कमान सौंपना पार्टी की इसी सोची-समझी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अब देखना यह होगा कि राणा के नेतृत्व में पांडुवा का चुनावी अभियान क्या नया रुख लेता है।

उनके कार्यकर्ताओं के साथ मजबूत समन्वय और जमीनी स्तर पर पकड़ बनाने के कौशल को देखते हुए चुनाव समिति ने एक बार फिर उन्हें मोर्चे पर उतारा है।

**विकास के मॉडल को घर-घर पहुँचाना लक्ष्य:** नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रदीप सिंह राणा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री के विकास मॉडल को पांडुवा के हर घर तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी।

**क्षेत्र में खुशी की लहर:** जिले में प्रदीप सिंह राणा की इस नियुक्ति को लेकर भारी उत्साह है। स्थानीय निवासी केदार सिंह राणा ने कहा कि प्रदीप सिंह एक कर्मठ कार्यकर्ता हैं और उनकी मेहनत का फल है कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिल रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि राणा के नेतृत्व में पांडुवा में भाजपा को ऐतिहासिक मजबूती मिलेगी।

# मां व शिशु की स्वास्थ्य सुरक्षा को महत्वपूर्ण है संस्थागत प्रसव: सविता कपूर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वास्थ्य विभाग देहरादून द्वारा कैंट विधानसभा क्षेत्र के वार्ड गांधी ग्राम क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शि. विर का आयोजन किया गया। शि. विर में गर्भवती महिलाओं की ए. एन.सी. जांच की गयी, साथ ही उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को उपचार उपलब्ध कराया गया। शिविर में बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गयी। इसके अतिरिक्त लाभार्थियों को निःशुल्क औषधि वितरण किया गया तथा रक्तजांच सेवाएं भी दी गयी।

शिविर में कुल 142 गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गयी। जिसमें 47 ए.एन. सी. जांच, 04 ए.एन.सी. पंजीकरण तथा 10 उच्च जोखिम गर्भवतियों को चिन्हित किया गया। चिन्हित की गयी गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी की जायेगी।



■ गांधी ग्राम में स्वास्थ्य कैंप लगाकर की गयी गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच

क्षेत्रीय विधायक सविता कपूर ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु अनेक योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संच. ालन कर रही है। मां और शिशु की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अपील की कि समुदाय के सभी लोग मिलकर यह प्रयास करें कि उनके आस पास निवास करने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रसव सिर्फ अस्पताल में ही हो। संस्थागत प्रसव, मां और शिशु की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

गांधी ग्राम पार्षद मीनाक्षी मौर्य ने कहा कि वे समुदाय में जागरूकता अभियान चलाकर होम डिलिवरी के प्रचलन को समाप्त करने का प्रयास करेंगे तथा साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि क्षेत्र में समस्त गर्भवती महिलाएं प्रसव हेतु चिकित्सालय में ही जायें।

शिविर में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनएचएम डॉ निधि रावत ने आशा कार्यकत्रियों को घर.घर अभियान के तहत आगामी तीन माह में प्रसव की संभावित तिथि वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनके स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी करने की बात कही।शिविर में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ निधि रावत, डॉ मोनिका श्रीवास्तव, डॉ एसके झा, डॉ शेफाली वर्मा, सी.यू. एच.ओ. राकेश बिष्ट, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पंचम बिष्ट, फार्मेसी अधिकारी उर्मिला द्विवेदी, आशा फैसिलिटेटर बीना राणा, सुमित्रा चौहान, क्षेत्र की समस्त आशा कार्यकत्रियां सहित यूपीएचसी के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवा नेतृत्व में उत्तराखंड का विकास तेज: चौधरी

■ हरिद्वार से कुमाऊं तक जोरदार स्वागत, विकास और संगठन सशक्तिकरण पर दिया जोर, कैबिनेट मंत्री का प्रदेश भ्रमण, कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने प्रदेश भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत हरिद्वार, जसपुर, काशीपुर, किच्छा एवं खटीमा का दौरा किया।

इस दौरान सभी स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मंत्री बनने के उपरांत प्रथम बार हरिद्वार एवं कुमाऊं क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने युवा उत्तराखंड का नेतृत्व एक ऊर्जावान एवं युवा नेता श्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों में सौंपा है, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास सुनिश्चित हो रहा है।

भाजपा जिला कार्यालय किच्छा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि किच्छा में एम्स की स्थापना क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक सौगात है, जो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से संभव हो पाई है। उन्होंने प्रधानमंत्री को "जौहरी" की संज्ञा देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी एक "नायब हीरा" हैं, जिन्हें निरंतर तराशा जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री यतीश्वरानंद , पूर्व विधायक (किच्छा) राकेश शुक्ला, राज्य मंत्री (अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष) मुकेश, काशीपुर जिलाध्यक्ष मनोज पाल, मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला अपमान से ध्यान हटाने को कांग्रेस का धरना नौटंकी: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि महिला आरक्षण पर खिलाफत मे वोट करने वाली कांग्रेस विस के बाहर धरने की नौटंकी कर रही है और महिला समुदाय इस आडंबर को बर्दाश्त नही करेगा।

चौहान ने कहा कि संसद में महिला आरक्षण की राह में रोडा अटकाने वाले अब राज्यों में जनता का ध्यान भटकाना चाहते है। लेकिन जनता बहुत जागरूक और समझदार है। आधी आबादी के अपमान करने वाली कांग्रेस को जनता पूरी सजा देने की तैयारी मे है। महिलाओं के हक में रोड़ा अटकाना उनकी पुरानी फितरत है। कांग्रेस द्वारा महिला आरक्षण के मुद्दे पर दिया जा रहा यह धरना पूरी तरह से भ्रामक,आधारहीन और जनता को गुम. राह करने वाला है। कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन केवल महिला मुद्दे पर अपनी खोई हुई राजनीतिक साख बचाने का एक असफल प्रयास है।

उन्होंने कहा कि 27 साल से लगातार मुद्दे को टाल रही कांग्रेस ने इस बार भी उस उम्मीद को धूमिल करने की कोशिश की जो मोदी सरकार ने आधी आबादी के हक मे जगायी थी।




■ महिला आरक्षण बिल गिराने से लेकर जश्न के बाद धरने की नौटंकी कर रही कांग्रेस

जो आज विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को देने की बात कर रहे हैं। उन्होंने ही केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के खिलाफ वोट किया। इतना ही नहीं, महिला अधिकारों की हार को अपनी जीत बताकर जश्न भी मनाया। लिहाजा किस मुंह उनके प्रदेश के नेता आरक्षण के लिए विशेष सत्र की मांग कर रहे है। क्योंकि पहले तो उन्हें ऐसा करने का की नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने संसद में इस महत्वपूर्ण संशोधन के खिलाफ मतदान कर अपनी श्महिला विरोधीश मानसिकता का परिचय पहले ही दे दिया है।

दूसरा पहलू यह कि संविधान में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं है। दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने कभी भी महिलाओं को उनका वास्तविक अधिकार देने की इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। आज जब भाजपा सरकार इसे धरातल पर उतारने की कोशिश कर रही है तो कांग्रेस इसमें हर तरीके से रोड़े अटकाने के लिए जोर आजमाइश कर रही है।


उन्होंने कहा उत्तराखंड की मातृशक्ति कांग्रेस की राजनैतिक मंशा को भली-भांति जानती है। वह बेहतर जानती है कि कौन उनके अधिकारों के लिए लड़ रहा है और कौन केवल राजनीति कर रहा है।

## आकाश के छात्रों ने किया जेईई मेन 2026 में शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल), देहरादून के स्टूडेंट्स ने जेईई मेन 2026 में शानदार प्रदर्शन किया, जो लगातार अच्छे अकादमिक रिजल्ट्स और सभी बैचों में मजबूत तैयारी को दर्शाता है।

जेईई मेन 2026 (सेशन 2) में आकाश इंस्टीट्यूट, देहरादून के स्टूडेंट्स ने सराहनीय परिणाम हासिल किए, जिसमें कई छात्रों ने हाई पर्सेंटाइल स्कोर किए। इस बैच में प्रक्षल जैन सबसे आगे रहे, जिन्होंने 99.85 पर्सेंटाइल हासिल किया और ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 2353 प्राप्त करते हुए देहरादून के टॉप परफॉर्मर बने। प्रक्षल जैन के अलावा अन्य टॉप परफॉर्मर्स में वेदांत सिंह रौतेला (99.81 पर्सेंटाइल), वेदांश बहुगुणा (99.68 पर्सेंटाइल), अरुणाभ निधि शर्मा (99.60 पर्सेंटाइल), आयुष्मान मिश्रा (99.57 पर्सेंटाइल) और अंशुल शर्मा (99.51 पर्सेंटाइल) शामिल हैं, वहीं कई अन्य स्टूडेंट्स ने भी प्रतिस्पर्धी स्कोर हासिल किए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा 20 अप्रैल को जारी किए गए परिणामों के अनुसार, आकाश इंस्टीट्यूट, देहरादून के 12 स्टूडेंट्स ने जेईई मेन 2026 (सेशन 2) में शानदार प्रदर्शन किया।



# सीएम धामी पहुंचे भारत के प्रथम सीमांत गांव माणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को भारत के प्रथम सीमांत गांव माणा पहुंचकर क्षेत्र का भ्रमण किया तथा वहां आए श्रद्धालुओं एवं स्थानीय जनता से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुखद एवं प्लास्टिक मुक्त हरित यात्रा बनाने की अपील करते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर माणा गांव की महिलाओं ने पारंपरिक मांगलगीत गाकर एवं स्थानीय उत्पाद भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इस आत्मीय स्वागत के लिए ग्रामीण महिलाओं का आभार व्यक्त किया और उनकी परंपराओं एवं संस्कृति की सराहना की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांव की शत-प्रतिशत "लखपति दीदियों" से मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे स्थानीय उत्पादों को गुणवत्तापूर्ण बताते हुए कहा कि ये उत्पाद न केवल स्थानीय आजीविका को सशक्त कर रहे हैं, बल्कि उत्तराखंड की पहचान को भी मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि वे स्थानीय उत्पादों की खरीद कर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सीमांत गांवों के विकास को नई दिशा मिली है और जो गांव पहले "अंतिम गांव" कहे जाते थे, उन्हें अब "प्रथम गांव" की संज्ञा देकर उनके समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



■ कहा, शत-प्रतिशत "लखपति दीदी" गांव माणा बना आत्मनिर्भरता का मॉडल, विकास कार्यों का लिया जायजा, लोगों से की मुलाकात

उन्होंने आगे कहा कि वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तराखंड के सीमांत गांवों में आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है, जिससे इन क्षेत्रों में रोजगार, पर्यटन और आजीविका के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। माणा गांव सहित अन्य सीमांत क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्य प्रदेश के संतुलित और समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों और केंद्र सरकार के सहयोग से सीमांत गांव विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। ग्राम पंचायत माणा, विकासखण्ड ज्योतिर्मठ, जनपद चमोली, आज स्वयं सहायता समूहों और "लखपति दीदी" पहल के माध्यम से एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर कर सामने आया है। यहां कुल 12 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनसे 82 महिलाएं जुड़ी हुई हैं।


**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-331 — **निविदा सूचना** — दिनांक- 22/04/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), तिलोथ विद्युत गृह, उत्तरकाशी, इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित करता है। निविदाओ का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः
1.निविदा सं0 01/अ0अ0(उ0)/ति0वि0गृ0/2026-27-तिलोथ विद्युत गृह उत्तरकाशी में लगे एबीटीमीटर के साफ्टबेयर का नबीनीकरण एवं एसएलडीसी के साथ डेटा सिंक्रोनाइजेशन तथा संचार एवं नेटवर्किंग उपकरणों की आपूर्ति तिलोथ विद्युत गृह एवं हीना सबस्टेशन हेतु।
**2. निविदा सं0 02/अ0अ0(उ0)/ति0वि0गृ0/2026-27**-तिलोथ विद्युत गृह हेतु एल0ई0डी0 लाईट की आपूर्ति, परीक्षण एवं लगाने का कार्य।
**3. निविदा सं0 03/अ0अ0(उ0)/ति0वि0गृ0/2026-27**-तिलोथ विद्युतगृह हेतु लोग बुक का डिजाईन, प्रिंटिंग एवं आपूर्ति का कार्य।
**4.निविदा सं0 04/अ0अ0(उ0)/ति0वि0गृ0/2026-27**- तिलोथ विद्युत गृह में लगे सी0 सी0टी0वी0 प्रणाली का वार्षिक रखरखाव अनुबन्ध का कार्य।
**(1) अनुमानित लागतः** रू0 (1) 9,61,875.00/कर अतिरिक्त (2) रू0 6,35,220.00/कर अतिरिक्त(3) रू0 2,47,200.00/कर अतिरिक्त (4) रू0 4,22,000.00/कर अतिरिक्त क्रमशः।
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि** : 22.04.2026 को 16:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 14.05.2026 को 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किया जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763808, फैक्सः 0135-2763508 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक सं0 329 — **ई-निविदा सूचना (अल्पकालीन)** — दिनांक 22.04.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0) एसएचपी, यूजेवीएन लि0, गुप्तकाशी, इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन अल्पकालीन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः
निविदा सं0: 02/अ0अ0(वि0/या0-एसएचपी)/कालीगंगा द्वितीय/2026-27: उत्तराखण्ड के रूद्रप्रयाग जिले की तहसील उखीमठ में स्थित यूपीसीएल के मौजूदा 33/11 के वी उपकेन्द्र उखीमठ पर स्काडा एकीकरण सहित एक संख्या 33 के वी बे के निर्माण का कार्य।
अनुमानित लागतः ₹ 5970670/- जीएसटी अतिरिक्त
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः 23.04.2026 18:00 बजे
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 08.05.2026, 11:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **"http://uktenders.gov.in** देखें।
**अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0) एसएचपी**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

### कुंभ मेला 2027 की तैयारियों का शहरी विकास मंत्री ने लिया जायजा

# अधिकारियों को दिए गुणवत्ता व समयबद्धता के सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** कुंभ मेला 2027 की तैयारियों को लेकर राज्य सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने बुधवार को हरिद्वार का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को सभी कार्य तेजी व गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि हरिद्वार न सिर्फ एक प्रमुख तीर्थधाम है, बल्कि प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी भी है, इसलिए कुंभ मेला 2027 को दिव्य और भव्य बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग, सड़क सुधार, घाटों के विस्तार और स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 300 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं, जबकि केंद्र सरकार की ओर से भी 500 करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि कुंभ के लिए 55 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें अधिकांश कार्य प्रगति पर हैं। वहीं सुरक्षा के लिए 32 सेक्टरों में अस्थायी पुलिस थाने और अतिरिक्त स्थायी थाने भी स्थापित किए जाएंगे। स्वच्छता के तहत 13 हजार टॉयलेट्स और 8 हजार मूत्रालय बनाए जाएंगे, जिनकी डिजिटल निगरानी होगी। दौरे के दौरान मंत्री ने संत-महात्माओं से भी भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया और आयोजन में सहयोग का आग्रह किया।

### शहरी विकास मंत्री ने अखाड़ा परिषद अध्यक्ष को कुंभ मेले का दिया निमंत्रण

# दिव्य व भव्य होगा हरिद्वार कुंभ मेला : रामसिंह कैड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** शहरी विकास मंत्री रामसिंह कैड़ा ने निरंजनी अखाड़ा पहुचकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी को विधिवत रूप से कुंभ मेला 2027 का निमंत्रण दिया। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने मां मनसा देवी की चुनरी ओढ़ाकर, पगड़ी पहनाकर व मां गंगा की मूर्ति भेंटकर शहरी विकास मंत्री रामसिंह कैड़ा का स्वागत किया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि धर्मसत्ता के बिना राजसत्ता अधूरी है। संत महापुरूषों के सानिध्य में प्रदेश की धामी सरकार सफलतापूर्वक सनातन की प्रतिष्ठा बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि 2027 में होने वाले हरिद्वार कुंभ मेले को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए मुख्यमंत्री धामी के निर्देशन में सरकार लगातार सुविधाओं का विकास कर रही है। जिससे कुंभ मेले में संतों और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। शहरी विकास मंत्री रामसिंह कैड़ा ने कहा कि अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के नेतृत्व में प्रयागराज की तर्ज पर हरिद्वार कुंभ मेला भी भव्य और दिव्य स्वरूप में संपन्न होगा। कुंभ मेले के भव्य आयोजन के लिए निरंतर तैयारियां की जा रही है। कुंभ मेले के दौरान हरिद्वार आने वाले संतों और श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री खजान दास, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, महामंत्री संजीव चौधरी, भोला शर्मा, अमित वालिया, म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी, स्वामी कपिलानंद सरस्वती मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत, चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र में सड़क हादसे में एक दिहाड़ी मजदूर की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि मजदूर देर रात बाइक से अपने ठिकाने लौट रहा था, तभी रास्ते में किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

# साधु की हत्या के आरोपी नेपाली युवक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** साधु की हत्या के आरोपी नेपाली युवक को नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रात में सोने को लेकर हुए विवाद में साधु द्वारा मारपीट से गुस्साए युवक ने डंडे और पत्थर से वार कर हत्या कर दी थी। मृतक साधु की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस ने स्वयं वादी बनकर हत्या का मुकद्मा दर्ज कराया था। मंगलवार को दीनदयाल पार्किंग के अंडरपास के ऊपर हाईवे के बीच पीपल के पेड़ के नीचे रहने वाले साधु के बुरी तरह घायल पड़ा होने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे लेकर अस्पताल पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस की शुरूआती जांच में एक नेपाली युवक द्वारा साधु की हत्या किए जाने की बात सामने आयी। एसएसपी के निर्देश पर हत्या का मुकद्मा दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए मृतक की शिनाख्त के प्रयास और आरोपी की तलाश शुरू करते हुए मुखबिर की सूचना पर गंगा सभा की अस्थाई पार्किंग से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दीपक थापा पुत्र रामबहादुर थापा निवासी-ग्राम पुरकोट तमगास अंचल लुम्बिनी नेपाल बताया। उसने बताया कि वह कुछ दिन पहले चण्डीगढ से हरिद्वार आया था और रहने का कोई ठिकाना न होने पर पार्किंग में ही सो रहा था। कुछ दिन पहले सोने को लेकर हुए विवाद में साधु ने उसके साथ मारपीट कर दी थी। जिसमें चोट लगने पर वह बदला लेने की सोचने लगा। बीती रात वह कनखल में एक शादी में काम करने के लिये गया था। जहां नशा करने के बाद वह सोने के लिये पुल के नीचे सडक पर आया तो साधु ने फिर से गाली-गलौच शुरु कर दी। गुस्से में उसने पहले बांस के डण्डे से और फिर जब डंडा टूट गया तो पास पडे एक पत्थर उसके मुंह पर मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा, एसएसआई गोपाल दत्त भट्ट, एसआई नवीन नेगी, हेडकांस्टेबल सतीश नोटियाल, सतेंद्र कुमार व अजीत तोमर शामिल रहे।

# मदरसों की स्वतंत्रता बनाए रखने की मांग को लेकर मंत्री से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** जमीअत उलेमा-ए-हिंद उत्तराखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद के साथ हरिद्वार डामकोठी में अल्पसंख्यक मंत्री खजान दास से मुलाकात की। मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। मांग उठाई कि जो मदरसे राज्य से मान्यता या सहायता नहीं लेना चाहते, उन्हें अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से संबद्धता के लिए बाध्य न किया जाए और इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। पत्र में बताया कि उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम 2025 लागू होने के बाद प्राधिकरण का गठन किया गया है, लेकिन इस अधिनियम के कई प्रावधानों को उत्तराखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है और मामला विचाराधीन है। हाल ही में अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय की ओर से ऐसे मदरसों को भी नोटिस जारी किए गए हैं, जो केवल धार्मिक शिक्षा प्रदान करते हैं और स्वयं को औपचारिक विद्यालय के रूप में संचालित नहीं करते। इन मदरसों का उद्देश्य केवल धार्मिक शिक्षण है और वे किसी प्रकार की सरकारी मान्यता या सहायता प्राप्त नहीं करना चाहते।

कहा कि ऐसे शिक्षण केंद्र भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उपयोग कर रहे हैं। साथ ही अनुच्छेद 30 के तहत अल्पसंख्यकों को अपनी पसंद के शैक्षिक संस्थान स्थापित और संचालित करने का अधिकार प्राप्त है। तर्क दिया कि किसी संस्था को मान्यता प्राप्त करने के लिए तभी बाध्य किया जा सकता है, जब वह अपने प्रमाणपत्रों का उपयोग राज्य व्यवस्था में करना चाहती हो या सरकारी सहायता ले रही हो। केवल धार्मिक शिक्षा देने वाले मदरसों पर यह अनिवार्यता लागू करना उचित नहीं है। मान्यता मिलने के बाद प्राधिकरण की ओर से पाठ्यक्रम, शिक्षकों की योग्यता और अन्य नियम लागू किए जाते हैं, जो धार्मिक शिक्षा के स्वरूप में हस्तक्षेप करेंगे। इस संदर्भ में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश का भी हवाला दिया गया है। इस दौरान प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी, मौलाना आरिफ कासमी, मौलाना हारून, मुफ्ती तौफीक इलाही, मौलाना रागिब मजाहिरी, हाफिज शाहनजर, मास्टर अब्दुल सत्तार, मास्टर अहसान, मौलाना असद, मौलाना मो. उमर आदि मौजूद रहे।

# गंगा घाट की सफाई कर कनुप्रिया ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** अर्थ डे के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए समाजसेवी डा.अतुल मगन की पुत्र वधु कनुप्रिया ने परिजनों के साथ बैरागी कैंप में काली गंगा घाट की सफाई कर जन्म दिन अपना मनाया। सफाई अभियान में स्वामी विरक्त देव गुरूकुल महाविद्यालय के प्राचार्य डा.हेमंत तिवारी एवं छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। कनुप्रिया ने कहा कि पर्यावरण लगातार अंसतुलित हो रहा है। पर्यावरण के असंतुलित होने से ऋतु चक्र भी प्रभावित हो रहा है। जिससे अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व अर्थ डे है और उनका जन्म दिन भी है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए उन्होंने परिवार सहित सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही पर्यावरण को संतुलित किया जा सकता है। डा.अतुल मगन ने कहा कि सभी को अपना और अपने बच्चों का जन्म दिवस, विवाह की वर्षगांठ व अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर इस प्रकार के अभियान चलाने चाहिए। इससे पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। स्वामी विरक्त देव ने कहा कि कनुप्रिया का यह अभिनव प्रयास है। इससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने जन्म दिवस के अवसर पर फिजुलखर्ची के बजाए गंगा घाटों की सफाई, गौ सेवा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो की मदद करनी चाहिए। चिरायु मगन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में सभी की सहभागिता होनी चाहिए। मानव जीवन प्रकृति पर निर्भर है। वृक्षारोपण करें, गंगा घाटों और अपने आसपास के परिसर को स्वच्छ रखें। उन्होंने कहा कि परंपरागत तरीके से जन्म दिवस मनाते हुए अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। इस दौरान समन्वय, तेजस, समृद्धि, अतुल मगन, अजय मगन, स्वामी विरक्त देव, डा.हेमंत तिवारी मनोज बजाज, अनु बजाज, पूजा मगन, गीता मगन, शालिनी मगन आदि शामिल रहे।

# देवर पर उत्पीड़न और धमकी का आरोप, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पारिवारिक संपत्ति विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। भूपतवाला क्षेत्र की एक महिला ने अपने देवर पर गाली-गलौज, मानसिक उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला का आरोप है कि संपत्ति के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। समझौते के तहत पति ने एक मकान देवर के नाम कर दिया, लेकिन इसके बावजूद विवाद खत्म नहीं हुआ। शिकायत के अनुसार आरोपी लगातार अभद्र व्यवहार करता है और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देता है। साथ ही एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप भी लगाया गया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## निर्माण सामग्री विवाद ने लिया हिंसक रूप, छेड़छाड़ और लूट का केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** निर्माण सामग्री को लेकर शुरू हुआ विवाद अब गंभीर आपराधिक मामले में बदल गया है। रानीपुर क्षेत्र के एक गांव में मारपीट, छेड़छाड़ और लूट के आरोप में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सात नामजद सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के अनुसार निर्माण कार्य के लिए रखी गई सामग्री गायब हो गई थी, जिसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि आरोपितों ने महिलाओं के साथ मारपीट और अभद्रता की, साथ ही एक महिला के साथ अश्लील हरकतें कर गले से सोने की चेन भी छीन ली। घटना के दौरान आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया युवक, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव से एक नाबालिग किशोरी को गांव का ही रहने वाला युवक बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया किशोरी के पिता ने नाम जद युवक के खिलाफ तहरीर देकर किशोरी को बरामद करने की गुहार लगायी है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार एक नाबालिग किशोरी के पिता ने तहरीर देकर बताया गांव के ही रहने वाले आदि पुत्र दलीप सैनी मेरी नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया, पुलिस ने मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पथरी क्षेत्र में नाबालिग के अपहरण के मामले बढ़ते जा रहे है वही पुलिस लगातार मामले में अपहरण के मामले का खुलासा कर रही है।

पथरी एसओ रविन्द्र कुमार ने बताया अपहरण के मामले का जल्द ही खुलासा किया जाएगा आरोपियों को जेल भेजा जाएगा किसी को भी कानून से खिलबाड़ करने नही दिया जाएगा।

## वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने गांव ऐथल से एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया मनदीप पुत्र सुखवंत निवासी ऐथल के खिलाफ कोर्ट में वारंट जारी किया है। आरोपी पिछले कई महीनों से कोर्ट में पेश नही हो पाया। कोर्ट द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने के लिये आदेश जारी हुआ है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जा रहा है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

# ड्यूटी पर जा रहे युवकों पर फायरिंग, एक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में फाउंड्री गेट के पास देर रात ड्यूटी पर जा रहे दो युवकों पर हथियारबंद युवकों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने मारपीट के साथ फायरिंग भी की, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले में नौ नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जबकि एक आरोपी को हिरासत में लेकर अन्य की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, आर्यनगर ज्वालापुर निवासी हन्नी पुत्र टेकचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 21 अप्रैल की रात करीब 10 बजे अपने दोस्त वंशु पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी पीठ बाजार ज्वालापुर के साथ स्कूटी से सिडकुल स्थित कंपनी में ड्यूटी पर जा रहा था। रात करीब 10:30 बजे फाउंड्री गेट के पास कुछ युवक पहले से खड़े मिले। आरोप है कि नोमान कुरैशी, सत्यम, वेदांत, उमर गुर्जर, अनमोल बक्शी, नितिश, मुकुल, फरहान, भानु प्रताप गोयल समेत अन्य अज्ञात युवकों ने दोनों को रोक लिया। इनके हाथों में तमंचे, चाकू और लाठियां थीं। सभी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और इसी दौरान फायरिंग भी की। बचने के प्रयास में भागते समय चली एक गोली वंशु के दाहिने हाथ में लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। शोर-शराबा और वाहनों की आवाजाही देख आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद हन्नी ने परिजनों को सूचना दी और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावर आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और पूर्व में भी विवाद कर चुके हैं। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर निगम ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा हमारा ग्रह हमारी शकित थीम पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त नन्दन कुमार के निर्देश पर आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम के सभी 60 वार्डों और गंगा घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। साथ ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी की गई, जिससे शहर की स्वच्छता एवं सुव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत पन्ना लाल भल्ला इंटर कॉलेज से विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ की सहभागिता के साथ एक जागरूकता रैली निकालकर की गई। रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं जिम्मेदार नागरिकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। रैली के पश्चात विद्यार्थियों के लिए एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें एंटी-लिटरिंग, सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव तथा स्रोत पर कचरा पृथक्करण के महत्व को रोचक एवं संवादात्मक शैली में समझाया गया। इसके उपरांत एक हरित पहल के रूप में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें मेयर किरण जैसल एवं उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मेयर किरण जैसल ने नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए हरित हरिद्वार, स्वच्छ हरिद्वार का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत आनंदमयी सेवा सदन नगर निगम महिला इंटर कालेज में चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने रचनात्मकता के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश प्रस्तुत किया।

# साध्वी ऋतम्भरा ने की अखाड़ा परिषद अध्यक्ष से भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** दीदी मां साध्वी ऋतम्भरा ने मनसा देवी और श्री दक्षिण काली मंदिर में दर्शन पूजन किया और निरंजनी अखाडे में अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्पुरी से भेंट कर सनातन के उत्थान एवं संरक्षण संवर्द्धन पर चर्चा की। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने मां मनसा देवी की चुनरी भेंटकर साध्वी ऋतभ्भरा का स्वागत किया। साध्वी ऋतम्भरा ने कहा कि सनातन को आगे बढ़ाने और विश्व स्तर पर प्रचारित प्रसारित करने में अखाड़ों की अहम भूमिका है। अखाड़ों के संरक्षण में सनातन पूरे विश्व को प्रभावित कर रहा है। पूरी दुनिया में लोग सनातन परंपराओं को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष हरिद्वार में कुंभ मेले के आयोजन से सनातन संस्कृति पूरे विश्व को आलोकित करेगी। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि संत समाज का उद्देश्य ही सनानत का संरक्षण करते हुए समाज को धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर कर सांस्कृतिक रूप से एकजुट करना है। संतों के प्रयास से समस्त सनातन जगत एकजुट होकर अपनी परंपराओं से जुड़ रहा है। जिससे भारत विश्व गुरू के रूप में दुनिया को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करने के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दीदी मां ऋतम्भरा संत समाज की आदर्श और प्रेरणास्रोत हैं। उनके सानिध्य में करोड़ों लोग सनातन को मजबूत करने में योगदान कर रहे हैं। इस अवसर पर भारत माता मंदिर के म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी, स्वामी कपिलानंद सरस्वती, साध्वी चेतना, स्वामी सत्यश्रेय, साध्वी सहृदय, साध्वी शिरोमणि, स्वामी सत्यशील, स्वामी सत्यश्रवा, साध्वी सत्य श्रु ति, साध्वी सत्य निष्ठा, साध्वी सत्य समिधा, स्वामी सत्य आलोकानंद, अमित वालिया, संजय आदि मौजूद रहे।


# कारोबार की आड़ में पीठ बजार में धड़ल्ले से चल रहा सट्टे का गोरखधंधा, पुलिस मौन!

**सैफ सलमानी**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के पीठ बाजार में सट्टे का अवैध कारोबार अब बेलगाम हो चुका है। हालात ऐसे हैं कि पूरा इलाका सट्टा मंडी में तब्दील होता नजर आ रहा है, जहां कानून का डर नहीं बल्कि सटोरियों का दबदबा दिखता है। पुलिस के **"जीरो टॉलरेंस"** के दावे यहां पूरी तरह बेमानी साबित हो रहे हैं।

बाजार के बीचों-बीच दिन-रात खुलेआम सट्टा खिलाया जा रहा है। सटोरिये इतने बेखौफ हैं कि उन्हें न पुलिस का खौफ है और न ही कार्रवाई का डर। हैरानी की बात यह है कि कई शातिर अपराधी अपने वैध कारोबार की आड़ में इस अवैध धंधे को संगठित तरीके से चला रहे हैं, बाहर से दुकान, अंदर से सट्टे का अड्डा।

जमीनी हकीकत जानने के लिए जब खबरियों ने मौके पर सट्टा लगाया तो पूरा नेटवर्क खुलकर सामने आ गया। बिना किसी झिझक के पर्चियां काटी जा रही हैं। एक सटोरिये ने साफ शब्दों में कहा "यहां छोटी-मोटी पर्ची नहीं चलती, सिर्फ मोटा खेल होता है।" मौके से मिली पर्चियों में नंबर, तारीख और समय दर्ज थे, जो इस पूरे संगठित तंत्र की पोल खोलते हैं।




अब यह धंधा और हाईटेक भी हो चुका है। मोबाइल फोन के जरिए नंबर दर्ज किए जा रहे हैं, जिससे सट्टा कारोबार और ज्यादा सुरक्षित और फैलता जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि यह खेल सुबह से शुरू होकर अगले दिन तड़के तक लगातार चलता है। तय समय पर फरीदाबाद, गाजियाबाद, गली और दिसावर के नाम पर नंबर खोले जाते हैं और रोजाना लाखों रुपये दांव पर लगते हैं।

इस अवैध खेल की सबसे बड़ी कीमत गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों को चुका पड़ रहा है। मोटा मुनाफा पाने के लालच में लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं और कर्ज व आर्थिक संकट में फंसते जा रहे हैं। चिंताजनक पहलू यह भी है कि नाबालिग बच्चे तक इस जाल में खिंचते जा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य दांव पर लग रहा है। स्थानीय स्तर पर मांगेराम, सुनील, ऋषि और असलम (सुपर बिस्तर भंडार) जैसे नाम इस नेटवर्क से जुड़े बताए जा रहे हैं। चर्चा है कि इन लोगों ने पूरे क्षेत्र में सट्टे का जाल बिछा रखा है और लंबे समय से यह कारोबार बेखौफ चला रहे है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर इतने बड़े स्तर पर चल रहे इस अवैध कारोबार की भनक स्थानीय पुलिस और एलआईयू को क्यों नहीं है? या फिर सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंदी जा रही हैं? जिससे इलाके में रोज लाखों का सट्टा लग रहा है, वहां खुफिया तंत्र का अनजान रहना अपने आप में बड़ा सवाल है?

**सवाल सीधा है, कार्रवाई कब होगी?** या फिर पीठ बाजार की यह सट्टा मंडी यूं ही फलती-फूलती रहेगी और कानून सिर्फ कागजों तक सीमित रहेगा? फिलहाल हालात यही बता रहे हैं कि सटोरियों के हौसले बुलंद हैं और सिस्टम पूरी तरह से मौन नजर आता है।

# पांच हजार इनामी गौ तस्कर व एक गैंगस्टर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्री की पुलिस ने 5 हजार के एक गोतस्कर व एक गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार ईनामी अपराधियों के विरुद्ध सघन चैकिंग अभियान चलायें जाने हेतु अनुपालन मे थानाध्यक्ष पथरी द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की सघन चौकिंग के दौरान पुलिस टीमें लगातार थाना क्षेत्र में संदिग्ध/वांछित/ईनामी अपराधियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिशें दे रही है। पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ दबिशे दी गयी दबिश के दौरान एक 5000/ का ईनामी शहजाद पुत्र रफीक निवासी ऐथल थाना पथरी हरिद्वार (ईनामी) व जब्बार पुत्र जरीफ निवासी ग्राम बौडाहेडी (गैंगस्टर) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस टीम में व.उ.नि. उपेन्द्र सिंह, उ.नि.महेन्द्र पुंडीर, राकेश नेगी, सुशील कुमार, नवीन कुमार आदि उपस्थित थे। पथरी एसओ रविन्द्र कुमार ने बताया दबिश के दौरान दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम हासिम अली दर्ज है तथा मेरी पत्नी का नाम रिहाना नसीम दर्ज है, दोनों नाम गलत है। मेरे पिता का सही नाम हासिम है जिनका आधार नं. 7740 1198 2056 है तथा मेरी पत्नी का सही नाम रिहाना है जिसका आधार नं. 7292 8844 8444 है। मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का सही नाम हासिम व पत्नी का सही नाम रिहाना दर्ज किया जाना आवश्यक है। मौ0 सुल्तान पुत्र श्री हासिम, निवासी ग्राम हजाराग्रन्ट, पो. औरंगाबाद, तहसील व जिला हरिद्वार।

**सूचना**

मेरे व्यवहारी जुली पत्नी मनोज कुमार पाल की सम्पत्ति मुतालिका खसरा नं० 419/2/5, स्थित राजविहार, ग्राम डन्डेरा परगना व तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार का पुराना असल बैनामा, जो की गुरमीत सिंह ने सरिता के हक में किया था जो बही नं.-1, जिल्द नं० 3237, पृष्ठ नं० 353-380, क्रमांक नं० 7549 दिनांक 04/08/2016 पर पंजीकृत है, कहीं खो गया है। यदि किसी को यह दस्तावेज मिलता है या किसी को कोई आपत्ति हो, तो कृपया 15 दिन के अंदर संपर्क करें। उसके बाद इसका प्रयोग अमान्य होगा। विरेंद्र सिंह, एडवोकेट, चेंबर नं० 27, तहसील रुड़की, मो० नं० 9412073170

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# पछवादून के विद्यालयों में हर्षोल्लास से मनाया गया पृथ्वी दिवस

### विद्यार्थियों ने पृथ्वी और पर्यावरण बचाने की ली प्रतिज्ञा

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय विकासनगर एवं हरबर्टपुर, हिमालयन इंटरनेशल स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, वीर शहीद केसरी चंद महाविद्यालय डाकपत्थर में 'पृथ्वी दिवस' बडेÞ ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा 'पृथ्वी दिवस' विषय पर विचार, कविता, भाषण प्रस्तुत किए गए तथा पृथ्वी और पर्यावरण को बचाने की प्रतिज्ञा ली गई। एक लघु नाटक का भी प्रभावशाली मंचन किया गया।

पृथ्वी दिवस पर सेपियंस के हरबर्टपुर परिसर में अशोका सदन के छात्रों ने भी एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने पर्यावरण एवं पृथ्वी के महत्व को उजागर करते हुए लघु नाटिका, गीत, विचार प्रस्तुत किए तथा भूमि के संरक्षण की शपथ ली। सेपियंस विद्यालय विकासनगर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा नवमी के विद्यार्थियों द्वारा एक क्लीनिंग ड्राइव आयोजित की गई, जिसमें कक्षा छठी के लगभग 120 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अभियान का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन तनेजा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन सूरज चौहान, अनिल राठौर, रजनी राना एवं अंजली क्षेत्री द्वारा किया गया।




### विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर रखे विचार

**विकासनगर।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल में ईको क्लब द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। इस अवसर का मुख्य आकर्षण ईको क्लब द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक 'नेचर की कोर्ट" रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रकृति के प्रति मानव की जिम्मेदारी को सशक्त रूप से दर्शाया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि समय रहते हम नहीं संभले, तो इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे। इस कार्यक्रम में प्राचार्य सुनील दत्त, ईको क्लब की प्रमुख आकृति, विद्यालय प्रबंधन की ओर से अनामिका प्रशर, रीनू चंदल, इंदर नेगी, सुभान, आयुष वर्मा, लक्ष्मी, आशा, कुलविंदर तथा अनन्या, उपस्थित रहे।

### पृथ्वी दिवस के इतिहास और इसे मनाए जाने की दी जानकारी

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बाबूगढ़ में 'विश्व पृथ्वी दिवस' बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्रा दिशा और अक्षरा ने पृथ्वी दिवस के इतिहास और इसे मनाए जाने के मुख्य उद्देश्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के आचार्य कुलदीप जगवान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पृथ्वी को सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, आचार्य कुलदीप जगवान, आचार्य बाज सिंह, छत्रपाल, सुभाष चमोली और गुलजार सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### प्लास्टिक से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को किया उजागर

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर के बी.एड. विभाग द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर बी0एड संकाय के छात्र-छात्राओं ने एक प्रभावशाली लघु नाटिका का मंचन कर पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" रही, जिसके अनुरूप विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से रासायनिक पदार्थों और प्लास्टिक के बढ़ते प्रयोग से मानव स्वास्थ्य तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को उजागर किया। यह नाट्य प्रस्तुति डाकपत्थर के दो विद्यालयो शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल, डाकपत्थर तथा सरस्वती विद्या मंदिर हाईस्कूल, डाकपत्थर में की गई। कार्यक्रम में बीएड विभागाध्यक्ष डा. रूचित बहुखंडी, बी.एड. विभाग के शिक्षक प्रिंसी कर्णवाल, डॉ. कविता बडोला, दीपमाला धीमान, अनिता पंवार, जे. पी. नौगाईं, अभिषेक गौड़, विमल डबराल एवं आवेश कुमार उपस्थित रहे।

## चमियाला पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, टिहरी के समन्वय से एनडीआरएफ की टीम ने फेमेक्स कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड भिलंगना के बेलेश्वर स्थित हिमालयन एंजिल्स पब्लिक स्कूल, चमियाला में स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं सहित लगभग 312 प्रतिभागियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ टीम ने विभिन्न आपदाओं से बचाव, प्राथमिक उपचार, उपलब्ध संसाधनों से स्ट्रेचर तैयार करने के तरीके और खोज व बचाव कार्य में उपयोग होने वाले उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही टीम ने संयुक्त रूप से डेमो प्रस्तुत किया गया और उपस्थित अध्यापक-अध्यापिकाओं, कार्मिकों व छात्र-छात्राओं को भूकंप जैसी आपदा की स्थिति में सुरक्षित रहने के लिए माक ड्रिल का अभ्यास भी कराया। एनडीआरएफ के उपनिरीक्षक संतोष प्रसादने बताया कि 15वीं बटालियन एनडीआरफ के कमांडेंट संतोष कुमार के दिशा-निर्देशन में पूरे उत्तराखंड में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।जिसके 20 अप्रैल से 5 मई तक लगभग 13 स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसके तहत 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक तहसील घनसाली क्षेत्र में और 28 अप्रैल से 5 मई तक विकासखंड चंबा व थौलधार में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीडीएमओ के मुख्य प्रशिक्षक अनिल सकलानी ने आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए आपातकालीन टोल-फ्री नंबरों के बारे में भी अवगत कराया।

इस मौके पर विद्यालय के निदेशक कैलाश पैन्यूली और प्रधानाचार्य वासुदेव सेमवाल ने भी आपदाओं से बचाव व पूर्व तैयारियों के महत्व जानकारी देते हुए छात्रों को सतर्क रहने का संदेश दिया।

## मुख्यमंत्री राहत कोष से सहसपुर के जरूरतमंदों को मिली आर्थिक सहायता



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सहसपुर के विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने अपने कैंप कार्यालय में ग्राम सिंघनीवाला, रामगढ़, शेरपुर तथा चकमन्सा के निर्धन परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

सभी लाभार्थियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए इस सहायता को कठिन समय में बड़ी राहत बताया। कार्यक्रम के दौरान विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि वे भविष्य में भी हर संभव सहायता के लिए सदैव उपलब्ध रहेंगे और क्षेत्र के विकास व जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## जलवायु परिवर्तन जौनसार बावर की कृषि के लिए बढ़ता खतरा: डॉ. रवि कुमार

शाह टाइम्स संवाददाता

साहिया। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एस.एम.आर. जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में अर्थशास्त्र एवं चित्रकला विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। हरित अर्थव्यवस्था प्रकृति के साथ प्रगति के इस विषय पर छात्र-छात्राओं ने बढ़ते औद्योगीकरण, वैश्विक तापवृद्धि एवं जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को रचनात्मक रूप से अपने पोस्टर एवं निबंधों के माध्यम से प्रस्तुत किया। निबंध प्रतिभागियों ने विशेष रूप से प्राकृतिक जल स्रा.ेतों के सूखने, अनियमित वर्षा और कृषि पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभावों को प्रभावी ढंग से उजागर किया।



इस प्रतियोगिता में बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की सानिया तोमर ने प्रथम स्थान, बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की रविता ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की अरुणा रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शशिकला ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रवि कुमार, उप-प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष वरुण प्रसाद सेमवाल, चित्रकला विभागाध्यक्ष भरत सिंह सहित महाविद्यालय के मनीष चौहान, दिनेश, करीना, प्रिया, अजय, राजेश, कृतिका, पूजा, मिथुनी, प्रमिला, प्रांजल, दिव्या आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को वितरित किए बिस्किट व शीतलपेय

**नई टिहरी।** थाना छाम पुलिस ने चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु को यात्रा मार्ग में जागरूक करते हुए बिस्किट, फ्रूटी व पानी की बोतलों का वितरित किया। इस दौरान गंगोत्री व यमनोत्री धाम की यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुव्यवस्थित यात्रा के संबंध में जागरूक भी किया गया। थाना पुलिस की ओर से श्रद्धालुओं को बताया गया कि यात्रा मार्ग पर सावधानीपूर्वक चलें। रात्रि में अनावश्यक यात्रा करने से बचें। सभी धामों की पवित्रता व स्वच्छता बनाए रखें। मंदिरों में लाइन से ही दर्शन करें व व्यवस्था में सहयोग करें। होटल व ढाबों में भोजन करने से पूर्व रेट अवश्य जांच लें। हैली सेवा के लिए फर्जी वेबसाइटों पर बुकिंग से बचें। जल्दबाजी न करें, धैर्य व संयम के साथ यात्रा करें। वाहन धीमी गति से चलाएं व यातायात नियमों का पालन करें। थाना छाम पुलिस ने सभी श्रद्धालुओं को गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ व बद्रीनाथ धाम की मंगलमय और सुरक्षित यात्रा हेतु शुभकामनाएं दीं।

### शक्ति नहर में कूदी अज्ञात महिला



**विकासनगर।** डाकपत्थर स्थित झूला पुल के पास शक्ति नहर में एक महिला कूद पड़ी। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर महिला को बाहर निकाला। आज बुधवार को समय लगभग 12:15 बजे चौकी डाकपत्थर से सूचना प्राप्त हुई कि डाकपत्थर स्थित झूला पुल के पास एक महिला शक्ति नहर में कूद गई है। सूचना प्राप्त होते ही एसडीआरएफ टीम अपर उपनिरीक्षक सुरेश तोमर के नेतृत्व में तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस बल व लोगों के सहयोग से त्वरित रेस्क्यू अभियान चलाया गया। संयुक्त प्रयासों से महिला को मूर्छित अवस्था में नहर से बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल भेजा गया। उक्त महिला की पहचान के लिए जिला पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट को जल संस्थान ने स्थापित किया कंट्रोल रूम

**नई टिहरी।** अधिशासी अभियंता जल संस्थान, प्रशांत भारद्वाज ने आगामी ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए शाखा अंतर्गत पेयजल उपभोक्ताओं की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना की है। यह कंट्रोल रूम प्रतिदिन प्रात: 8रू00 बजे से सायं 8रू00 बजे तक संचालित रहेगा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपने क्षेत्र में तैनात अभियंताओं के मोबाइल नंबरों पर पेयजल आपूर्ति एवं सीवर लाइन लीकेज से संबंधित शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। साथ ही कंट्रोल रूम के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कर त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

### पॉलिटेक्निक बछेली के छात्रों को कराया औद्यानिक भ्रमण

**नई टिहरी।** छात्र-छात्राओं के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने और औद्योगिक बारीकियों से रूबरू कराने के उद्देश्य से राजकीय पालिटेक्निक, बछेलीखाल की ओर से एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के छात्रों ने देवप्रयाग के समीप स्थित नवयुगा इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड के निर्माण स्थल का दौरा किया। बुधवार को भ्रमण के दौरान रेल विकास निगम लिमिटेड के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर हिमांशु बडोनी ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। बताया कि यह साइट रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) की महत्वाकांक्षी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत आती है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने टनल (सुरंग) निर्माण की बारीकियों को समझा। साथ ही टनल निर्माण की आधुनिक तकनीकों और वहां इस्तेमाल हो रहे मानिटरिंग सिस्टम को करीब से देखा। इंजीनियरिंग विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि कैसे जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जा रहा है और सुरक्षा मानकों का पालन कैसे सुनिश्चित होता है। इस मौके पर संस्थान की विभागाध्यक्ष डा. शुभा पौखरिया, विपिन पंवार, राज आर्य, राजेंद्र जंगवान, प्रिंस चौहान आदि मौजूद रहे।

## जेबीआईटी में दो दिवसीय तकनीकी व सांस्कृतिक महोत्सव सृजन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेलाकुई।** जेबीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने अपने वार्षिक दो दिवसीय तकनीकी एवं सांस्कृतिक महोत्सव सृजन 2026 का भव्य उद्घाटन किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दीपक मुरारी, संयुक्त निदेशक, निदेशक उद्योग, की उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की बहुआयामी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था, जिसमें तकनीकी, गैर-तकनीकी एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ तकनीकी परियोजना प्रदर्शनी, नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियाँ शामिल थीं।



उद्घाटन समारोह में जिबिट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की अध्यक्षा हेमलता एलडी सिंघल, उपाध्यक्ष संदीप सिंघल, निदेशक प्रो. (डॉ.) पीके चौधरी तथा रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) विषांत कुमार ने छात्रों को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्रों को राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी दी, विशेषकर स्टार्टअप और निर्यात के क्षेत्र में युवाओं के लिए खुलते नए द्वारों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे अपनी तकनीकी दक्षता और नवाचार को उद्यमिता में परिवर्तित करें और राज्य के औद्योगिक विकास में योगदान दें।

इस अवसर पर तकनीकी प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रोजेक्ट्स ने आधुनिक तकनीक और नवाचार की झलक दिखाई, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## भाजपा ने प्रदर्शन कर फूंका कांग्रेस का पुतला

शाह टाइम्स संवाददाता

**थराली ।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण बिल) को लेकर देशभर में सियासी घमासान तेज हो गया है। इसी कड़ी में थराली के तलवाड़ी क्षेत्र में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। युवा मोर्चा के जिला महामंत्री कृष्णा सिंह ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला यह अधिनियम एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस महत्वपूर्ण पहल में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ओबीसी कोटा और तत्काल लागू करने जैसे मुद्दों को उठाकर इस कानून को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि दशकों से लंबित महिला आरक्षण को लागू करने की दिशा में केंद्र सरकार ने ठोस पहल की है, जिससे देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। ऐसे में विपक्ष का विरोध राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित प्रतीत होता है। प्रदर्शन में युवा मोर्चा के जिला महामंत्री कृष्णा सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य सौरभ विष्ट, मंडल अध्यक्ष थराली संजय जोशी, मंडल उपाध्यक्ष बिरेंद्र सिंह, मंडल मंत्री कुलसारी लक्ष्मण नेगी सहित तनुजा अंजली, किरन, प्रियंका निकिता माही और नेहा समेत कई छात्राएं मौजूद रहीं। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर अपनी भ्रामक राजनीति से बाज नहीं आई तो आगे भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे।

## विपक्ष के खिलाफ डीएवी कॉलेज चौक पर महिलाओं का प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** संसद में विपक्षी सांसदों द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का समर्थन न किए जाने के तीव्र विरोध में आज डीएवी महाविद्यालय की छात्राओं एवं महिलाओं ने डीएवी कॉलेज चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं बहनें उपस्थित रहीं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा उनका पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास महिलाओं के हितों के प्रति उदासीन रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने समय-समय पर महिलाओं को गुम. राह करने का कार्य किया है, जिससे उसकी नीयत स्पष्ट होती है। प्रदर्शन के दौरान बहनों ने एक स्वर में यह संदेश दिया।

इस अवसर पर एमकेपी कॉलेज की पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष साक्षी शंकर, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रगति रावत, पार्षद वंशिका सोनकर, मीरा , रेखा देवी, सुमन सिंह, तारा देवी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अंत में सभी महिलाओं ने नारी सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

## महिला आरक्षण पर केंद्र सरकार कर रही छलावा: नेगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने महिला आरक्षण बिल पर केन्द्र सरकार के रवैये पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि सरकार पहले दिन से ही अधिनियम के प्रति गंभीर नही दिखी और केंद्र सरकार का मकसद केवल राजनैतिक लाभ के लिए था उन्होंने कहा कि जब महिला आरक्षण अधिनियम 2023 संसद में सर्वसम्मति से पास हो गया था तो सरकार को इसे तुरंत लागू कर देना चाहिए था लेकिन सरकार इसका गजट नोटिफिकेशन तक जारी करना भूल गई।



जब नारी शक्ति वंदना संसोधन विधेयक 16 अप्रैल को सदन में पेश हुआ तो आनन फानन में नोटिफिकेशन जारी किया गया उन्होंने कहा कि सरकार की नीति एवं नीयत महिला विरोधी सोच है और सरकार केवल इसका राजनैतिक लाभ लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम बन गया तो इसे लागू करने में आनकानी क्यो।

उन्होंने कहा कि भाजपा घड़ियाली बहा रही ,उनकी सोच एवं कृत्य महिला विरोधी है उत्तराखंड में महिलाओ के प्रति आपराधिक घटनाएं जघन्य हत्याकांड हुये जिसमें भाजपा के नेता संलिप्त रहे लेकिन भाजपा नेताओं के मुंह पर ताला रहा दिवंगत अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा नेताओं ने एक बार भी मुंह नही खोला अंकिता हत्या कांड में वीआइपी भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यन्त गौतम का नाम आने के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नही की गई।

भाजपा नेता पूर्व सांसद बृज भूषण सिंह जो कि ओलम्पिक कुश्ती संघ का अध्यक्ष पर महिला पहलवानो ने उत्पीड़न का आरोप लगाया लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नही की गई उन्नाव में भाजपाविधायक कुलदीप सेंगर द्वारा नाबालिग बालि. का से दुस्कर्म एवं मणिपुर में महिला को नग्न करके घुमाने की शर्मसार कर देने वाली घटनाओ में भी भाजपा ने मुंह नही खोला आज भाजपा झूठा प्रपंच कर विपक्ष पर आरोप लगा रही है लेकिन जनता सब समझ चुकी है और भाजपा के झांसे में आने वाली नही उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा के महिला विरोधी नीतियों के सड़कों पर संघर्ष करेगी।

## डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता लाने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** मातृत्व स्वास्थ्य एवं क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की त्रैमासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने सभी संबंधितों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ करने, स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता एवं सुधार लाने एवं जनसामान्य को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में मातृत्व मृत्यु पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा सभी को भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी।




बैठक में प्रस्तुत मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा प्रत्येक घटना के कारणों का विश्लेषण करते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुन.रावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मातृत्व मृत्यु के मामलों में गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच, संस्थागत प्रसव, उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान एवं रेफरल व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिये गये।

संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए जनजागरूकता गति. विधियों को भी बढ़ाया जाए।राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी से हुई मृत्यु के मामलों की समीक्षा करते हुए समय पर जांच, उपचार की निरंतरता एवं मरीजों की निगरानी को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही टीबी रोगियों के प्रति सामुदायिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और उपचार के दौरान सहयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त जन्म-मृत्यु पंजीकरण कार्य के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) की समीक्षा भी की गई। बैठक में जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए पंजीकरण प्रक्रिया को और अधिक सुगम एवं समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए गए। संबंधितों को आपसी समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।इस अवसर पर सीडीओ वरुणा अग्रवाल, सीएमओ श्याम विजय डीडीओ मो. असलम, सीएमएस अमित राय, डीपीआरओ एम एम खान, क्षय रोग जितेन्द्र भण्डारी सहित संबंधित विभागीय कार्मिक उपस्थित रहे।

## प्रस्तावित मेडिकल कालेज को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मिले विधायक किशोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने नई टिहरी के ईणिया में प्रस्तावित मेडिकल कालेज और 500 बेड के अस्पताल के निर्माण के संबंध में बुधवार को देहरादून में स्वास्थ्य व वन मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात की। विधायक उपाध्याय ने मंत्री उनियाल को अवगत कराया कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट आदेशों के बाद भी अभी तक मेडिकल कालेज के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई है, जबकि भूमि का चयन होने के साथ ही कार्यदायी संस्था भी नामित हो गई है। मेडिकल कालेज की डिटेल डीपीआर भी प्रशासन को प्रदान की गई है। निर्माण के लिए धन की भी व्यवस्था कर दी गई है। साथ ही मुख्यमंत्री की भी नई टिहरी में मेडिकल कालेज की स्थापना की घोषणा है। विधायक ने मंत्री को अवगत कराया कि मेडिकल कालेज के निर्माण में विलंब से जन असंतोष बढ़ता जा रहा है।



इसलिए शीघ्र मेडिकल कालेज का निर्माण जनहित, जनप्रतिनिधियों और सरकार की साख बचाने क लिए आवश्यक हो गया है। इस मौके भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह रावत भी मौजूद रहे।

# गुजरात के श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत शव ले जाने के लिए दो घंटे भटकता रहा बेटा

■ मृतक के पुत्र ने प्रशासन पर लापरवाही और संवे. दनहीनता के गंभीर आरोप लगाये, स्वास्थ्य विभाग के दावों की भी खुली पोल

शाह टाइम्स संवाददात

**रुद्रप्रयाग।** बाबा केदार के कपाट खुलते ही एक बार फिर देवभूमि की स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रशासन के दावों की पोल खुल गई है। गुजरात से आए एक श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत के बाद, उनके परिजनों को शव को नीचे ले जाने के लिए घंटों तक दर-दर भटकना पड़ा। मृतक के बेटे ने प्रशासन पर लापरवाही और संवेदनहीनता के गंभीर आरोप लगाए हैं।

गुजरात के बड़ौदा से अपनी ट्रेवल एजेंसी (त्रिमूर्ति टूर्स एंड एडवेंचर) के साथ माता-पिता को लेकर दर्शन करने पहुंचे अंकुर कुमार ने प्रशासन की पोल खोलते हुए बताया कि पिताजी को हार्ट का इशू हुआ और वे गिर गए। हमने तुरंत 100 नंबर पर फोन किया। वहां से आश्वासन मिला कि टीम 5-10 मिनट में पहुंच जाएगी, लेकिन डेढ़ घंटे तक कोई नहीं आया। अंत में हार मानकर मैं खुद अपने पिता को पिठू पर लादकर अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### संवेदनहीनता की हद: धूप में पड़ा रहा शव

**रुद्रप्रयाग।** बेटे अंकुर का दर्द यहीं खत्म नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पिता का शव दो घंटे तक हेलीपैड पर चिलचिलाती धूप में पड़ा रहा। प्रशासन ने शव को हेलीकॉप्टर से नीचे ले जाने में हाथ खड़े कर दिए। अंकुर ने सवाल उठाया कि अगर मुख्यमंत्री के आने-जाने के लिए हेलीकॉप्टर मिल सकता है, तो एक मृत श्रद्धालु के लिए क्यों नहीं?

### मदद के बजाय 'वसूली' के आरोप लगे

**रुद्रप्रयाग।** अंकुर के अनुसार, रुद्रप्रयाग प्रशासन से मदद मांगने पर उन्हें एंबुलेंस का नंबर थमा दिया गया। आरोप है कि एंबुलेंस संच. ालक ने दिल्ली एयरपोर्ट तक शव छोड़ने के बदले 16,000 रुपए की मांग की। भारी संकट के बीच बेटे ने प्रशासन से पूछा कि क्या श्रद्धालुओं की मौत के बाद उनके सम्मानजनक विदाई का कोई बंदोबस्त नहीं होना चाहिए?

### सूचना मिलते ही दी सेवा: यूकाडा

रुद्रप्रयाग। दूसरी ओर, उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के सीईओ ने अपनी सफाई में कहा है कि कंट्रोल रूम को हेलीपैड पर शव होने की शुरुआती जानकारी नहीं थी।

जैसे ही महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने दोपहर 12 बजे सूचना दी, उसके 10-15 मिनट के भीतर हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराकर शव को नीचे पहुंचा दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यात्रा के दौरान मेडिकल फैसिलिटी और लॉजिस्टिक्स की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होती है।

### यात्रा तैयारियों पर सवाल खड़े हुए सवाल

**रुद्रप्रयाग।** घटना चारधाम यात्रा की तैयारियों पर एक बड़ा सवालिया निशान लगाती है। हर साल लाखों श्रद्धालु अपनी आस्था लेकर उत्तराखंड पहुंचते हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव और प्रशास. निक ढिलाई के कारण ऐसे हादसे 'देवभूमि' की छवि पर गहरा आघात करते हैं।

## पति से विवाद के बाद महिला लापता, पुलिस ने शुरू की तलाश

**हल्द्वानी।** पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद एक महिला घर छोड़कर चली गई। अगले दिन जब पति ड्यूटी से लौटा तो पत्नी घर पर नहीं मिली। काफी खोजबीन की लेकिन जब उसका कोई पता नहीं लगा तो पीड़ित पति पुलिस के पास पहुंचा और पत्नी के गुम होने की गुमशुदगी दर्ज कराई।

जानकारी के अनुसार राजपुरा निवासी पीड़ित पति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 19 मार्च की रात उसका अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद दोनों सो गए और अगली सुबह वह रोज की तरह काम पर चला गया। जब वह शाम को घर लौटा तो उसकी पत्नी घर पर नहीं थी। पीड़ित पति ने बताया कि पत्नी को संभावित स्थानों पर खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पत्नी के गुम होने की तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए महिला की तलाश शुरू कर दी।

# बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा जल्द कराएं उपलब्ध: जोशी



■ कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा की। दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य पोषित योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान विभाग द्वारा आगामी मई माह में प्रस्तावित एक्सपो के कार्यक्रम की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों से प्रदेश में बीते दिनों बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए अधिकारियों द्वारा बताया गया कि कृषि में दो जिलों में फसल को नुकसान हुआ है। जिसमें ऊधम सिंह नगर जिले के गदरपुर क्षेत्र में 33 प्रतिशत से अधिक क्षति 10.95 हेक्टेयर में हुई है। टिहरी जिले के जौनपुर ब्लॉक में 33 प्रतिशत से अधिक क्षति 5.06 हेक्टेयर क्षेत्रफल में हुआ है। उद्यान विभाग में औद्यानिकी फसलों में 33 प्रतिशत से अधिक क्षति लगभग 18.04 हैक्टेयर में हुई है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि भारत सरकार के मानकों के अनुसार शीघ्र कागजी कार्यवाही पूरी कर किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

इस अवसर पर निदेशक कृषि दिनेश कुमार, बागवानी मिशन निद. ेशक महेंद्र पाल, निदेशक कैप नृपेंद्र चौहान, उपनिदेशक उद्यान रतन लाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बाल संरक्षण व अधिकारों के प्रति जागरूकता बढाने को अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जिला प्रोबेशन अधिकारी, देहरादून के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग, उत्तराखंड द्वारा जनपद में बाल संरक्षण एवं बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में विकासनगर क्षेत्र के ग्राम छरबा स्थित मदरसा तथा देहरादून के रेसकोर्स क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र चंदन नगर में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल-फ्री नंबर 1098 के महत्व एवं उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बाल श्रम, बाल विवाह, बच्चों के प्रति लैंगिक अपराधों से संरक्षण (पोक्सो एक्ट), गुड टच-बैड टच, बाल कल्याण



समिति (सीडब्लूसी) तथा किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) की भूमिका एवं कार्यप्रणाली से भी बच्चों को अवगत कराया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम छरबा में कुल 55 एवं रेसकोर्स क्षेत्र में 25 बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं सहायता प्राप्त करने के तरीकों के संबंध में सरल एवं संवादात्मक माध्यम से जानकारी प्रदान की गई।

छरबा में सुपरवाइजर रक्षा द्वारा बताया गया कि बच्चों एवं महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम तथा उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए समय-समय पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, देहरादून ने अवगत कराया कि जनपद में बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसी उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही बाल संरक्षण को प्रभावी बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में छरबा क्षेत्र से चाइल्ड हेल्पलाइन देहरादून की ओर से सुप. रवाइजर रक्षा रावत, स्मृति एवं प्रदीप उपस्थित रहे, जबकि रेसकोर्स क्षेत्र में सुपरवाइजर सरिता रानी, हिमांशु (वर्कर), सविता गोगिया एवं रजनीश ने सहभागिता की।

जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी बच्चे के साथ हो रहे शोषण, उत्पीड़न या संकट की स्थिति में तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना देकर सहयोग प्रदान करें।

# तीन दिवसीय गढ़-कुमाऊं भ्रमण में अनेक कार्यक्रमों में शामिल होगे डॉ. रावत

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत आगामी 23 से 25 अप्रैल तक प्रदेश भ्रमण पर रहेंगे। अपने तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान डॉ. रावत अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के साथ ही नैनीताल जनपद में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे।

इस दौरान डॉ. रावत स्वतंत्रता सेनानी व पेशावर कांड के नायक वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली के पैतृक गांव पीठसैण में पेशावर कांड की स्मृति में आयोजित क्रांति दिवस मेले में प्रतिभाग करेंगे जबकि काशीपुर में तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित रोजगार मेले का शुभारम्भ करेंगे। भ्रमण के दौरान डॉ. रावत अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दो दर्जन गांवों में जनसम्पर्क कर आम लोगों की समस्याओं को भी सुनेंगे।

गढ़वाल व कुमाऊं भ्रमण पर जाने



से पहले कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वह 23 से 25 अप्रैल तक प्रदेश भ्रमण पर रहेंगे। जिसकी शुरूआत वह अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर से जनसम्पर्क अभियान के जरिये करेंगे।

उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल गुरूवार को वह क्षेत्र के चौरीखाल, कपरोली, नैणी, कैन्यूर, बग्वाड़ी, ब्यासी, रणगांव, मासौं, जगतपुरी, पापतोली, भरनौं, उफरैंखाल तथा डुमलोट में वृहद स्तर पर जनसम्पर्क कर आम लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्यओं को

■ पीठसैंण में पेशावर कांड की स्मृति में आयोजित मेले में करेंगे प्रतिभाग, काशीपुर में तकनीकी शिक्षा विभाग के रोजगार मेले का करेंगे शुभारम्भ

सुनेगे। इसके अलावा डॉ. रावत महान स्वतंत्रता सेनानी व पेशावर कांड के नायक वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली के पैतृक गांव जायेंगे, जहां वह पेशावर कांड की स्मृति में आयोजित क्रांति दिवस मेले में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे। इसके उपरांत वह बांकूड़ा में श्री भैरवनाथ स्वामी की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके अलावा पीठसैंण में नव निर्मित सुभाष चन्द्र बोस आवासीय परिसर एवं विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे।

शुक्रवार को डॉ. रावत मेलधार में स्थानीय लोगों व ग्रामीणों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास योजनाओं व अन्य स्थानीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके साथ ही वह चोपताखाल में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाईब्रिड क्लासरूम तथा प्राथमिक विद्यालय में चाहरदीवारी व सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

इसके अलावा चौखाल में राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौखाल, गुरफली, डुलमोट, खैतोली तथा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुलमोट के नव निर्मित कक्षा-कक्षों, चाहरदीवारी, प्रयोगशाला एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण के साथ ही कम्प्यूटर लैब का भी शिलान्यास करेंगे। शनिवार को डॉ. रावत रामनगर (नैनीताल) में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में नव निर्मित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास कका लोकार्पण करेंगे,

## बस चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**हल्द्वानी।** बीते सोमवार को रानीबाग क्षेत्र में चार साल की बच्ची को कुचलकर मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने अज्ञात रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। काठगोदाम रानीबाग जैन आयरन स्टोर के मालिक रॉबिन जैन ने काठगोदाम पुलिस को दी तहरीर में कहा कि मासूम कनक के पिता जीवन लाल उनकी दुकान में कार्यरत है, और दुकान के बेसमेंट में एक कमरे में रहते है। तहरीर में उन्होंने आगे कहा कि बीते सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे जीवन लाल दुकान में थे और उनकी पत्नी राज. कुमारी अपनी मासूम बच्ची कनक को आंगनबाड़ी केन्द्र से लेकर घर लौट रही थी। तभी रोडवेज रुद्रपुर डिपो की एक बस तेज रफ्तार से नैनीताल से हल्द्वानी आ रही थी तभी कनक मां के साथ सड़क पार कर रही थी तभी बस ने चपेट में ले लिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# बिड़ला स्कूल में साहित्य सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित बिरला विद्या मंदिर में कार्बेट पंत पियर्स वार्षिक कॉनक्लेव नामक 9वें साहित्यिक और सांस्कृतिक सम्मेलन बुधवार से शुरू हो गया है। सममेलन में देशभर के 150 विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं।

मुख्य अतिथि सांस्कृतिक उद्यमी और साहित्यिक कयूरेटर अमिताभ सिंह बघेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर दिवसीय कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। बघेल ने कहा कि वर्तमान समय में वैचारिक स्पष्टता और कलात्मक अभिव्यक्ति के मंच युवाओं को समाज की चुनौतियों को समझने और साहित्य के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन लाने की शक्ति प्रदान करते हैं। कॉनक्लेव के क्यूरेटर प्रणब मुखर्जी ने सम्मेलन की थीम और उसकी समसामयिक प्रासंगि. कता पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य



अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन विद्यार्थियों की समृद्ध परंपरा का एक अनिवार्य स्तंभ है। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों को साहित्य, कला और संवाद के क्षेत्र में अपनी विलक्षण प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है बल्कि उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को निखारने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। आयोजन की विशिष्टता को लेकर कहा कि आगामी तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में कविता पाठ, सामान्य ज्ञान, नाटक मंचन, वाद विवाद और आर्ट इंस्टालेशन जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें देश के विभिन्न कोनों से आए प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर वित्त प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता, उप प्रधानाचार्य राकेश मोलासी, शेरवुड कालेज के हेम पांडे समेत दीपक पांडे, जतिन ग्रोवर, ब्रजेश पांडेय समेत विभिन्न प्रांतों के विद्यार्थी और प्रतिनिधी मौजूद थे।

## कीटनाशक से एक किशोरी की जान गई

**हल्द्वानी।** बीते दिनों एक किशोरी ने भूलवश कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर किशोरी को परि. जनों द्वारा आनन फानन में सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार पुलभट्टा किच्छा ऊधमसिंह नगर निवासी अफरोज पेशे से ट्रक डाइवर हैं और यहां अपने चार बच्चों के साथ रहते हैं। इन चार बच्चों में 13 साल की बेटी अर्शी भी है। अफरोज के मुताबिक बीते मंगलवार को ट्रक लेकर पुलभट्टा से कमलुवागांजा हल्द्वानी गए थे और इस बीच बच्चे घर पर थे। सुबह के वक्त अर्शी घर में झाड़ू लगा रही थी। झाड़ू लगाते उसे जमीन पर एक शीशी पड़ी मिली। अर्शी ने ढक्कन खोला और शीशी का चाट दिया। कुछ देर बाद ही उसे उल्टियां और दस्त शुरू हो गए। अर्शी ने पिता को फोन किया। पिता फौरन घर पहुंचे और पास ही स्थित एक अस्पताल ले गए। अर्शी को ड्रिप लगाई गई, लेकिन शाम तक उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ। जब अफरोज ने फिर से बेटी से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने शीशी चाटी थी। घर पहुंचे अफरोज ने शीशी देखी तो वह कीटनाशक की थी। वह फौरन अस्पताल पहुंचे और चिकित्सक को जानकारी दी। जिसके बाद फौरन ही अर्शी को सुशीला तिवारी चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बुधवार को शव को पोस्टमार्टम कराया गया।


## कार्यालय जिला पंचायत रूद्रप्रयाग

संख्या 295/ निर्माण-05 / 2025-26 दिनांक 22.04.2026

### निविदा सूचना

जिला पंचायत रुद्रप्रयाग में सोलर स्ट्रीट लाईट कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/आपूर्तिकर्ता से शीलबन्द निविदायें दिनांक 06.05.2026 को 2.00 बजे अपराह्न तक आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन 3.00 बजे सायं को उपस्थित फर्म/आपूर्तिकर्ता के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ 3 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/बैंक की एफ०डी०आर के रूप में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत रुद्रप्रयाग के पद नाम से बन्धक कर प्रस्तुत करनी होगी। प्रत्येक निविदा के साथ रूपये 100.00 का नान जूडिसियल स्टाम्प पेपर व 1.00 रूपये का रसीदी टिकट लगाकर ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र दिनांक 05.05.2026 को अपराह्न 4.00 बजे तक जिला पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। प्रत्येक निविदादाता को निविदा प्रपत्र में अपनी दरों का प्रतिशत में स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि 3 प्रतिशत | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का शुल्क/ जी.एस.टी. 16 प्रति. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खाखरा वार्ड के अन्तर्गत सोलर लाईट स्थापना | 2193000 | 65790 | 45 दिन | 3 माह | 1000+18 प्रतिशत |

**शेष शर्ते -**

1. इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता को सोलर स्ट्रीट लाईट उच्च गुणवत्ता की उत्तम श्रेणी का प्रयोग करना अनिवार्य होगा, निम्र गुणवत्ता की सामग्री स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता को निविदा प्रकाशित होने की तिथि से पूर्व जिला पंचायत रुद्रप्रयाग में ए श्रेणी में पजीकृत होना अनिवार्य है।
3. इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता को अनुबन्ध के समय 5 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा।
4. इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता को सोलर स्ट्रीट लाईट कार्य करने का कम से कम 03 वर्ष अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता को निविदा के साथ 03 वर्ष का ITR संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता को निविदा के साथ 1.00 करोड का टर्न ओवर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा के साथ फर्म/आपूर्तिकर्ता को अपना बैंक खाता एवं जी०एस०टी० की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. सशर्त निविदा/अपूर्ण निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
9. निविदा विक्रय एवं खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में, निविदा अगले कार्यदिवस में बेची/खोली जायेगी।
10. कार्य सन्तोषजनक ढंग से पूर्ण होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
11. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दर के अन्तर्गत ही प्रत्येक कार्य पर साइन बोर्ड लगाया जाना आवश्यक होगा।
12. जिला पंचायत के बकायादार को निविदा विक्रय नहीं की जायेगी।
13. अन्य शर्ते एवं कार्य के निमित विशिष्टियों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में जिला पचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
14. किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में न्याय क्षेत्र रुद्रप्रयाग होगा।

(संजय कुमार)
प्र.अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत रुद्रप्रयाग

(पूनम कठैत)
अध्यक्ष
जिला पंचायत रुद्रप्रयाग



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTTHIN2001/05656

मोबाइल-9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


## गौलापार में एमआरएफ सेंटर का उद्घाटन

**हल्द्वानी।** नगर निगम द्वारा गौलापार क्षेत्र में स्थापित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर का शुभारंभ बुधवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस दौरान मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि एमआरएफ सेंटर के संचालन से शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की प्रक्रिया को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शहर के स्वच्छता स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नगर आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सेंटर के माध्यम से प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले कचरे का पृथक्करण और पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) सुनिश्चित किया जाएगा। इससे लैंडफिल साइट पर निर्भरता कम होगी और कचरे के प्रबंधन में आधुनिक व प्रभावी प्रणाली विकसित हो सकेगी। इस मौके पर नगर आयुक्त परितोष वर्मा, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी, लेखा अधिकारी सहित निगम के अन्य अधिकारियों के साथ बेनी सेना की महिला सदस्य मौजूद रही।



## नादिर भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री मनोनीत

**हल्द्वानी।** जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल के आद. ेशानुसार जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने संगठन को मज़बूत करने के लिए और बाबा साहेब तथा कांशीराम के विचारों को जन जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए जनाब नादिर सैफी को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया है। संगठन नेतृत्व को उम्मीद है कि नादिर सैफी अपने पद की ज़िम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा संगठन को मज़बूत करने के लिए अहम भूमिका निभाएंगे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल

पत्रांक:- 88/ ठेकेदारी पंजीकरण / नवीनीकरण / 2026-27 / नरेन्द्रनगर, दिनांक: 22 अप्रैल, 2026

**-सार्वजनिक सूचना-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु पूर्व पंजीकृत एवं विभिन्न विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों जो इस निकाय में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये अपना पंजीकरण / नवीनीकरण करवाना चहाते हैं, ऐसे सभी इच्छुक ठेकेदारों हेतु पंजीकरण /नवीनीकरण की तिथि दिनॉक, 22 अप्रैल 2026 से 22 मई 2026 तक निहित की जाती है, ठेकेदारी पंजीकरण/नवीनीकरण किये जाने हेतु विस्तृत नियम एवम् शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका परिषद् नरेन्द्र नगर से प्राप्त की जा सकती है।

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नरेन्द्रनगर, टि0ग0।

**सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **खैरुन्निशा- Kherunnisha (पुराना नाम)** से बदलकर **खैरुन्निशा- Khairunnisha (नया नाम)** कर लिया है। भविष्य में मुझे खैरुन्निशा पत्नी निसार अहमद (Khairunnisha W/o Nisar Ahmad) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शपथकर्ता: खैरुन्निशा पत्नि निसार अहमद, निवासी:- गली नंबर-4, आजाद कॉलोनी, माजरा, जिला देहरादून, पिन- 248171, उत्तराखंड**

# पर्यटन सीजन के लिए व्यवस्थाएं अप-टू-डेट रखें

## तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अधिकारियों संग की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कार्यालय सभागार नैनीताल में आगामी पर्यटन सीजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पर्यटन सीजन के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नैनीताल को निर्देश दिए कि पूरे देश में सभी टोल प्लाजा में फास्टैग से भुगतान किया जा रहा है। नैनीताल शहर विश्व प्रसिद्ध शहर है वर्तमान में यहां की व्यवस्था अभी भी मैनुअल है। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल फास्टैग व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश ईओ नगर पालिका नैनीताल को दिए।कहा कि यात्रा सीजन में आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं की संख्या अत्यधिक बढ़ जाती है इस हेतु सभी व्यस्थाएं चाक चौबंद रहे। उन्होंने नैनीताल नगर एवं अन्य क्षेत्र में संचालित सभी टैक्सी वाहनों के चालकों, नाव संचालकों, घोड़ा संचालकों तथा होटल व्यवसाय में कार्यरत सभी कर्मियों का पुलिस सत्यापन शीघ्र कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि एक भी अवांछित व्यक्ति का प्रवेश न हो इस हेतु आने वाले लोगों पर पैनी नजर बनी रहे पुलिस विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए। बिना सत्यापन के कोई भी व्यक्ति पर्यटन कार्य में संलग्न न रहे। उन्होंने कहा कि नैनीताल नगर के प्रमुख स्थानों सहित अन्य पर्यटन स्थलों में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त रखी जाए। जिलाधिकारी ने यातायात व परिवहन व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए कि भीमताल, भवाली व श्री कैंचीधाम क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखी जाए। प्रत्येक टैक्सी वाहन में निर्धारित किराया सूची चस्पा की जाए तथा प्रमुख स्थानों पर भी किराया सूची डिस्प्ले की जाए। स्थानीय लोगों को भी किसी भी प्रकार की यातायात की समस्या न हो यह सुनिश्चित कर लिया जाय। शटल सेवा के किराए की दर निर्धारित कर जगह जगह उसे डिस्प्ले किया जाए। सभी टैक्सी वाहनों में डस्टबिन रखना अनिवार्य होगा। पर्यावरण एवं झील का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी नेकहा कि कोई भी वाहन सड़क पर खड़ा नहीं रहेगा। नियम का उल्लंघन करने पर तत्काल चालानी कार्रवाई की जाएगी।

बाहरी वाहनों का प्रवेश सीमित रखा जाए इसके लिए प्रभावी प्लान बनाया जाए। जिलाधिकारी ने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु परिवहन पुलिस की क्यूआरटी तैनात रहेगी जो लगातार प्रवर्तन की कार्रवाई करेगी। शटल सेवा व पार्किंग व्यवस्था के संबंध में चर्चा के दौरान शटल सेवा स्थलों व सभी पार्किंग स्थलों में पेयजल, विद्युत, शौचालय व प्रकाश सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत के अधिकारियों को रुसी बाईपास स्थित दोनों पार्किंग में सभी व्यवस्थाओं के साथ ही दोनों पार्किक स्थलों में पर्याप्त कर्मचारी तैनात करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पार्किंग स्थलों में पर्याप्त संख्या में शौचालय स्थापित करने के साथ ही उनमें पानी की समुचित व्यवस्थाएं एवं पेयजल की व्यवस्था के भी निर्देश जिला पंचायत व जल संस्थान के अधिकारियों को दिए। इस संबंध में उपजिलाधिकारी नैनीताल को जिला पंचायत, जल संस्थान एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्था यथासमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी नैनीताल व पर्यटन अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी होटल एवं होमस्टे का संयुक्त निरीक्षण कर उनमें पार्किंग एवं कक्षों की क्षमता का आंकलन करेंगे ताकि उसी क्षमता में पर्यटक आएं और अनावश्यक भीड़ व ट्रैफिक की समस्या न बने। उन्होंने अवैध रूप से संचालित होमस्टे' के खिलाफ तत्काल उचित कार्रवाई के भी निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि नैनीताल में जितने भी टूरिस्ट गाइड व घोड़े संचालक पंजीकृत हैं उन्हीं को अनुमति रहेगी अवैध व बिना पंजीकृत पाए जाने पर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। यह भी निर्णय लिया कि सभी गाइड निर्धारित ड्रेस कोड' में रहेंगे। नैनीताल, भीमताल व कैंची धाम क्षेत्र में कयूआरटी टीम के माध्यम से निरंतर पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखे जानेए के साथ ही सुरक्षा हेतु चीता बाईक व पीए सिस्टम भी जगह जगह तैनात रखने पर निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, पुलिस अधीक्षक क्राइम जगदीश चंद्र, पुलिस अधीक्षक संचार रेवाधर मठपाल, सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, उपजिलाधिकारी नवाजिश खलिक, संभागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द पाण्डे, जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम सख्त, कड़े निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि जिले में संस्थागत प्रसव शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए प्रसव केंद्र बढ़ाने, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ तैनात करने और गर्भवती महिलाओं की पंजीकरण से लेकर प्रसव तक लगातार निगरानी रखने को कहा। उन्होंने प्रत्येक गर्भवती महिला का बर्थ प्लान तैयार करने और होम डिलीवरी का रिव्यू कर कमियां दूर करने के निर्देश दिए। जिले के लिंगानुपात पर चिंता जताते हुए डीएम ने पीसीपीएनडीटी एकट के तहत अल्ट्रासाउंड केंद्रों की सख्त निगरानी और छापेमारी करने को कहा। बैठक में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चालानी कार्रवाई बढ़ाने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एचसी पंत ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस सात मई को आयोजित होगा जिस पर डीएम ने सरकारी व निजी स्कूलों में अभियान की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में बीडी पांडे अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. तरुण कुमार टम्टा मौजूद रहे।

# कार्मिक के वेतन से एक लाख की वसूली के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार भीमताल में रीप परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीडीओ ने रीप परियोजना अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा के दौरान रीप परियोजना के एक कार्मिक के वेतन से लगभग एक लाख की वसूली करने के निर्देश दिए। सीडीओ पांडे ने सहायक परियोजना निदेशक को निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण आखया का संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में पाया कि विकास खण्ड भीमताल के कमल सीएलएफ कार्यालय के लिए किराए पर लिए गए भवन में कार्यालय संचालन के बजाय आउटलेट/दुकान का संचालन किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री महिलाओं के स्थान पर रीप सीएलएफ स्टाफ द्वारा की जा रही है। बिना विधिवत कार्यालय स्थापित किए ही किराया एवं स्टाफ वेतन से संबंधित व्यय अनियमित रूप से दर्शाए जा रहे हैं। संबंधित स्थान पर कार्यालय किराए की संस्तुति की जा रही है। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि कार्यालय हेतु लिए गए किराए की राशि की वसूली संबंधित रीप कार्मिक के वेतन से की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनियमितताओं पर रोक लगाने हेतु सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में संचालित सीएलएफ कार्यालयों का सत्यापन कर एक सप्ताह के भीतर फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। खंड विकास अधिकारी योजनाओं का समय समय पर भौतिक सत्यापन करने के उपरांत ही किसी भी भुगतान की संस्तुति करें। कहा कि सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में एपीडी चंद्रा फर्त्याल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कार्यों का भौतिक सत्यापन करें अधिकारी: सीडीओ

**नैनीताल।** सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे की अध्यक्षता में बुधवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) जीरामजी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामोत्थान सहित ग्रामय विकास की विभिन्न योजनाओं की विकास भवन सभागार भीमताल में समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं में प्रगति के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ पांडे ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने तथा योजनाओं के सत्यापन के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र मुहैया कराने के निर्देश दिए तथा समस्त खंड विकास अधिकारियों को अभिनव प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में जाकर कार्यों का भौतिक सत्यापन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले यह सुनिश्चित रहे। कहा कि वित्तीय वर्ष की शुरूआत है सभी अधिकारी अभी से लक्ष्य की पूर्ति हो तस्तपरता से कार्य करें। बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी तथा सहायक परियोजना निदेशक चंद्रा फर्त्याल, के साथ ही सभी खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल में चोरी के मामलों से दहशत

**नैनीताल।** नगर के एकमात्र राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था होने के बावजूद चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं जिससे अस्पताल में असुरक्षा पर भी सवाल उठ रहे हैं। बता दें कि बीते दिनों अस्पताल के बाथरूम से दो बार टौटी चोरी होने का मामला व एक बार बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। हाल ही में दो बार संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर अस्पताल स्टाफ की ओर से पुलिस के हवाले किया जा चुका है लेकिन इसके बावजूद घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि इस संबंध में पुलिस को कई बार शिकायत दी जा चुकी है और अस्पताल परिसर व आस पास के क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की गई है।

### कूड़ा व प्लास्टिक से जंगल में आग का खतरा

**नैनीताल।** जंगल की ओर फेंके जा रहे कूड़े और प्लास्टिक ने अब आग लगने का बड़ा खतरा खड़ा कर दिया है। बढ़ती गर्मी के बीच यह लापरवाही न सिर्फ जंगलों को नुकसान पहुंचा रही है बल्कि वन्यजीवों के जीवन पर भी गंभीर संकट पैदा कर रही है। जिसको देखते हुए उच्च अधिकारियों ने वन क्षेत्राधिकारियों को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीओ ममता चंद ने बताया कि कई स्थानों में दुकानों रेस्टोरेंट के आसपास सड़क किनारे कचरा व प्लास्टिक जंगलों की ओर से फेंका दिखाई दिया है। वन क्षेत्राधिकारियों को कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं साथ ही लगातार निगरानी के भी निर्देश दिए गए हैं।

### पालिका ने सफाई को आउटसोर्स में रखे 80 कर्मी

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद नैनीताल ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। पर्यटन सीजन को देखते हुए पालिका ने आउटसोर्स के जरिए 80 सफाई कर्मियों की तैनाती की है। इसके अलावा 10 कर्मचारियों की एक विशेष टीम भी बनाई गई है जो आपात स्थिति में वार्डों में सफाई व्यवस्था संभालेगी। बुधवार को पालिका प्रशासन ने मल्लीताल बाजार, मालरोड और सूखाताल समेत कई वार्डों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्थानों पर गंदगी के ढेर और अव्यवस्था मिलने पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई। कुछ वार्डों की गलियों और मुखय मार्गों पर कूड़े का अंबार मिला। नियमित सफाई नहीं होने के चलते संबंधित क्षेत्र के सफाई हवलदार से तत्काल स्पष्टीकरण तलब किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक अमित कुमार और क्षेत्रीय सफाई हवलदार मौजूद रहे।

### डामर महंगा होने से डामरीकरण रुका

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन से पहले राहत की उम्मीद जगा रहा नैनीताल-काठगोदाम मार्ग के डामरीकरण कार्य अब एक बार फिर अटक गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार निर्माण सामग्री बिटुमेन (डामर) महंगा होने के चलते करीब 10 दिन पहले काम रोक दिया गया है जिससे सड़क सुधार की रफ्तार पूरी तरह थम गई है। मामले में एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि निर्माण सामग्री बिटुमेन (डामर) के दाम बढ़ने के कारण कार्य अस्थायी रूप से रोका गया है। उच्चाधिकारियों से बजट और दरों को लेकर स्पष्ट निर्देश मिलने के बाद ही काम दोबारा शुरू किया जा सकेगा।

### राज्य सरकार चार सप्ताह में जवाब पेश करे

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जनपद अल्मोड़ा के ग्रामीण क्षेत्र विमोला में कुछ लोगों के द्वारा अपने निजी हित के लिए किए जा रहे निर्माण कार्य का मलुवा अल्मोड़ा शहर की एक लाख से अधिक की जनता का प्यास बुझाने वाली कोसी नदी में डाले जाने व ग्रामीणों का मुख्य मार्ग को क्षतिग्रस्त किए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। बुधवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि इनके द्वारा ग्रामीणों का आम रास्ता क्षतिग्रस्त कर दिया है। इससे होने वाले नुकसान की भरपाई इनसे कराई जाए। जिसपर कोर्ट ने सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

# पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

## विश्व पृथ्वी दिवस पर नैनीताल में हुए विविध कार्यक्रम






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में बुधवार को पृथ्वी दिवस के मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राणी उद्यान नैनीताल में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीएफओ आकाश गंगवार के निर्देशन में किया गया, जिसमें बड़ी संखया में स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के तहत अवर प्लांट अवर प्लैनेट थीम पर आधारित गतिविधियों में छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर अपनी कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया वहीं कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए सीड बॉल (बीज गेंद) निर्माण गतिविधि कराई गई। इस दौरान छात्रों को बीज बॉल बनाने की प्रक्रिया सिखाई गई और उन्हें



अपने-अपने विद्यालयों एवं आसपास के क्षेत्रों में इन्हें रोपित करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा छात्रों के लिए स्टोन पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रतिभागियों ने पत्थरों पर आकर्षक चित्र बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर उप निदेशक प्राणी उद्यान द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया और उन्हें वन्यजीव संरक्षण व पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल टमटा ने बताया कि इस अवसर पर करीब 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्राणी उद्यान के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे और सभी ने मिलकर पृथ्वी को सुरक्षित और संरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जगदीश सिंह कोरंगा वन दरोगा नितिन मुकेश, वन आरक्षी, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट, विक्रम सिंह मेहरा फार्मासिस्ट, प्रियंका, मीना अधिकारी, भावना दोरियाल एवं प्राणी उद्यान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन अनुज कांडपाल ने किया। सेंट जोन्स विद्यालय में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इन आयोजनों में भाग लिया और प्रकृति के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता रावत द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उपप्रधानाचार्या पूनम बिष्ट द्वारा बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रमों में पर्यावरण विषयक चित्रकला प्रतियोगिता और भाषण का भी आयोजन किया गया । नन्हें-नन्हें बच्चों ने सुन्दर सुन्दर कलाकृतियों से सबका मन मोह लिया। पर्यावरण को बचाने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर किए जाने वाले उपायों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। संभाषण संस्कृत, हिन्दी व अंग्रेजी में दिए गए।

# सरकार विस्तृत शपथ पत्र पेश करे: हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने काशीपुर के द्रोण सागर डेम की जमीन पर किए जा रहे अतिक्रमण व यहां स्थित ऐतिहासिक मंदिरों में आने वाले चढ़ावे का दुरुपयोग करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ राज्य सरकार से चार सप्ताह में विस्तृत शपथ पत्र पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह की तिथि नियत की है। बुधवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार ने पूर्व के आदेश की अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें कहा गया कि अतिक्रमण की जांच के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर जांच की गई जिसमें कोई अतिक्रमण नहीं पाया गया लेकिन इसका विरोध करते हुए पक्षकारों की तरु से कहा गया कि वहां पर अतिक्रमण हुआ है, जिसके फोटोग्राफ व शपथपत्र के माध्यम से पेश किया गया, जिसपर कोर्ट ने सरकार से एक विस्तृत शपथपत्र पेश करने को कहा।

### यूसीसी बिल के मामले में सुनवाई अब जुलाई में

नैनीताल। उत्तराखंड में 27 जनवरी 2025 से सरकार द्वारा लागू किये यूसीसी बिल को चुनौती देती कई याचिकाओं पर बुधवार को एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने मामले की अगली सुनवाई हेतु जुलाई तीसरे हप्ते रखा है। बुधवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ताओं की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया गया कि पूर्व में सरकार ने कहा था कि इसमें संशोधन कर रखे हैं। हुआ या नही उन्हें नहीं मालूम नहीं जिस पर कोर्ट ने सरकार से कहा है कि बिल में संसोधन हुआ है या नहीं। अगली तिथि तक कोर्ट को अवगत कराएं।

### राजकीय नर्सरी के विकास को लेकर समीक्षा बैठक

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बुधवार को राजकीय नर्सरी के जीर्णोद्धार और समग्र विकास को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने नर्सरी को आदर्श व आत्मनिर्भर इकाई बनाने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में ऑर्नामेंटल व इनडोर पौधों के उत्पादन बढ़ाने, कोल्ड स्टोरेज स्थापना, इंटरलॉक मार्ग निर्माण और बम्बू हट विकसित करने पर जोर दिया गया। साथ ही नर्सरी भ्रमण की व्यवस्था कर आमजन व विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी देने और नाममात्र शुल्क से आय बढ़ाने के सुझाव दिए। बताया गया कि बीते वित्तीय वर्ष में नर्सरी से 5.86 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जनपद में एनिमल लिफ्टिंग मशीनें शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद में बीमार, घायल एवं अशक्त पशुओं की सहायता के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा पशुपालन विभाग को अनटाइड फंड के माध्यम से आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए, जिसके तहत मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा 10 आधुनिक एनिमल लिफ्टिंग मशीनों की खरीद की गई। इन मशीनों का लोकार्पण विधायक पार्वती दास एवं जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विधायक ने निर्देश दिए कि मशीनों को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया जाए, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों के पशुपालकों को भी इस सुविधा का लाभ मिल सके। जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इन मशीनों की उपलब्धता से बेजुबान पशुओं के उपचार में बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने इस कार्य के लिए जिलाधिकारी एवं पशुपालन विभाग की प्रशंसा की। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. केके जोशी ने बताया कि कई बार बीमार एवं घायल पशु स्वयं खड़े होने में असमर्थ होते हैं, जिससे उनका उपचार करना कठिन हो जाता है। ऐसे में ये मशीनें पशुओं को सुरक्षित रूप से उठाने और बेहतर उपचार देने में अत्यंत उपयोगी साबित होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि सभी मशीनों को शीघ्र ही दूरस्थ पशु चिकित्सालयों में भेज दिया जाएगा और यह सेवा पशुपालकों को नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. पीके जोशी, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डा. गौरव कोहली, सचल पशु चिकित्साधिकारी डा. दिव्या सती सहित विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# पहलगाम हमले की पुण्यतिथि पर शहीदों को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एकता जन सेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के तत्वावधान में पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) के बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले की प्रथम पुण्यतिथि पर माता काली स्थित डीके पार्क के शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर ने कहा कि पिछले वर्ष हुए इस हमले में 26 निर्दोष लोगों की हत्या की गई थी, जो घाटी में भय फैलाने की साजिश थी। उन्होंने इसे पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का उदाहरण बताते हुए शहीदों को नमन किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने शहीदों को याद करते हुए आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण, जीतू सागर, रोहित दिवाकर, संजय कुमार, लक्ष्मी देवी, अमरदीप और शशि गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# तांडव नृत्य की ऊर्जावान प्रस्तुति से समां बांधा

## ऑल सेंट्स कॉलेज में स्पिक मैके ने किया भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** स्पिक मैके (सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियनन कला. सिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ) द्वारा नैनीताल के प्रतिष्ठित विद्यालय ऑल सेंट्स कॉलेज में भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं संस्कृति पर आधारित भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को निकट से जानने का अवसर प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजिना रिचर्ड्स देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यांगना प्रतीक्षा काशी तथा गुरु व्यंजन्ति काशी, बीएन कुमार, पृथ्वी कृष्णा, कुमार बाबू व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर किया गया। इसके बाद प्रतीक्षा काशी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद रामायण के सीता हरण प्रसंग का भावपूर्ण मंचन प्रस्तुत किया गयाए जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कलाकारों ने तांडव नृत्य की ऊर्जावान प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में कुचिपुड़ी नृत्य के माध्यम से जीवन के पांच तत्वों का सुंदर चित्रण किया गया। आंध्र प्रदेश की प्रसिद्ध कुचिपुड़ी शैली की विशेष प्रस्तुति 'तरंगम' में कलाकार ने पीतल की थाली के किनारे पर नृत्य कर सभी को आश्चर्यचकित और भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी कलाकारों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर स्पिक मैके के कुमाऊं क्षेत्र के कॉर्डिनेटर सार्थक अरोड़ा, सेंट मेरी कॉन्वेंट कॉलेज की प्रधानाचार्या रेवण सिस्टर टॉमसी, वृंदावन स्कूल की प्रधानाचार्या राखी साह, ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। संचालन वान्या वारसी और जोविता अरोड़ा द्वारा किया गया।



# भाकपा (माले) स्थापना दिवस पर संघर्ष का संकल्प




**शाह टाइम्स संवाददाता**

लालकुआं। भाकपा (माले) के 57वें स्थापना दिवस पर दीपक बोस भवन में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर फासीवाद के खिलाफ संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। वरिष्ठ नेता बहादुर सिंह जंगी और जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि देशभर में मजदूर सम्मानजनक वेतन और सामाजिक सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने नोएडा, मदरसन, आंगनबाड़ी और सिडकुल समेत विभिन्न क्षेत्रों के आंदोलनों का समर्थन करते हुए सरकार से मजदूरों की मांगें पूरी करने की अपील की। कार्यक्रम में संगठन के विस्तार और जनसंघर्ष को मजबूत करने का आह्वान किया गया। इस दौरान कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रुड़की पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी का शानदार स्वागत

# रामपुर तिराहा कांड में सपा का कोई रोल नहीं : भाटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शिक्षा नगरी रुड़की पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी का सपा नेता समीर आलम के नेतृत्व में सैंकड़ो पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।इस मौके पर सपा नेता राजकुमार भाटी ने कहा की समाजवादी पार्टी सबसे पहले उत्तराखंड में अपने संगठन को खड़ा करेंगी और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा की महिला आरक्षण को लेकर भाजपा महिलाओं को गुमराह कर रहे है मोदी जी और योगी जी महिला आरक्षण को लेकर जनता को गुमराह कर रहे है और झूठ फैला रहे हैँ उन्होंने कहा की अब योगी जी को लगने लगा है की यूपी से उनकी बिदाई होना तय है उन्हें अहसास हो चुका है की अब उन्हें विपक्ष में बैठना है। राजकुमार भाटी ने कहा की बंगाल में झारपुरी खाने गए प्रधानमंत्री का फर्जीवाड़ा भी सामने आ गया है झारपुरी खिलाने वाला कौन था दस का नोट किसने दिया अब यह लोगो के सामने सच आ चुका है उन्होंने कहा की बंगाल में टी एम सी की सरकार बनना तय है भाजपा झूठ की राजनीति कर रही है।राजकुमार भाटी ने एक सवाल



के जवाब में कहा की यूपी विधानसभा चुनाव में ज्यादा राजनैतिक दलों से गठबंधन नहीं करेंगी बल्कि जिताउ और टिकाऊ दलों को साथ लिया जाएगा। भाटी ने कहा की रामपुर तिराहां काण्ड में समाजवादी पार्टी का कोई रोल नहीं है। यह भाजपा का प्रोपगेंडा है। उन्होंने उत्तराखंड की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया की हरिद्वार और उधमसिंह नगर के दोनों जिलों में मूल निवास प्रमाण पत्र नहीं दिए जा रहे हैँ जो बड़ा दुर्भाग्य है उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से जल्द से जल्द दोनों जिलों में मूल निवास प्रमाण पत्र देना चाहिए।

**❖महिला आरक्षण को लेकर भाजपा पर जमकर बरसे भाटी**

# भाटी ने दरगाह में फूल व चादर पेश कर मांगी अमन-चैन की दुआ

शाह टाइम्स संवाददाता

पिरान कलियर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज कुमार भाटी ने बुधवार को पिरान कलियर पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दरगाह साबिर पाक में चादर और फूल पेश किए। इस दौरान सज्जादानशीन परिवार के शाह यावर मियां ने देश मे अमनो अमान की दुआ कराई।



पिरान कलियर पहुंचने पर सपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर राज कुमार भट्टी ने कहा कि दरगाह में हाजिरी देने से उन्हें मानसिक शांति और सुकून मिला है। उन्होंने कहा कि इस दरबार पर देश के कोने-कोने से लोग आते हैं और उनकी भी यहां आने की काफी लंबे समय से इच्छा थी।भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में कई विकास कार्य हुए थे। लेकिन वर्तमान में विकास की गति थम गई है और केवल विभाजनकारी राजनीति की जा रही है। उन्होंने महिला आरक्षण बिल का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2023 में बिल दोनों सदनों से पारित हो चुका है। लेकिन इसे लागू करने के बजाय भाजपा इसे राजनीतिक मुद्दा बना रही है।उन्होंने आगामी चुनावों को लेकर कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तराखंड में भी मजबूती के साथ संगठन को विस्तार देगी और मजबूती से चुनावी मैदान में उतरेगी।इस दौरान चंद्रशेखर यादव, समीर आलम, साजिद अंसारी, दिलशाद, मास्टर मौसम अली, हाजी नूरहसन, राव धन्नू, डॉ. तौफीक अहमद, वसीम अहमद, राशिद अली, मुर्सलीन सिद्दीकी, मोनू कुरैशी,धर्मवीर खटाना, सागर कसाना,डॉक्टर नसीर ,नईम अब्बासी और राव रिहान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भगवानपुर कोतवाल का अपराध नियंत्रण को लेकर

# मोबाइल दुकानदारों के साथ गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए हर स्तर से पहल शुरू कर दी है कोतवाल रितेश शाह ने क्षेत्र के कई दर्जन मोबाइल शॉप दुकानदारों के साथ जागरूकता अभियान पर बात करते हुए अपराध नियंत्रण में सहयोग की अपील की है

जानकारी के अनुसार कोतवाली भगवानपुर क्षेत्रान्तर्गत मोबाइल शॉप्स का संचालन कर रहे सभी दुकानदारो की प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर की अध्यक्षता में कोतवाली प्रांगण मे मीटिंग ली गई। इस दौरान उपस्थित जन को लापरवाही से बचने के लिए चेताते हुए कोतवाली पुलिस द्वारा निम्नलिखित दिशा निर्देश दिये गये- सभी दुकानदार अपनी दुकान में एक रजिस्टर बनाएंगे जिसमें मोबाइल क्रय/विक्रय करने वाले व्यक्ति का आधारकार्ड नंबर, मोबाइल नंबर व पूरा पता अंकित किया जाए। सभी संचालक अपनी-अपनी दुकानों में ब्ब्ज्ट कैमरा लगाएंगे जिसका व्यू सड़क को भी पूरा कवर करे। कोई भी दुकानदार बिना बिल लिए किसी के मोबाइल का लॉक नहीं तोड़ेगा। पुराना मोबाइल खरीदने से पहले संचार साथी ऐप में पउमप चेक करेंगे



और यदि मोबाइल ब्लैक लिस्टेड पाया जाए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सभी मोबाइल दुकानदार अपना एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएंगे जिसमें हल्का प्रभारी चेतक कर्मचारीगण भी ऐड होंगे। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में सूचना तत्काल व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करेंगे।

## पुलिस ने एक फरार वारंटी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया ऑपरेशन परहार के तहत एसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओ को सत प्रतिशत तामिल करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया गया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 22 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम नसीम पुत्र निसार निवासी पुंडीरपुर उर्फ पिपली कोतवाली लक्सर बताया।

### शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार

# तीन युवकों की ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर, दो की मौत, तीसरा गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** मंगलवार देर शाम लखनोता से कुछ आगे सत्संग भवन के पास देवबंद मार्ग पर शादी समारोह से वापस लौट रहे एक ही बाइक पर सवार तीन युवकों की ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो जाने पर 22 वर्षीय दो युवकों की मौत हो गई तथा तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। मृतक के चाचा द्वारा तहरीर देकर थाने में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम रूहालकी थाना बहादराबाद निवासी नितर पाल द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि मंगलवार शाम उसका भतीजा शुभम पुत्र सवर्गीय राधेश्याम भांजा मोनू पुत्र सुभाष व रिश्तेदार आदित्य निवासी ग्राम जैनपुर थाना मंगलौर उक्त तीनों एक ही बाइक से उत्तर प्रदेश के देवबंद से एक विवाह समारोह से अपने घर वापस आ रहे थे। जैसे ही उक्त लखनोता से कुछ दूरी पर स्थित सत्संग भवन के पास आए उसी समय लापरवाही व तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर बाइक से हो गई। ट्रैक्टर की टक्कर लगते ही बाइक सवार बाइक सहित सड़क पर गिर गए तथा टक्कर इतनी जोरदार थी कि भतीजे शुभम की मौत मौके पर ही हो गई तथा भांजे मोनू कुमार की मौत रुड़की स्थित सिविल अस्पताल में हो गई थी। रिश्तेदार आदित्य का सरकारी अस्पताल रुड़की में उपचार चल रहा है ।थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा कब्जे में ले लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद दोनों मर्तक के शव को उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। मृतको के शव को उनके गांव में परिजनों द्वारा नम आंखों से अंतिम संस्कार किया गया। मृतको के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# आईआईटी रुड़की ने की गांवों की अर्थव्यवस्था में सुधार को अहम पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रुड़की से एक बड़ी और सकारात्मक खबर सामने आई है, जहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने गांवों की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देने की दिशा में अहम पहल की है। संस्थान के ग्रामीण प्रौद्योगिकी कार्य समूह रूटैग के जरिए विकसित तकनीकों को अब उद्योगों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी। आईआईटी रुड़की ने मल्टी-मिलेट डिहस्किंग मशीन और हेम्प डिकॉर्टिकेटर जैसी आधुनिक तकनीकों को उद्योग साझेदारों के साथ साझा किया है। ये मशीनें न केवल किसानों और ग्रामीण उद्यमियों के काम को आसान बनाएंगी, बल्कि उत्पादन क्षमता को भी कई गुना बढ़ाने में मदद करेंगी। मिलेट प्रोसेसिंग में समय और मेहनत की बचत होगी, वहीं हेम्प से जुड़े उद्योगों को भी नई गति मिलेगी। इस पहल के तहत इंडो क्लाइमेट लैब, जय मां दुर्गा इंजीनियरिंग कंपनी और धीमन एंटरप्राइजेज जैसे उद्योगों के साथ करार किया गया है, जिससे इन तकनीकों का बड़े स्तर पर उपयोग संभव हो सकेगा। आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम सिर्फ तकनीकी विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण भारत में आय बढ़ाने और नए रोजगार के अवसर पैदा करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। संस्थान के निदेशक प्रो. कमल किशोर पंत ने कहा कि आईआईटी रुड़की लगातार ऐसे नवाचारों पर काम कर रहा है, जो सीधे समाज के काम आएं और देश को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दें। कुल मिलाकर, यह पहल गांवों की तस्वीर बदलने के साथ-साथ 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही हैं।

# अवैध चाकू के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में सलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों में असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा 21 अप्रैल 2026 को चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम सलीम पुत्र सफीक निवासी खेड़ी खुर्द थाना कोतवाली लक्सर बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल मनोज मिनान कांस्टेबल अनूप पोखरियाल शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## हीटवेव को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते हीटवेव के प्रभाव को देखते हुए उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन, जनपद हरिद्वार ने विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग उठाई है। इस संबंध में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य शिक्षा अधिकारी नरेश हल्दियानी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया।संगठन के जिलाध्यक्ष अश्वनी चौहान, जिला कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा एवं जिला मंत्री हेमेन्द्र चौहान ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि वर्तमान समय में जनपद हरिद्वार सहित प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग द्वारा भी हीटवेव की चेतावनी जारी की जा चुकी है। वर्तमान परिस्थितियों में छात्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। पदाधिकारियों ने तर्क देते हुए बताया कि पड़ोसी जनपदों में भी विद्यालय समय में परिवर्तन कर सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे छात्रों को राहत मिल रही है और अभिभावकों में भी संतोष का वातावरण है। इसी प्रकार हरिद्वार में भी समय परिवर्तन आवश्यक है ताकि शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके और बच्चों को अनावश्यक कठिनाइयों से बचाया जा सके। ऐसे में विद्यालय समय को प्रात: 7:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निधारित करना व्यावहारिक, संवेदनशील और जनहितकारी निर्णय होगा।

## विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के रहमतपुर गांव में बुधवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार रहमतपुर गांव निवासी इसराना (36) पत्नी शहजाद का शव उसके मकान की दूसरी मंजिल पर एक कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी सबसे पहले एक पड़ोसी युवक को हुई जिसने तत्काल महिला के पति को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पति यह दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए।बताया जा रहा है कि महिला के तीन बच्चे हैं और घटना के समय उसने बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर भेज रखा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नहर में नहाते समय लापता हुए युवक का शव बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** गंग नहर में नहाते समय डूबकर लापता हुए युवक का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। साहनपुर नजीबाबाद (उत्तर प्रदेश) निवासी 25 वर्षीय इकबाल जो वर्तमान में सलेमपुर दादुपुर बहादराबाद में रह रहा था। शनिवार को अपने जीजा के साथ पिरान कलियर घूमने आया था।और दोपहर के समय वह गंग नहर घाट पर नहाने गया। इस दौरान तेज बहाव की चपेट में आकर वह डूबने लगा। मौके पर मौजूद लोगों और साथियों ने उसे किसी तरह बाहर निकाल लिया।लेकिन कुछ देर बाद इकबाल दोबारा नहर में उतर गया और इस बार तेज बहाव में बहकर लापता हो गया था। घटना के बाद पुलिस और गोताखोरों द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी।बुधवार को उसका शव मंगलौर क्षेत्र के आसफनगर झाल से बरामद किया गया। पुलिस ने परिजनों को बुलाकर शव की पहचान कराई और पोस्टमार्टम के बाद उनके सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# विधवा महिला ने लगाया जमीन के नाम पर 11 लाख की ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत पिरान कलियर क्षेत्र में जमीन के नाम पर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। जवाई खेड़ा निवासी एक विधवा महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उसे सरकारी सीलिंग भूमि पर बने मकान को पुश्तैनी बताकर बेच दिया और उससे 11 लाख रुपये ठग लिए। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि तहरीर के आधार मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार पिरान नगर पंचायत पिरान कलियर क्षेत्र में जमीन के नाम पर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। कलियर निवासी पीड़िता फरीदा पत्नी स्व. कल्लू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कलियर के ही एक व्यक्ति और उसके साथी ने उसे एक मकान दिखाया और उसे अपनी पुश्तैनी संपत्ति बताते हुए बिक्री के लिए तैयार कर लिया। दोनों ने उसे भरोसा दिलाकर उक्त मकान का बैनामा भी करा दिया। जबकि वह भूमि सरकारी सीलिंग की बताई जा रही है।

महिला के अनुसार उसने जीवनभर की जमा पूंजी जोड़कर 11 लाख रुपये में मकान खरीदा। लेकिन कुछ ही दिनों बाद मकान पर सरकारी नोटिस चस्पा कर दिया गया। जिसमें इसे सीलिंग की भूमि बताया गया। नोटिस मिलने के बाद उसे अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ।पीड़िता का आरोप है कि जब उसने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे, तो वे बौखला गए और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। इतना ही नही उसे जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है और सार्वजनिक रूप से बेइज्जत किया जा रहा है। महिला ने पुलिस से मामले में जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, अपनी रकम वापस दिलाने तथा अपनी जान-माल की सुरक्षा करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि तहरीर के आधार मामले की जांच की जा रही है।

# गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान एजेंसियों पर लगी रही लंबी कतारें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** घरेलू सिलेंडर की किल्लत से आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले दो दिनों से गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। लोग सुबह से ही खाली सिलेंडर लेकर लाइन में लग रहे हैं, लेकिन कई घंटों के इंतजार के बाद भी कई उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल पा रही है।

अमेरिका और ईरान-इजराइल के बीच हुए युद्ध के बाद से देश में गैस का संकट गहराया हुआ है। लंढौरा में पिछले दो दिनों से गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ देखी जा रही है। आलम यह है कि कई लोग सुबह से दोपहर तक लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ घर लौटने को मजबूर हो रहे हैं। गैस की किल्लत को खासकर जिन परिवारों में शादी है, वह बेहद चिंतित है, क्योंकि कमर्शियल गैस सिलिंडरों की आपूर्ति नहीं की जा रही है। इससे शादी परिवार के लोगों को सिलिंडर की व्यवस्था करने में दिक्कतें रही हैं। इससे लोगों में नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। एक ओर सरकार और तेल कंपनियां देश में गैस की



पर्याप्त उपलब्धता होने का दावा कर रही हैं, वहीं स्थानीय स्तर पर किल्लत से लोग परेशान हैं। ऐसे में लोगों का कहना है कि यदि भंडारण पर्याप्त है तो वितरण व्यवस्था में कहीं न कहीं समस्या जरूर है।

**अदालती सूचना**

**न्यायालय: प्रथम अतिरिक्त प्रधान परिवार न्यायाधीश रूडकी**

मूल वाद सं. 383-सन 2024

श्रीमती रूबीना पत्नी हसीन हाल निवासी ग्रीनपार्क कालोनी निकट चारमीनार मस्जिद रामपुर रूडकी थाना कोतवाली गंगनहर रूडकी तह. रूडकी जिला हरिद्वारं। **प्रार्थिया** बनाम

हसीन अहमद पुत्र महमूद नि. बेकरी वाली गली, इमली रोड रूडकी थाना कोतवाली रूडकी जिला हरिद्वार। **विपक्षी** हरगाह वादिनी ने विपक्षी के विरूद्ध **आपके द्वारा धारा** 144 **बीएनएसएस का एक नालिश वाद दायर किया। लिहाजा आपको हुकुम होता है** कि आप बतारीख 24.04. 2026 बवक्त 10 बजे के दिन असलातन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकियी किया गया हूं ओर अमूरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। और इनफिलाल कतई मुकमदा तजवीज हुई है। अस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपनी जवाबदेही के ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजरी आपको मसमूह ओर फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज तारीख 22.04. 2026 जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से प्रबंधक**
**प्रथम अतिरिक्त प्रधान**
**परिवार न्यायाधीश रूडकी**

# कलियर पुलिस ने दबोचा एक नशा तस्कर, 438 ग्राम चरस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत कलियर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 438 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। बरामद चरस की कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी जा रही है।

कलियर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान तेल्लीवाला निवासी विपिन कुमार को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 438 ग्राम चरस बरामद हुई।




पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह आसपास के गांवों से चरस खरीदकर ऊंचे दामों पर ग्राहकों को बेचता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।। टीम में कलियर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी, धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह और हेड कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

# सम्पादकीय


**गुरुवार, 23 अप्रैल 2026**

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

## आतंक के खात्मे का संकल्प

22 अप्रैल 2025 सामान्य दिनों के जैसे वो भी सुबह रही। हर दिन जैसे कश्मीर आज भी उसी खूबसूरती के साथ पर्यटकों का स्वागत कर रहा था। हालांकि किसी को नहीं पता था कि इस दिन को किसी की नजर लग जाएगी और अचानक से सब बदल जाएगा। आज बुधवार को देशभर में पहलगाम हमले की बरसी पर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई और आतंकवाद को करारा जवाब देने का संकल्प लिया गया। कश्मीर के पहलगाम में स्थित बैसरन (कश्मीर का स्विटजरलैंड) अपने यहां आए आगंतुकों का बांह फैला कर स्वागत कर रहा था। दोपहर के समय कुछ ऐसा हुआ कि देश का हर नागरिक हिल गया। विश्व के सभी देश सन्न रह गए। अचानक दोपहर में कुछ आतंकी आए और निर्दोष लोगों को मार गिराया। इस घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने धर्म पूछकर निर्दोष लोगों को मार दिया, जिसकी दुनियाभर में निन्दा की गई और इसके लिए पाकिस्तान में बैठे आतंकियों को जिम्मेदार ठहराया गया। गीता, कुरान, बाइबल और ग्रन्थ साहिब में कहीं भी किसी भी नागरिक को मारने या प्रताड़ित करने की बात नहीं की गई। अगर आतंकी कुरान पढ़ने वाले थे, तो उनका दिल कैसे कठोर हो गया। जबकि आतंकी किसी धर्म के नहीं होते, वे अपने आपको जिहादी भले कहें, लेकिन दुनिया में उनकी इज्जत नहीं है। अब जबकि दुनिया 21 वीं सदी की ओर जा रही है और सबकुछ हाईटेक होता जा रहा है, तो ऐसे मौकों पर आतंक को खत्म करने का संकल्प लेना होगा। क्योंकि यदि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति होती है, तो 21वीं सदी की ओर जा रही दुनिया के विकास में रुकावट आ सकती है। पहलगाम में आतंकियों ने कथित तौर पर पर्यटकों से उनका धर्म पूछा, उनसे कलमा पढ़ने को कहा। जब वह ऐसा नहीं कर सके, तो आतंकियों ने उन्हें गोली मार दी। इस घटना में आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की जान ले ली। इस कायराना हरकत के बाद देश के हर नागरिक का खून उबल रहा था। पहलगाम हमले के बाद दुनिया भर के देशों ने इस कायराना हरकत की निंदा की। पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के खिलाफ सभी देशों ने एक सुर में आवाज उठाई। विश्व के कई देशों के नेताओं ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई में साथ रहने का आश्वासन दिया। हालांकि पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की ओर से इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हालांकि इस हमले के बाद पीएम मोदी ने कई जनसभाओं में कहा था कि जिन्होंने यह घोर पाप किया है, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसके बाद सेना अधिकारियों के साथ गोपनीय बैठक कर पीएम मोदी ने पाक के अंदर घुसकर कार्रवाई का आदेश दिया, जिसके बाद सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसमें पाक में बैठे कई आतंकियों को जमींदोज कर दिया और घर मिट्टी में मिला दिए। इसके बाद अपनों को खोने वालों के आंसू पोंछे गए।

### सरकार ने देश की महिलाओं को धोखा दिया



महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार में जरा भी ईमानदारी है, तो उसे तत्काल संसद की मौजूदा सीटों से ही 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देना चाहिए, कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अत्यंत संवेदनशील है और महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता देश की महिलाओं को संसद तथा विधानसभाओं में संसद से पारित आरक्षण कानून को लागू करने की मांग को लेकर अगले दो महीने में 10 लाख पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री मोदी को भेजेंगी, भाजपा की मानसिकता कभी महिलाओं को आरक्षण देने तथा उनके साथ न्याय करने की नहीं रही है, यदि पार्टी सच में महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है, तो उसे 543 लोकसभा सीटों के आधार पर महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू करनी चाहिए, महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के जरिये प्रधानमंत्री और उनके नेतृत्व वाली सरकार ने देश की महिलाओं को धोखा दिया है। **–अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस**

# नारी शक्ति वंदन पर राष्ट्र के नाम पीएम का रुंदन भरा संबोधन



**निर्मल रानी**



मध्य एशिया में छिड़े संघर्ष के परिणामस्वरूप पूरे विश्व में मंहगाई व बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। भारत में भी गैस व सिलेंडर के अभाव के कारण लगने वाली लंबी लंबी कतारों के साथ ही हजारों छोटे व मध्यम उद्योगों के बंद होने के समाचार मिल रहे हैं। विभिन्न औद्योगिक नगरियों से कामगारों के ऐसे दर्दनाक दृश्य दिखाई दे रहे हैं जो कोरोना काल के समय हुए प्रवासियों के पलायन की याद दिला रहे हैं। परन्तु हमारे देश की सरकार व यहां के नेता इन वास्तविकताओं से मुंह मोड़कर हमेशा की तरह आज भी श्चुनावी मोड श में हैं। प्राय: ऐसा देखा गया है कि चुनावी बेला में कुछ न कुछ ऐसा शगूफा जरूर छोड़ा जाता है जो सत्ता के पक्ष में, चुनाव को प्रभावित करने, विपक्ष को बदनाम करने, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा सत्ता का दुरुपयोग करने वाला हो परन्तु इन चुनावी महारथियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि चुनाव आयोग सहित अनेक संस्थाओं पर सत्ता ने अपनी पकड़ मजबूत जो कर ली है?

देश ने पिछले दिनों एक ऐसा ही हाई प्रोफाइल राजनैतिक ड्रामा देखा। केंद्र सरकार ने अचानक 16 से 18 अप्रैल 2026 तक संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुला लिया। सरकार की तरफ से पहले तो इस आपात सत्र को बुलाने के कारण को भी सांसदों से गुप्त रखा गया। फिर एन वक्त पर बताया गया कि इस विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य महिला आरक्षण विधेयक जिसे वर्तमान सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया है इसे जल्द लागू करने के लिए लोकसभा की सीटों का परिसीमन करना व इनकी संख्या 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने संबंधी संशोधन विधेयक पारित कराना है। सरकार का कहना है कि ऐसा करने से 2029 के आम चुनावों से पहले 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू हो सकेगा। यही बताकर लोकसभा में विगत 17 अप्रैल को 131वां संविधान संशोधन विधेयक सरकार द्वारा पेश किया गया जो मतदान के बाद पारित नहीं हो सका। क्योंकि इस संविधान संशोधन विधेयक को पारित होने के लिए लोकसभा में विशेष यानी दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। गोया वर्तमान में लोकसभा में कुल 543 सदस्य हैं और कुल सदस्यों का सामान्य बहुमत लगभग 272 होता है जोकि सरकार के गठन के लिए तो पर्याप्त है परन्तु संविधान संशोधन के लिए उपस्थित और मतदान करने वालों सदस्यों में दो-तिहाई बहुमत के लिए सामान्यत: 362 या इससे अधिक वोट चाहिए। परन्तु चूंकि केवल 298 मत विधेयक के पक्ष में और 230 इस के विपक्ष में पड़े इसलिए यह विधेयक पारित नहीं हो सका। वैसे भी इतना महत्वपूर्ण विधेयक सदन की पटल पर लाने से पूर्व जिसपर परिसीमन को लेकर चर्चा की जाने थी, सत्ता पक्ष ने विपक्ष से बात करना, सर्वदलीय बैठक बुलाना या विपक्ष को विश्वास में लेना भी जरूरी नहीं समझा।

अब इस नारी शक्ति वंदन नामक विधेयक के गिरने के बाद सत्ता ने एक बड़ा है हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू किया जिस के तहत पहले तो प्रधानमंत्री ने कैबिनेट की बैठक में विधेयक गिरने का ठीकरा विपक्ष पर फोड़ा और बाद में प्रधानमंत्री ने श्राष्ट्र के नाम संबोधनश किया जो कि एक रुन्दन भरा व शत प्रतिशत चुनावी भाषण जैसा सम्बोधन था। जनता के टैक्स के पैसों से संचालित होने वाले दूरदर्शन, संसद टी वी व ऑल इंडिया रेडिओ जैसे चौनल्स पर इसे लाइव प्रसारित किया गया। जबकि सत्ता के गुणगान में लगे श्गोदी मीडिया श के अधिकांश निजी चौनल्स ने भी इसे लाईव प्रसारित किया। यह संबोधन पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित, विपक्षी दलों को बदनाम करने, कई राज्यों में चल रहे चुनावों के बीच चुनाव को प्रभावित करने वाला तथा चुनाव आचार सं॰ हता का खुला उल्लंघन था। सही मायने में सरकार की जितनी फजीहत विधेयक के पारित न होने से हुई थी उससे कहीं ज़्यादा इस तथाकथित श्राष्ट्र संबोधन श से हो गई। 18 अप्रैल को श्राष्ट्र के नाम सम्बोधनश के नाम पर दिए गए इस 29 मिनट के चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया बल्कि अन्य कई विपक्षी दलों के अतिरिक्त 58 बार केवल कांग्रेस पार्टी का नाम लेकर उसे खूब कोसा। इसके बाद देश के 700 से अधिक पूर्व नौकरशाहों व विशिष्ट लोगों ने भारतीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई कि प्रधानमंत्री के प्रसारण में चुनाव अचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गईं और प्रधानमंत्री का भाषण चुनाव अचार संहिता का सरासर उल्लंघन है। क्योंकि चुनाव अचार संहिता के लागू होने के बावजूद सरकारी टीवी प्रसारण के द्वारा चुनाव प्रचार किया गया और पार्टी प्रोपेगैंडा करने के लिए सरकारी मास मीडिया प्लेटफार्म का दुरूपयोग किया गया जोकि चुनाव नियमों का गंभीर उल्लंघन है। निश्चित रूप से देश के इतिहास में यह पहला मौका था जबकि किसी प्रधानमंत्री ने केवल विपक्ष को बदनाम करने व उसकी आलोचना करने के लिए श्राष्ट्र को संबोधितश करने के बहाने इस तरह से सरकारी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया हो। इसके बाद मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने जिस तरह आंकड़ों व तथ्यों के साथ भाजपा को आइना दिखाना शुरू किया उससे तो भाजपाइयों के लेने के देने पड़ गए। ,सबसे पहले तो कांग्रेस ने कहा कि जो महिला आरक्षण विधेयक पहले ही संसद में पारित हो चुका है उसे पुन: पारित करने का अर्थ क्या है ? नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि ए दरअसल महिला आरक्षण विधेयक नहीं है बल्कि भारत के वर्तमान चुनावी ढांचे को बदलने की साजिश है। राहुल गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री महिला आरक्षण चाहते हैं तो 2023 का पारित हो चुका महिला विधेयक लाएं और उसे आज ही लागू करें तो पूरा विपक्ष समर्थन देगा। साथ ही इस विधेयक के गिरने के बाद महिलाओं की हमदर्दी में घड़ियाली आंसू बहाने व विपक्ष पर ही हमलावर होने वाली भाजपा से इसी विपक्ष ने ऐसे सवाल पूछने शुरू कर दिए जिसका भाजपा के लफ्फाजी नेताओं के पास कोई जवाब नहीं।

महिला आरक्षण के इन स्वयंभू सत्ताधारी हमदर्दों से विपक्ष ने यह भी पूछा कि सबसे ज़्यादा सांसद होने के बाद भी बीजेपी की महिला सांसदों की संख्या का अनुपात अन्य राजनैतिक दलों की तुलना में सबसे कम क्यों है ? गौरतलब है कि वर्तमान लोकसभा में बीजेपी के 240 लोकसभा सांसदों में केवल 31 महिलाएं हैं अर्थात उनकी संख्या मात्र 12.90 प्रतिशत है। जबकि कांग्रेस के 98 सांसदों में 14 यानी 14.30 प्रतिशत इसी प्रकार टीएमसी के 29 में 11 महिला सांसद यानी 37.90 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसी तरह समाजवादी पार्टी में भी 37 में 5 यानी 13.50 प्रतिशत महिला सांसद हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने भाजपा का यह चिठा भी खोलकर रख दिया कि भाजपा के शासन में यहां तक कि स्वयं अनेक भाजपा नेताओं द्वारा नारियों का किस तरह शोषण व अपमान किया गया है व किया जा रहा है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के गिरने पर प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम रुन्दन भरा संबोधन कोरी राजनीति, आचार संहिता का उल्लंघन, जनता के टैक्स के पैसों का दुरूपयोग और भाजपा की हताशा के सिवा और कुछ नहीं था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ईरानी मीडिया में पाकिस्तान की किरकिरी

**एक तरफ वह आतंकवाद विरोधी सहयोग की बात करता है, वहीं दूसरी ओर विरोधी तत्वों को समर्थन देता है। मैकमास्टर ने कहा कि भारत द्वारा लंबे समय से उठाए जा रहे ये मुद्दे नए नहीं हैं। पाक 1940 के दशक के अंत से ही आतंकवादी संगठनों को अपनी विदेश नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। उन्होंने चीन-ईरान संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजिंग की आर्थिक मदद तेहरान के लिए अहम है। चीन ईरान के तेल का करीब 90 प्रतिशत खरीदता है, जिससे वहां की सरकार को वित्तीय सहारा मिलता है।**



**रोहिताश सिंह वर्मा**


एक ओर ईरान के वार्ता से इन्कार करने पर अमेरिका ने सीजफायर का दायरा बढ़ा दिया है, तो दूसरी तरफ ईरानी मीडिया ने पाकिस्तान पर सवाल उठा दिए है। ईरान का कहना है कि पाकिस्तानी नेता आसिम मुनीर खुद अमेरिका और चीन के मोहरे हैं, इसलिए पहली दौर की वार्ता में पाकिस्तान ने प्रस्तावों का जवाब नहीं आने दिया। अमेरिकी मीडिया के खुलासे के बाद पाकिस्तान कि फिर से किरकिरी हो गई हैं।

रिपोर्टों के अनुसार ईरानी मीडिया ने अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थता में पाकिस्तान की भूमिका और उसकी तटस्थता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ईरानी सरकारी मीडिया ने पाकिस्तान की तटस्थ ब्रोकर के रूप में भूमिका पर तीखी टिप्पणी की है। ईरान ने संकेत दिया है कि पाकिस्तान के माध्यम से की जा रही बातचीत के दौरान उन पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे ईरान स्वीकार नहीं कर रहा है। कुछ विश्लेषकों ने यह चिंता भी जताई है कि क्या पाकिस्तान वास्तव में निष्पक्ष है या वह चीन के एजेंडे का पालन कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने पाकिस्तान द्वारा आयोजित की जाने वाली बातचीत के अगले दौर में देरी की है या उसमें शामिल होने से संकोच किया है। हालांकि इन सवालों के बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने स्पष्ट किया है कि वे पाकिस्तान की कोशिशों के लिए आभारी हैं और उन्होंने बातचीत में शामिल होने से इन्कार नहीं किया है, लेकिन वे उन शर्तों पर बात करना चाहते हैं, जो उन्हें स्वीकार्य हों। वहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एचआर मैकमास्टर ने ईरान से जुड़ी कूटनीतिक कोशिशों में पाकिस्तान की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने पाकिस्तान को चीन का क्लाइंट बताते हुए उसकी मध्यस्थता पर संदेह जताया। एक विशेष इंटरव्यू में मैकमास्टर ने कहा कि पाकिस्तान को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का करीबी सहयोगी माना जाना चाहिए। उनका मानना है कि ऐसे में ईरान-अमेरिका वार्ता में उसकी भूमिका को निष्पक्ष नहीं माना जा सकता। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इस्लामाबाद में प्रस्तावित अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर को रद्द कर दिया। मैकमास्टर ने चीन की भूमिका पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि बीजिंग की दिलचस्पी ईरान में मौजूदा व्यवस्था को बनाए रखने में है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ईरान में इस्लामिक रिपब्लिक को सत्ता में बनाए रखने के लिए बेताब है। उनके अनुसार चीन का यह रुख क्षेत्रीय शक्ति संतुलन और अपने आर्थिक हितों से जुड़ा है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि पाकिस्तान की ओर से मध्यस्थता की पेशकश पूरी तरह निष्पक्ष नहीं हो सकती। इन वार्ताओं में मध्यस्थ बनने की पेशकश के पीछे कोई न कोई छिपा हुआ उद्देश्य हो सकता है। मैकमास्टर ने पाकिस्तान की सुरक्षा नीति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने अपने अनुभव को निराशाजनक बताया। उनके अनुसार पाकिस्तान अक्सर दोहरी नीति अपनाता है। एक तरफ वह आतंकवाद विरोधी सहयोग की बात करता है, वहीं दूसरी ओर विरोधी तत्वों को समर्थन देता है। मैकमास्टर ने कहा कि भारत द्वारा लंबे समय से उठाए जा रहे ये मुद्दे नए नहीं हैं। पाकिस्तान 1940 के दशक के अंत से ही आतंकवादी संगठनों को अपनी विदेश नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। उन्होंने चीन-ईरान संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजिंग की आर्थिक मदद तेहरान के लिए अहम है। चीन ईरान के तेल का करीब 90 प्रतिशत खरीदता है, जिससे वहां की सरकार को वित्तीय सहारा मिलता है। उनके मुताबिक इससे ईरान अपनी क्षेत्रीय गतिविधियों को जारी रखने में सक्षम रहता है। मैकमास्टर ने निष्कर्ष में कहा कि इन सभी कारकों को देखते हुए पाकिस्तान की कूटनीतिक भूमिका को चीन की व्यापक रणनीति से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जब पाल ने कांग्रेसी सांसदों से कहा, आप अपने नेता पर हंस रहे





**यशोदा श्रीवास्तव**

यूपी के राजनेताओं की बात करें तो एक हैं जगदंबिका पाल! यूं तो यह बहुआयामी व्यक्तित्व के मुख्तार हैं लेकिन यदि हम इनके सिर्फ राजनीतिक कद काठी को नापें तो यह सूबे के और नेताओं से बिल्कुल अलहदा हैं। इनके व्यक्तित्व और व्यवहार की खास बात यह है कि ए चाहे विधानसभा में रहें हों या अभी संसद में, इसके भीतर ही इनमें पक्ष और विपक्ष का अंतर दिखता है। इसके बाहर इनका हंसी ठठाका, बात व्यवहार सभी के साथ वे चाहे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के सब के साथ दोस्ताना ही होता है। निसंदेह यही वह कारण है जो इन्हें यूपी के राजनेताओं में सबसे अलग साबित करता है।

मूलत: बस्ती जिले के निवासी जगदंबिका पाल का राजनीतिक सफर बहुत लंबा है। उनका राजनीतिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी रहा है। स्वर्गीय संजय गांधी के निकट रहे हैं। यूपी में सेवा दल से लगायत युवक कांग्रेस और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष तक का इनका सफलतम कार्यकाल रहा है। यह विधानपरिषद में भी रहे और लंबे समय तक विधानसभा में भी रहे। मंत्री तो रहे ही, एक बार एक दिन के लिए मुख्यमंत्री का ताज भी इनके सिर पर रहा। इन्होंने स्वर्गीय कल्याण सिंह को अपदस्थ कर मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल की थी। जगदंबिका पाल इस वक्त सिद्धार्थनगर जिले की इकलौती डुमरियागंज संसदीय सीट से भाजपा के तीन बार से सांसद हैं। इसके पहले 2009 में वे यहां से कांग्रेस के टिकट पर भी सांसद चुने गए थे। अचानक मन बदला तो ए भाजपा में आ गए। खांटी कांग्रेसी नेता रहे राजनीति के इस बड़ी शख्सियत का भाजपा में आना उनके समर्थकों को अचंभित करने वाला था लेकिन चूंकि यह राजनीति है और यहां पद और प्रतिष्ठा ही सर्वोपरि है इसलिए हैरानी जैसी बात भी नहीं थी। उनके संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज के लोग उन्हें मंत्री के रूप में देखने को अभी भी तरस रहे हैं।

जगदंबिका पाल का कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने का मकसद हो सकता हो मंत्री पद की लालशा ही रही हो, लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हुई जबकि पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, ईमानदार छवि और पार्टी लाइन के अनुसार विपक्ष के प्रति उनकी मुखरता में कहीं से कोई कमी नहीं है। खैर ए भाजपा का अंदरूनी मामला है लेकिन जब दूसरे दलों से ढेर सारे नेता भाजपा में समाहित हो कर मंत्री, मुख्यमंत्री बन रहे हैं तो जगदंबिका पाल क्यों नहीं यह सवाल तो खटकता ही है। जगदंबिका पाल लोकसभा में स्पीकर पैनलिस्ट भी हैं। गाहे-बगाहे संसद सत्र में इन्हें लोकसभा में स्पीकर के आसन पर बैठने का मौका मिलता रहता है। इस पैनल में और भी सांसद हैं जिन्हें स्पीकर की भूमिका निभाने का मौका मिलता है लेकिन इस अस्थाई कुर्सी पर जब जगदंबिका पाल बैठते हैं तो सुर्खियों में क्यों होते हैं, यह उनके समर्थक और विरोधियों में चर्चा का विषय बन जाता है। वे जब भी स्वीकार के आसान पर होते हैं, संसद का संचालन निर्विवाद और निर्विघ्न होता है।

**जगदंबिका पाल का कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने का मकसद हो सकता हो मंत्राी पद की लालशा ही रही हो, लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हुई जबकि पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, ईमानदार छवि और पार्टी लाइन के अनुसार विपक्ष के प्रति उनकी मुखरता में कहीं से कोई कमी नहीं है। खैर यह भाजपा का अंदरूनी मामला है लेकिन जब दूसरे दलों से ढेर सारे नेता भाजपा में समाहित हो कर मंत्री, मुख्यमंत्री बन रहे हैं तो जगदंबिका पाल क्यों नहीं यह सवाल तो खटकता ही है। जगदंबिका पाल लोकसभा में स्पीकर पैनलिस्ट भी हैं। गाहे-बगाहे संसद सत्र में इन्हें लोकसभा में स्पीकर के आसन पर बैठने का मौका मिलता रहता है। इस पैनल में और भी सांसद हैं जिन्हें स्पीकर की भूमिका निभाने का मौका मिलता है लेकिन इस अस्थाई कुर्सी पर जब जगदंबिका पाल बैठते हैं तो सुर्खियों में क्यों होते हैं, यह उनके समर्थक और विरोधियों में चर्चा का विषय बन जाता है।**

यानि कि इस कुर्सी पर बैठ कर भी वे अपनी खास छवि उकेरने में कामयाब होते हैं। तभी तो वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह उन्हें शाबाशी बाशी देते हुए कहते हैं कि स्पीकर आपको ही होना चाहिए। संसद सत्र के दौरान जब हो हल्ला होता है, विपक्ष आपा खो बैठता है, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की चीखते चिल्लाते भाषणों के बीच कांग्रेस सांसद मुस्कुरा रहे होते हैं तब स्पीकर की कुर्सी पर बैठे जगदंबिका पाल का कांग्रेसी सांसदों की ओर हाथ दिखा कर यह कहना कि आप अपने नेता पर हंस रहे हैं? सोचिए यह विपक्षी सांसदों पर कितना झन्नाटेदार तमाचा है। पाल के बड़ी शालीनता से इतना कहने भर से खिसियाए कांग्रेसी सांसदों का चेहरा देखने लायक होता है। दरअसल जगदंबिका पाल के राजनीतिक व्यक्तित्व को देखें तो ऐसे एक नहीं अनेकों उदाहरण मिलेंगे जो उन्हें यूपी के राजनेताओं में सबसे अलग साबित करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवासी भारतीय जर्मनी और भारत के बीच मजबूत सेतु: राजनाथ

**बर्लिन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी में रहने वाले करीब तीन लाख भारतीय प्रवासियों को दोनों देशों के बीच सबसे मजबूत सेतु बताते हुए कहा है कि उन्होंने व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए भारत-जर्मनी साझेदारी को और मजबूत बनाने में अपना योगदान जारी रखने का आग्रह किया। तीन दिन की यात्रा पर यहां आए सिंह ने पहले दिन भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संवाद किया।

### गुटेरेस ने युद्धविराम बढ़ाने का स्वागत किया

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार को अमेरिका द्वारा युद्धविराम बढ़ाने का स्वागत किया और इसे 'अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने और कूटनीति तथा भरोसा बनाने की दिशा में एक जरूरी कदम' बताया। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने यह जानक. ारी दी है। दुजारिक ने एक बयान में कहा कि हम सभी पक्षों को इस प्रक्रिया को बनाए रखने, ऐसे कामों से बचने का आग्रह करते हैं जो युद्धविराम को कमजोर कर सकते हैं। हम बातचीत में सुधारवादी तरीके से शामिल होने का आग्रह करते हैं।

### नेपाल: निष्पक्ष जांच के लिए गृह मंत्री सुधन गुरंग ने दिया इस्तीफा

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुधन गुरंग ने बुधवार को निवेश से जुड़े विषयों को लेकर उपजे विवादों के बीच अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह विवाद पिछले कुछ समय से छाया हुआ था। गुरंग ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए स्पष्ट किया कि वे नहीं चाहते कि पद पर बने रहने से जांच प्रक्रिया प्रभावित हो। उन्होंने अपने बयान में कहा कि मुझसे संबंधित विषयों पर निष्पक्ष जांच हो और पद पर रहते हुए 'हितों का टकराव' न दिखे, इसी उद्देश्य से मैंने आज से ही प्रभावी होने वाला अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

### ब्रिटेन: 2008 के बाद जन्मे लोग तंबाकू नहीं खरीद पाएंगे

**लंदन।** ब्रिटेन ने धूम्रपान को रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है। अब वहां नई पीढ़ी के लोगों के लिए सिगरेट खरीदना हमेशा के लिए बंद करने की तैयारी हो गई है। सरकार ने 'टोबैको एंड वेप्स बिल' पास कर दिया है। इसके तहत 2008 के बाद पैदा हुए लोग जिंदगी भर तंबाकू से जुड़ी चीजें नहीं खरीद पाएंगे। संसद से बिल पास हो चुका है और अब सिर्फ किंग चार्ल्स ्प्प की औपचारिक मंजूरी बाकी है, जिसके बाद यह कानून बन जाएगा। यह पूरे ब्रिटेन यानी इंग्लैंड, स्काटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में लागू होगा। सरकार ने यह बिल 2024 में पेश किया था और इसे अपनी बड़ी प्राथमिकताओं में रखा था। नए नियम के अनुसार, 1 जनवरी 2027 से यह कानून लागू होगा।

# युद्धक्षेत्र में अमेरिका को चौंकाने वाली घटनाएं पैदा करेंगे: आईआरजीसी

**कहा: अपने विरोधियों की अपेक्षाओं और आकलनों से पूरे जाकर कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं**



**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि वह किसी भी संभावित युद्धक्षेत्र में अमे. रिका और इजरायल सहित अपने विरोधियों की 'अपेक्षाओं और आकलनों से परे' जाकर कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

स्थापना दिवस के अवसर पर जारी बयान में आईआरजीसी ने अपनी विभिन्न शाखाओं और बसीज स्वयंसेवी बल के साथ मिलकर कहा कि वह उन्नत क्षमताओं और नई रणनीतिक विकल्पों के जरिए 'अप्रत्याशित घटनाक्रम' उत्पन्न करने में सक्षम है। बयान में कहा गया कि हम युद्धप्रिय और विश्वासघाती दुश्मन की समझ और गणना से कहीं आगे जाकर उपलब्धियां हासिल करने और चौंकाने वाली घटनाएं पैदा करने के लिए तैयार हैं। आईआरजीसी ने कहा कि वह उच्चतम स्तर की परिचालन तैयारियों में है और किसी भी खतरे या नए आक्रमण का तेज और निर्णायक जवाब देने के लिए तैयार है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सैन्य टकराव का नया दौर शुरू होता है, तो वह क्षेत्र में दुश्मन की शेष सैन्य संपत्तियों पर 'कल्पना से परे करारा प्रहार' करेगा। बयान में 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किए गए कथित युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा गया कि ईरान ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत जवाबी कार्रवाई में सैकड़ों बैलिस्टिक और हाइपरसोनिक मिसाइलों तथा ड्रोन का इस्तेमाल किया। आईआरजीसी ने दावा किया कि हालिया घटनाक्रम विरोधी शक्तियों की सैन्य प्रतिष्ठा में गिरावट को दर्शाते हैं और पश्चिम एशिया में एक नए क्षेत्रीय संतुलन की ओर संकेत करते हैं, जो बाहरी हस्तक्षेप के बिना स्थिरता और सुरक्षा स्थापित करेगा।

## जर्मनी होर्मुज स्ट्रेट में तीन जहाज तैनात करने की बना रहा योजना

**बर्लिन।** जर्मनी होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों को सुरक्षित करने के वास्ते अंतर्राष्ट्रीय मिशन में भाग लेने के लिए तीन जहाज तैनात करने की योजना बना रहा है। 'डेर स्पीगल' मैगजीन ने जर्मन राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सदस्यों का हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मैगजीन ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की अध्यक्षता में परिषद की बैठक हुई, जिसमें पश्चिम एशिया की स्थिति सहित कई महत्वपूर्ण राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि परिषद इस मिशन में भाग लेने के लिए दो माइनस्वीपर (बारूदी सुरंग हटाने वाले जहाज) और एक आपूर्ति जहाज तैनात करने की इजाजत दे सकती हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में बताया गया है कि जर्मनी ने 'एस्पाइड्स' मिशन के हिस्से के रूप में वर्तमान में जिबूती में तैनात एक छोटे टोही विमान को भी तैनात करने का प्रस्ताव दिया है।




जम्मू। पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर प्रार्थना व श्रद्धांजलि अर्पित करती छात्राएं।

## फ्रांस इजरायल के साथ बातचीत में लेबनान की मदद करेगा: मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि फ्रांस लेबनान को इजरायल के साथ बातचीत की तैयारियां करने में मदद करेगा। मैक्रों मंगलवार को लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम लेबनानी सरकार को इन वार्ताओं की तैयारी करने और पूर्ण संप्रभुता बहाल करने के लिए आवश्यक योजना बनाने में, जहां तक संभव हो सकेगा, सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि फ्रांस आने वाले दिनों में लेबनान को लगभग 10 टन सहायता सामग्री भी भेजेगा, जिससे फ्रांस की ओर से द्वारा दान की गई कुल मानवीय सहायता की मात्रा बढ़कर 70 टन हो जाएगी।

# ईरानी सेना की ताकत अब भी मजबूत

**पेंटागन रिपोर्ट में खुलासा, ट्रम्प-हेगसेथ के दावों पर उठे सवाल**



ईरान के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान मारा गया मोसाद एजेंट मिस्ट मेम

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की खुफिया शाखा की एक नई रिपोर्ट ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हलचल मचा दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान की सैन्य क्षमता अभी भी मुख्य रूप से मजबूत बनी हुई है, जिससे अमेरिकी नेतृत्व के हालिया बयानों पर सवाल खड़े हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रम्प और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पहले दावा किया था कि हालिया संघर्षों के बाद ईरान की सेना को भारी नुकसान हुआ है और उसकी ताकत काफी कमजोर हो चुकी है। लेकिन पेंटागन की खुफिया रिपोर्ट इन दावों से पूरी तरह असहमत नजर आ रही है। बीते दिनों दोनों देशों के बीच इस्लामाबाद में हुई 21 घंटे की लंबी बातचीत के बाद एक दीर्घकालिक समझौते को सुरक्षित करने का पिछला प्रयास बिना किसी सफलता के समाप्त हो गया था, जिससे तनाव और बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान की सैन्य शक्ति अभी भी पश्चिम एशिया में एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली स्थिति बनाए हुए है। उसके सैन्य ढांचे को पूरी तरह कमजोर नहीं किया जा सका है। वहींइजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के एक एजेंट को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने ईरान के खिलाफ इजरायल के हालिया अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह जानकारी मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने मंगलवार को दी। इजरायली एजेंट की मई 2023 में इटली में एक नाव हादसे में मौत हो गई थी। यह एजेंट केवल उनके नाम के पहले हिब्रू अक्षर मेम से पहचाने जाते हैं। उनकी मौत इटली की मैगी गोर झील में नाव पलटने से हुई थी, जिसमें कुल चार लोगों की जान गई थी। उस समय इटली की मीडिया रिपोर्ट्स में उनकी पहचान 50 वर्षीय एरेज शिमोनी के रूप में की गई थी, जिसे एक उपनाम माना जाता है। उनकी असली पहचान आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई, हालांकि इजरायल की आधिकारिक स्मारक वेबसाइटों पर उपलब्ध बताई जाती है। मोसाद मुख्यालय में आयोजित मेमोरियल डे समारोह में डेविड बार्निया ने कहा कि आज के दिन मैं उन शहीद मोसाद कर्मियों को याद करता हूं, जिन्होंने वर्षों तक इजरायल की सुरक्षा में योगदान दिया और देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन रोअरिंग लायन के दौरान मेरे विचार और मेरा हृदय मेम के व्यक्तित्व और उनके कार्यों को लेकर गर्व से भर गया था। वह इजरायल के बाहर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए। बार्निया ने आगे कहा, मेम के नेतृत्व में चलाया गया अभियान रचनात्मकता, चतुराई और अत्याधुनिक तकनीक का मिश्रण था, जिसने ईरान के खिलाफ अभियान की सफलता पर महत्वपूर्ण असर डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वही अभियान था, जिसने हालिया इजरायल-ईरान युद्ध के दौरान इजरायल की सफलता में योगदान दिया। इटली की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस नाव पर हादसा हुआ, उस पर खुफिया एजेंटों की एक कार्य बैठक चल रही थी। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि नाव पर सवार 23 लोगों में से 19 मौजूदा या पूर्व इजरायली और इतालवी खुफिया एजेंट थे। इटली की सुरक्षा सेवा ने बताया था कि हादसे में मारे गए दो अन्य लोग 62 वर्षीय एक पुरुष और 53 वर्षीय एक महिला उसके कर्मचारी थे। मेम का शव बाद में इजरायल लाया गया, जहां अश्केलोन सैन्य कब्रिस्तान में पूरे सम्मान के साथ दफनाया गया। उनके अंतिम संस्कार में मोसाद के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें डेविड बार्निया भी शामिल थे, मौजूद रहे।

## होर्मुज में सुरक्षित नौवहन के लिए 30 देशों के प्रतिनिधियों की बैठक

**बैठक का उद्देश्य होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए सैन्य योजनाओं को अंतिम रूप देना**

**लंदन।** ब्रिटेन और फ्रांस बुधवार को लंदन में 30 से अधिक देशों के सैन्य योजनाकारों की मेजबानी करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए सैन्य योजनाओं को अंतिम रूप देना है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के अनुसार, नॉर्थवुड स्थित 'परमानेंट जॉइंट हेडक्वार्टर' में होने वाले इस दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न देशों की सैन्य क्षमताओं, कमान संरचना और क्षेत्र में सेनाओं की तैनाती पर चर्चा की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि एक स्थाई युद्धविराम समझौता होने और स्थितियां अनुकूल होते ही इन सैन्य योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। यह बातचीत इस रणनीतिक समुद्री मार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने के लिए लंदन और पेरिस के नेतृत्व में बनाए जा रहे एक बहुराष्ट्रीय गठबंधन की दिशा में नया कदम है। ब्रिटेन के रक्षा सचिव जॉन हीली ने कहा कि आज और कल का कार्य राजनयिक सहमति को एक संयुक्त सैन्य योजना में बदलना है ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही सुरक्षित हो सके। हीली ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता नौवहन की स्वतंत्रता पर निर्भर करती है।

# थाईलैंड में भारतीय टूरिस्ट पर नस्लभेदी कमेंट

**रेस्टोरेंट स्टाफ बोली: इंडिया वेरी बैड, पुलिस बुलाने पर मैनेजर ने माफी मांगी**

**बैंकाक।** थाईलैंड के आओ नांग शहर में एक भारतीय टूरिस्ट और ट्रैवल व्लागर सूमो को नस्लभेदी कमेंट का सामना करना पड़ा। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक रेस्टोरेंट की महिला स्टाफ उनसे 'इंडिया वेरी बैड' कहते नजर आ रही है। व्लागर के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब वह नाश्ता करने गए थे। बिल में हल्की गड़बड़ी हुई, जिसके बाद अनुवाद के लिए महिला को बुलाया गया। जैसे ही उन्होंने अपनी राष्ट्रीयता भारत बताई, माहौल बदल गया और उन पर आरोप लगाए गए कि भारतीय पैसे नहीं देना चाहते।

इसके बाद भारतीय टूरिस्ट ने पुलिस बुलाई। पुलिस के आने पर रेस्टोरेंट के मैनेजर ने माफी मांगी। ट्रैवल व्लागर सूमो ने जो वीडियो पोस्ट किया है, उसमें महिला स्टाफ उससे बदतमीजी करती नजर आ रही है। व्लागर सूमो ने बताया कि विवाद पैसे को लेकर नहीं था, क्योंकि रकम सिर्फ 120 थाई बात यानी करीब 349 रुपये थी। व्लागर ने वीडियो में कहा कि यह पहली बार था जब उन्हें थाईलैंड में ऐसे व्यवहार का सामना करना पड़ा। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद व्लागर ने संदर्भ देने के लिए एक और वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि कई लोग मान लेते हैं कि ऐसी स्थिति में गलती टूरिस्ट की ही होती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं था। व्लागर ने बताया कि उन्हें बहस करने के बजाय टूरिस्ट पुलिस को बुलाना बेहतर लगा। पुलिस ने उनकी बात समझी और रेस्टोरेंट के मैनेजर ने उनसे माफी मांगी। इस घटना पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय को लेकर एक जैसी सोच बनाना गलत है। भारत में भी लोगों के मन में कुछ गलत धारणाएं होती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ऐसी सोच सही है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों ने व्लागर का समर्थन किया। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। वहीं कुछ यूजर्स ने सवाल उठाए कि इसके पीछे पूरी कहानी क्या है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए व्लागर ने कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा निराशा इस बात से हुई कि कुछ भारतीय ही कमेंट में अपने लोगों के खिलाफ बोल रहे थे। उन्होंने लोगों से अपील की कि जहां भी नस्लभेद दिखे, उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

# ईरान को प्रतिदिन 50 करोड़ डॉलर का नुकसान: ट्रम्प

**अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा: इसलिए ईरान हॉर्मुज स्ट्रेट को बंद करना नहीं चाहता**



कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया था और बताया था कि ईरान हॉर्मुज को तुरंत खोलना चाहता है: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरान हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना नहीं चाहता, क्योंकि इसके बंद होने से उन्हें प्रतिदिन 50 करोड़ अमे. रिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि वे (ईरान) इसे खुला रखना चाहते हैं ताकि वे प्रतिदिन 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर कमा सकें। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान कह रहा है कि वे इसे बंद करना चाहते हैं, क्योंकि वे 'अपनी प्रतिष्ठा बचाना' चाहते हैं, जबकि अमेरिका ने इसकी पूरी तरह से घेराबंदी कर रखी है। उन्होंने कहा कि चार दिन पहले कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया था और बताया था कि ईरान इस जलडमरूमध्य को तुरंत खोलना चाहता है। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि लेकिन अगर हम ऐसा करते हैं, तो ईरान के साथ कभी कोई समझौता नहीं हो सकता, जब तक कि हम उनका बाकी देश और उनके नेताओं को भी उड़ा न कर दें। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं और अमेरिकी संचार माध्यमों, विशेष रूप से वॉल स्ट्रीट जर्नल और न्यूयॉर्क टाइम्स पर अपना हमला जारी रखते हुए ट्रम्प ने कहा कि उन्हें 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' को 'नीचा दिखाने' या उसकी आलोचना करने की अनुमति कभी नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने परमाणु स्थलों को इस सीमा तक पूरी तरह से नष्ट कर दिया है कि 'रक्तपिपासु ईरान' उन तक पहुंचने या उन्हें खोदकर निकालने में असमर्थ रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी अंतरिक्ष बल के पास पिछले जून में हमला किए गए तीनों स्थलों के हर इंच पर कैमरों की निगरानी है। 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' 22 जून, 2025 को ईरान के महत्वपूर्ण परमाणु केंद्रों के विरुद्ध किए गए अमे. रिकी सैन्य हमलों का गुप्त नाम है। इन हमलों का मुख्य केंद्र तीन प्राथमिक परमाणु बुनियादी ढांचा स्थल फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र, नतंज परमाणु केंद्र और इस्फहान परमाणु प्रौद्योगिकी केंद्र थे। इस अभियान में अमेरिकी वायु और नौसेना शक्ति का विशाल प्रदर्शन देखा गया, जिसमें 7 बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक शामिल थे, जिन्होंने सीधे अमे. रिका से 18 घंटे का मिशन संचालित किया। इसमें पहली बार युद्ध में उपयोग किए गए 30,000 पाउंड के 'बंकर बस्टर' बम, एक अमेरिकी पनडुब्बी से दागी गई 30 टॉमहॉक मिसाइलें और ईरानी हवाई सुरक्षा को ध्वस्त करने के लिए एफ-35 और एफ-22 स्टील्थ लड़ाकू विमानों सहित 125 से अधिक विमान शामिल थे।

## जर्मनी को रक्षा उत्पादन क्षेत्र में सहयोग के लिए किया आमंत्रित

**राजनाथ ने रक्षा प्रौद्योगिकी और साजो-सामान के संयुक्त विकास और निर्माण के महत्व पर बल दिया**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत और जर्मनी के बीच रक्षा प्रौद्योगिकी और साजो-सामान के संयुक्त विकास और निर्माण के महत्व पर बल दिया है। जर्मनी की तीन दिन की यात्रा पर गए सिंह ने कहा कि उनकी सरकार का 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान सह-निर्माण, सह-विकास और सह-नवाचार का निमंत्रण है। म्यूनिख होकर बर्लिन पहुंचे रक्षा मंत्री ने मंगलवार को जर्मनी के सांसदों को संबोधित करते हुए दोनों देशों के रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने की पुरजोर वकालत की। यात्रा के पहले दिन उन्होंने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी जर्मनी की संसद की स्थाई समिति को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया नए सुरक्षा खतरों का सामना कर रही है और तकनीकी परिवर्तन ने स्थिति को अत्यधिक जटिल बना दिया है।

## ट्रम्प ने की फांसी की सजा का सामना कर रही आठ ईरानी महिलाओं की रिहाई की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जनवरी 2026 के विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए ईरान में मृत्युदंड की सजा का सामना कर रही आठ महिलाओं को रिहा करने का आह्वान किया है और कहा है कि उनकी रिहाई शांति वार्ताओं की एक 'शानदार शुरुआत' होगी। ट्रम्प की यह अपील ईरान के साथ एकतरफा युद्धविराम के विस्तार की घोषणा करने से एक दिन पहले आई है।

# नेपाल में पीएम बालेन शाह के खिलाफ प्रदर्शन तेज

**टैक्स बढ़ाने और छात्र संघ पर बैन से नाराजगी, राजनीतिक दल और आम लोग सड़कों पर उतरे**

**काठमांडू।** नेपाल में नई सरकार बनने के कुछ ही हफ्तों के भीतर उसके खिलाफ विरोध तेज हो गया है। काठमांडू समेत कई शहरों में छात्र, राजनीतिक दल और आम लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

सरकार के कुछ फैसलों और विवादों ने मिलकर इस असंतोष को बढ़ा दिया है। सबसे बड़ा मुद्दा भारत से आने वाले सामान पर कस्टम डयूटी का है। सरकार ने 100 रुपये से ज्यादा कीमत वाले सामान पर अनिवार्य शुल्क लगा दिया है। सीमावर्ती इलाकों के लोगों का कहना है कि इससे उनकी रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित होंगी, क्योंकि वे लंबे समय से सीमा पार खरीदारी पर निर्भर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यह फैसला आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालता है। दूसरा बड़ा विवाद छात्र संगठनों को लेकर है। सरकार के सख्त रुख से छात्रों में नाराजगी बढ़ गई है। छात्र नेताओं का कहना है कि सरकार बातचीत करने के बजाय दबाव और रोक लगाने की नीति अपना रही है। देशभर में हजारों छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। कई जगह छात्र स्कूल यूनिफार्म में सड़कों पर उतरे, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि आंदोलन तेजी से फैल रहा है। इसके अलावा गृह मंत्री सुदन गुरंग पर लगे आरोपों ने भी सरकार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

## जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने 20 हजार फ्लाइट रद्द की

**म्यूनिख।** जर्मनी की एयरलाइन लुफ्थांसा ने मई से अक्टूबर तक 20 हजार शार्ट-हाल फ्लाइट्स रद्द करने का फैसला लिया है। ईरान जंग के कारण यूरोप में जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। कंपनी के मुताबिक इससे करीब 40 हजार टन जेट फ्यूल की बचत होगी। कंपनी ने सोमवार से रोजाना करीब 120 उड़ानें घटाई हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद रहने से तेल सप्लाई प्रभावित हुई और यूरोप में जेट फ्यूल सप्लाई की चिंता बढ़ी है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने चेतावनी दी है कि यूरोप के पास केवल 6 हफ्तों का जेट फ्यूल बचा है। जर्मन एयरलाइंस लुफ्थांसा ने गर्मियों के मौसम के अंत तक घाटे वाले रूट्स बंद करने का फैसला लिया है। लुफ्थांसा ने मंगलवार को कहा कि वह अपने छोटे रूट के नेटवर्क में बदलाव करके गर्मियों का फ्लाइट शेडयूल स्थिर रखेगी। कंपनी अप्रैल के आखिर या मई की शुरुआत में पूरी योजना जारी करेगी। कंपनी ने अपने नेटवर्क में बड़े बदलाव किए हैं। फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख से घाटे वाले रूट बंद किए जा रहे हैं, जबकि ज्यूरिख, ब्रसेल्स और वियना से उड़ानें बढ़ाई जाएंगी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)